सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 21 न्यू | 30 अधि |
| धर्मशाला | 29.5 न्यू | 41 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,691 |
| निफ्टी | 24,888 |
| सोना | 97,455 |
| चांदी | 1,05,498 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



अगले साल से सेब पेटियों की होगी वैज्ञानिक गणना: नेगी

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 13 जून 2025 | 31 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 165, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# उड़ान भरते ही एयर इंडिया का विमान क्रैश

## अहमदाबाद से 242 लोगों को लेकर लंदन जा रहा था प्लेन, सिर्फ एक बचा जिंदा; टाटा ग्रुप ने दिया 1-1 करोड़ का मुआवजा

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से वीरवार दोपहर उड़ान भरते ही एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन रिहायशी एरिया मेघाणी नगर में डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हो गया। विमान में 12 क्रू मेंबर्स व 230 यात्रियों समेत कुल 242 लोग सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई है, जबकि भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार चमत्कारी रूप से बच गए हैं।

टाटा ग्रुप ने मृतकों के आश्रितों को एक-एक करोड़ के मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अहमदाबाद के असरवा सिविल अस्पताल पहुंचे व हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

**प्लेन में 169 भारतीय 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई यात्री था सवार**

### ड्रीमलाइनर बना डेथलाइनर



### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

**विमान** क्रैश की दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत दुखी हूं। यह एक हृदयविदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।' वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, अहमदाबाद में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने हमें एक विनाशकारी मानवीय त्रासदी का सामना करने पर मजबूर कर दिया है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं।' उधर, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।' वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात सीएम और अहमदाबाद के कमिश्नर से फोन पर बात की है और उनसे हालात के बारे में जानकारी ली। गृह मंत्री ने हरसंभव मदद की बात कही। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित कई लोगों ने भी इस हादसे पर दुख जताया है।

### प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने व्यक्त की गहरी संवेदना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया के यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने गहरा दुख प्रकट किया है। प्रो. धूमल ने कहा कि एयर इंडिया के विमान की दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। इस दुखद हादसे में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी की भी मौत



**विमान** हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मौत हो गई। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने एक्स पर यह जानकारी दी। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक हादसे में पूर्व सीएम नहीं बच पाए हैं।

### कई मेडिकल छात्रों की भी गई जान

**न्यूज** एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, यह विमान सरकारी बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के डाइनिंग एरिया पर गिरा, जिसमें अंदर मौजूद कई मेडिकल छात्रों की जान चली गई। विभिन्न चैनलों ने जो वीडियो दिखाया है, उसमें विमान का एक हिस्सा इमारत के ऊपर अटका हुआ नजर आया। जब विमान यहां गिरा, तो उस समय काफी छात्र यहां मौजूद थे।

### एएआईबी करेगा दुर्घटना की जांच

**विमान** दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच करेगा। दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। अधिकारी ने कहा कि एएआईबी के महानिदेशक और एजेंसी में जांच निदेशक सहित अन्य लोग अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### गाजियाबाद से आएगी वीरभद्र सिंह की प्रतिमा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के रिज मैदान पर लगने जा रही पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा को गाजियाबाद में बनवाया गया है। इसे दिवंगत वीरभद्र सिंह की जन्मतिथि के उपलक्ष्य पर 23 जून को रिज मैदान पर लगाया जा रहा है। पहले इसका खर्च खुद राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन ने उठाने की बात की थी, मगर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे सरकारी खर्च पर लगाने के निर्देश दिए, तो अब इसे राज्य लोक निर्माण विभाग की ओर से लगवाया जा रहा है।

### ईडी के सामने पेश हुए एक्टर डिनो मोरिया



**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई में एक्टर डिनो मोरिया वीरवार को मीठी नदी सफाई घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। पिछले हफ्ते ईडी अफसरों ने डिनो के आवास और अन्य ठिकानों की तलाशी ली थी। इससे पहले एक्टर 26 मई को अपने भाई के साथ आर्थिक अपराध शाखा कार्यालय में पेश हुए थे। ईओडब्ल्यू ने डिनो के खिलाफ धोखाधड़ी, अनुबंधों को प्रभावित करने और ठेकेदार गुटबाजी करने का आरोप लगाया गया था। इससे बीएमसी को लगभग 65 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। (अनंत ज्ञान)

### पटना में स्कॉर्पियो ने तीन पुलिसकर्मियों को रौंदा

**एजेंसी, पटना।** बिहार की राजधानी पटना में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने वाहन जांच कर रहे तीन पुलिसकर्मियों को रौंद दिया। इसमें एक महिला सिपाही की मौत हो गई, वहीं एक दरोगा और एएसआई की हालत गंभीर है। घटना एसकेपुरी थाना क्षेत्र स्थित अटल पथ पर हुई। इस हादसे के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पटना एसएसपी आसपास के थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने महिला सिपाही को मृत घोषित कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पीएम मोदी ने 11 साल में देश को दी नई दशा-दिशा : सत्ती -पेज 2
- आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ी लाखों की शराब -पेज 3
- जिले में ड्रोन के संचालन को पंजीकरण करवाना अनिवार्य -पेज 5
- चंबा जिले के सबसे बड़े अस्पताल में दर्द निवारक इंजेक्शन ही नहीं -पेज 7
- दिल्ली-लेह बस में सैलानियों का सुहाना सफर शुरू -पेज 11

# एनएचएआई ने अधूरे शिमला-मटौर फोरलेन पर शुरू कर दी टोल वसूली

## घट्टा में स्थापित टोल प्लाजा शुरू होने से महंगा हुआ सफर

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने निर्माणाधीन फोरलेन शिमला-मटौर पर 12 जून से टोल टैक्स लेना शुरू कर दिया है। तकीपुर और रानीताल के बीच घट्टा में टोल प्लाजा बनाया है। टोल शुरू होने के बाद इस फोरलेन पर सफर महंगा हो गया है। इसका असर स्थानीय लोगों के साथ-साथ कांगड़ा-धर्मशाला के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पहुंचने वाले टूरिस्ट पर भी पड़ेगा। हिमाचल से पंजाब के होशियारपुर व जालंधर आने-जाने वाले वाहनों को भी टोल शुल्क भरना होगा। बिना फास्ट-टैग वाले वाहनों को डबल चार्ज देना होगा। बता दें कि अभी इस फोरलेन का 17 किलोमीटर हिस्सा बन रहा है। ऐसे में अधूरे फोरलेन पर टोल वसूलने के एनएचएआई के फैसले पर सवाल उठना भी शुरू हो गए हैं।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सभी प्रकार के वाहनों के लिए टोल की दरें भी निर्धारित कर दी हैं। टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले वाहन मालिकों को मासिक 350 रुपए में पास की सुविधा दी जाएगी। सभी वाहनों के लिए फास्ट टैग अनिवार्य है। बिना फास्ट टैग वाले वाहनों से दोगुना शुल्क लिया जाएगा।



घट्टा में टोल प्लाजा पर टोल कटवाने के लिए लाइनों में लगे वाहन।

**किस वाहन पर कितना टोल लगेगा**

| वाहन | एक साइड | दोनों साइड | मासिक पास |
|---|---|---|---|
| जीप, वैन, लाइट मोटर व्हीकल | ₹25 | ₹35 | ₹790 |
| लाइट कमर्शियल व्हीकल | ₹40 | ₹55 | ₹1275 |
| बस और ट्रक (टू-एक्सेल) | 80 | 120 | 2675 |
| तीन एक्सेल कमर्शियल व्हीकल | 90 | 130 | 2920 |
| भारी मशीनरी, मल्टी एक्सेल | 125 | 190 | 4195 |
| ओवर साइज व्हीकल | 155 | 230 | 5110 |

### लोगों ने टोल प्लाजा का किया था विरोध

**बता** दें कि यहां पर टोल प्लाजा खोलने का घट्टा गांव के लोगों ने काफी विरोध किया था। लोग एनएच अथॉरिटी व सरकार के खिलाफ मुखर हो गए थे। उस समय कुछ राजनीतिक दलों ने भी सरकार को घेरा था। इस संदर्भ में एनएचएआई के अधिकारी ब्रज कांत से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने इस पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

# सुक्खू सरकार ने बदले 11 आईएएस-एचएएस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की सुक्खू सरकार ने वीरवार को प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा बदलाव किया है, जिसमें 11 आईएएस और एचएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसके अतिरिक्त दो अधिकारियों को महत्वपूर्ण अतिरिक्त प्रभार भी सौंपे गए हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी किए हैं। एसडीएम जवाली आईएएस गुरसिमर सिंह को एडीसी कम प्रोजेक्ट डायरेक्टर मंडी बनाया गया है। मंडी के वर्तमान एडीसी कम प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोहित राठौर को अब नगर निगम मंडी का कमिश्नर नियुक्त किया गया है। कांगड़ा के आरटीओ नरेंद्र सिंह को अब एसडीएम जवाली की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 2024 बैच के एचएएस अधिकारियों को पहली पोस्टिंग मिली है। इनमें हिमानी को एसिस्टेंट कमिशनर (डेवलपमेंट) कम बीडीओ छोहारा बनाया गया है और अनुभव तनवर को एसिस्टेंट कमिशनर (डेवलपमेंट) कम बीडीओ चंबा की जिम्मेदारी मिली है। कार्तिकेय डोगरा को एसिस्टेंट कमिशनर (डेवलपमेंट) कम बीडीओ ननखड़ी शिमला में तैनात किया गया है।

कर्णवीर सिंह को एसिस्टेंट कमिशनर (डेवलपमेंट) कम बीडीओ कुपवी शिमला की कमान सौंपी गई है। नेहा नेगी को एसिस्टेंट कमिशनर (डेवलपमेंट) कम बीडीओ संगड़ाह सिरमौर में नियुक्त किया गया है। योगेश कुमार को एसिस्टेंट कमिशनर (डेवलपमेंट) कम बीडीओ पांगी चंबा का कार्यभार मिला है। तबादलों के साथ-साथ दो अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। डिप्टी सेक्रेटरी, राज्य चयन आयोग राजीव ठाकुर को अब एसी टू डीसी हमीरपुर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वहीं, तहसीलदार गोहर को एसडीएम चच्योट गोहर मंडी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।





# सीएम बोले-जल्द घोषित करेंगे आलू का एमएसपी



राज्य स्तरीय बहुहितधारक परामर्श सम्मेलन को संबोधित करते सीएम सुक्खू।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने घोषणा की है कि राज्य सरकार शीघ्र ही आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के समर्थन मूल्य में भी निरंतर बढ़ोतरी की जाएगी।

सीएम राज्य रिवाइटलाइजिंग रेनफेड एग्रीकल्चर नेटवर्क द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बहुहितधारक परामर्श सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ऊना जिले में लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से एक आलू प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

**ऊना में 20 करोड़ रुपए से स्थापित किया जाएगा आलू प्रसंस्करण संयंत्र**

### कहा-मृदा संरक्षण पर दिया जा रहा जोर

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने और कृषि को बचाने के लिए हरित ऊर्जा और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने पारंपरिक बीज प्रणालियों के उपयोग, जल सुरक्षा और मृदा संरक्षण पर भी जोर दिया।

### प्राकृतिक खेती पर पुस्तक का विमोचन

**मुख्यमंत्री** ने प्राकृतिक खेती के अनुभवों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया और प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों की सराहना की।



## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के काटे चालान

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर में वीरवार को नगर परिषद नादौन की टीम ने अतिक्रमण करने व सिंगल प्लास्टिक यूज करने पर 8 दुकानदारों के चालान काटे। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा के नेतृत्व में क्लर्क कुलदीप कुमार, निशांत शर्मा, जेई अंशुल सहोत्रा, सफाई प्रभारी सोनू कुमार सहित नगर परिषद की टीम विभिन्न बाजारों में शिकंजा कसते हुए 7 दुकानदारों के अतिक्रमण के और एक चालान सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करने पर ान काटा गया और मौका पर 4500 रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

### जंदरू स्कूल में 10 दिवसीय योग शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जन्दरू में 12 जून से 10 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। योग शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान बंदना कुमारी और प्रीता देवी और प्रवक्ता अर्थशास्त्र स्नेह लता व अन्य स्टाफ सदस्यों के सहयोग से किया गया। यह शिविर स्कूल के डीपीई शशि कुमार द्वारा लिया जा रहा है। इसमें बच्चों को योग के साथ जोड़ने और अपनी दिनचर्या में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आज व्यायामों व सूक्ष्म व्यायामों के बारे में बताते हुए बच्चों से शारीरिक रूप से अभ्यास करवाया गया, साथ ही स्थानीय लोगों को भी इस योग शिविर में भाग लेने का आग्रह किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान ने स्कूल प्रशासन व सभी बच्चों को योग शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की बात कही और शुभकामनाएं दीं। इस उपलक्ष पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य रंजीत चोपड़ा व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहा।

### ब्लॉक अध्यक्ष की अगुवाई में मरीजों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह के कार्यकाल का पहला वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस के निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सिविल अस्पताल में मरीजों को फल बांटे व लोगों में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। वर्मा ने कहा कि विधायक के कार्यकाल का पहला साल विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिहाज से बेमिसाल रहा है। पत्रकारों से बातचीत में राजिंद्र वर्मा ने कहा कि विधायक की सक्रियता, विकासवादी सोच, सकुशल नेतृत्व व ईमानदारी आगामी समय में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी । उन्होंने कहा कि समूचे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी किसी भी अस्पताल में चिकित्सकों व स्टाफ की कमी नहीं है। इसके अलावा कई सड़कों का निर्माण आधुनिक तरीके से धड़ाधड़ चला है तो कुछ पेयजल परियोजनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सुजानपुर कस्बे की खूबसूरती अब देखते ही बनती है। इस अवसर पर उनके साथ सुरिंदर गुप्ता, जगदीश कौशिक, मनोज ठाकुर, बीना धीमान, प्यार चंद, सिद्धार्थ वालिया, अमृत लाल आजाद, अमर सिंह वालिया, प्रधान गुलशन कुमार, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के सुजानपुर के अध्यक्ष देशराज, युवा कांग्रेस के पवन कुमार, उदय कुमार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 17 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 17 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक उपरोजगार कार्यालय बड़सर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17 से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### सुजानपुर में बीएलओ के कार्डों की निविदाएं 17 तक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के पहचान पत्र बनाने के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के सभी बीएलओ को नए मानकों के अनुसार पहचान पत्र दिए जाएंगे। ये पहचान पत्र तैयार करने के लिए 17 जून सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निर्धारित अवधि में प्राप्त निविदाएं 18 जून को सुबह 11 बजे खोल दी जाएंगी। निविदा के नियमों एवं शर्तों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उपमंडलीय निर्वाचन कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### 4500 किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों से किया सीधा संवाद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग तथा आतमा परियोजना की सहभागिता से हमीरपुर जिले में चले 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन नादौन की पनियाली पंचायत में किया गया। यह जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के इंचाज डॉ. विशाल डोगरा ने बताया कि यह अभियान काफी सफल रहा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों की बिजाई से पूर्व किसानों तक खरीफ फसलों की खेती संबंधित वैज्ञानिक सिफारिशों को पहुंचाना तथा किसानों को केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि परियोजनाओं की जानकारी देना था। हमीरपुर जिले में इस अभियान के अंतर्गत सभी 6 ब्लॉकों में कुल 43 शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 4500 किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अभियान के शिविरों में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को वैज्ञानिक शोध के ऊपर आधारित फसल पद्धति अपनाने हेतु कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जारी सिफारिश के बारे में अवगत करवाया तथा डिजिटल माध्यम के द्वारा विभिन्न फसलों की सिफारिशों को किसानों तक पहुंचाया गया।

### रोटरी क्लब की नई टीम जुलाई से कार्यभार संभालेगी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** रोटरी क्लब हमीरपुर का वर्ष 2025-26 के लिए निदेशक मंडल का गठन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होटल हमीर में संपन्न हुआ। वर्ष 2025-26 के लिए नई टीम जुलाई से अपना कार्यभार ग्रहण संभालेगी, जिस के नए प्रधान रोटेरियन भगवती प्रसाद शर्मा व सचिव रोटेरियन डा. विवेक शर्मा होंगे। वर्ष 2025-26 के लिए सहयोगी पदाधिकारियों तथा क्लब के निदेशक मंडल का भी गठन कर दिया गया है। नवनिर्वाचित प्रधान रोटेरियन भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि क्लब के मुख्य सलाहकार रोटेरियन एनके शर्मा, क्लब प्रशिक्षक रोटेरियन प्रेम ठाकुर, क्लब शिक्षण सुविधाकर्ता रोटेरियन जेपी अग्निहोत्री, स्वास्थ्य सेवाएं समन्वयक डॉ. राके मल्होत्रा व क्लब समन्वयक रोटेरियन विजय चौहान होंगे। निवर्तमान प्रधान रोटेरियन संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष रोटेरियन राकेश ठाकुर, लेखा परीक्षक रोटेरियन राजीव शर्मा व आर्थिक सीसी समन्वयक रोटेरियन ज्वाला सिंह राणा होंगे] जबकि रोटेरी मैगजीन संपादक रोटेरियन अमरजीत अत्री तथा प्रेस व मीडिया सचिव रीटेरियन अजायब सिंह बन्याल, व रोटेरिन सुमीत जैन सार्जेट आर्मस रहेंगे। नवनिर्वाचित प्रधान रोटेरियन भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि क्लब के सभी नवनिर्वाचित निर्देशक व अधिकारी जून 14 व 15, को रोटरी जिला 3070 की पालमपुर में होने वाली एकता सम्मेलन प्रशिक्षण कान्फ्रेंस में भाग लेकर आगामी रोटरी वर्ष की जोश से शुरुआत करेंगे।

### हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन ने शहर की समस्याओं को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

# गर्मी से पेयजल स्कीमों में पानी की कमी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**


हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन के सदस्य डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

**हमीरपुर।** द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से वीरवार को जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में मिला, जिसमें हमीरपुर शहर में आ रही ज्वलंत समस्याओं के निवारण के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इन समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि संगठन के नाम भवन बनाने के लिए, जो जमीन अलाट हुई है, उसमें कुछ त्रुटि रह गई थी जिसे उपायुक्त के ध्यान में लाया गया ताकि उसका इंतकाल शीघ्र हो सके। उपायुक्त हमीरपुर ने आवश्यक संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को उचित कार्रवाई करने की आदेश दिए।

भदरोली गांव में जो जलशक्ति विभाग ने पीने के पानी के टैंक बनाए हैं, उनकी लंबे समय से सफाई नहीं हो पा रही है तथा उपभोक्ताओं को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वहां नए टैंक बनाने या पुराने टैंकों की नियमित सफाई करने का प्रावधान किया जाए, जिससे लोगों को साफ पीने का पानी उपलब्ध हो सके।

**जलशक्ति विभाग जिलेभर में पानी की आपूर्ति करे सुनिश्चित : संगठन**

उपायुक्त ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को लोगों को साफ पीने का पानी उपलब्ध करवाने के आदेश जारी किए, वहीं इस पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि हमीरपुर जिने में अत्यधिक गर्मी के कारण अधिकांश पानी की स्कीमों में पानी कम आ रहा है। कई क्षेत्रों में तीन से चार दिन तक पानी की सप्लाई हो रही है। गर्मी के इस मौसम में पानी की समस्या न हो इसके लिए विभाग तुरंत कार्रवाई करे।

संगठन के पदाधिकारियों ने भी मांग की है कि भविष्य में विभाग अभिलंब पानी की सुचारु सप्लाई जिलेभर में करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा तिपहिया वाहनों के विभिन्न स्थानों के लिए अलग-अलग रेट तय किए जाएं ताकि उपभोक्ताओं का शोषण न हो। इस संबंध में आरटीओ हमीरपुर को भी पहले लिखा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके साथ वीरवार को एक बार फिर से उपायुक्त के समक्ष इस समस्या को उठाया है, जिस पर उपायुक्त शीघ्र कार्रवाई करते हुए आरटीओ हमीरपुर को आदेश जारी किए। ट्रैक्टर, रोटावेटर की जिले में प्रति मिनट के हिसाब से रेट तय किए जाने वाले पहले भी मामला उठाया था आज पुनः उपायुक्त के माध्यम से शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इसके अंतर्गत उपायुक्त हमीरपुर ने उपनिदेशक कृषि हमीरपुर को आवश्यक कार्रवाई करने की निर्देश जारी किए। इस प्रतिनिधिमंडल में महासचिव मनोहर लाल कानूनगो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके कौड़ा तथा सचिव हेमराज शर्मा उपस्थित रहे।

# उपमंडल सुजानपुर में तमाम माइनिंग गतिविधियां तत्काल प्रभाव से स्थगित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**उपमंडल अधिकारी ने जारी किए निर्देश**

सुजानपुर उपमंडल के तहत सभी प्रकार की माइनिंग गतिविधियां तत्काल प्रभाव से रोक दी गई हैं। एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि जिन माइनिंग कंपनियों को लगता है कि उनके पास इस कार्य को करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध हैं या परमिशन इत्यादि उपलब्ध है, वे उन्हें उपमंडल कार्यालय में दिखा सकते हैं। ऐसे में यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। एसडीएम विकास शुक्ला ने आयोजित माइनिंग की विशेष बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने इलाके का दौरा किया है और पाया है कि अवैध खनन लगातार हो रहा है। इसके साथ-साथ लोगों की शिकायतें भी उनके पास आई हैं, जिसके आधार पर उन्होंने यह फैसला लिया है।



उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग एवं अन्य विभागों के साथ यह विशेष बैठक आयोजित करके एक व्हाट्सऐप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें इलाके के सभी लोगों को विशेष रूप से विभागीय अधिकारी पंचायत प्रतिनिधि, प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, मीडिया प्रतिनिधि तमाम इसमें शामिल होंगे अगर इन्हें कहीं भी इलाके में माइनिंग होते हुए दिखता है तो वह इसके फोटो और उस एरिया का नाम डालकर जानकारी साझा करेंगे और विभागीय अधिकारी जो इसके लिए अधिकृत किए हैं, वह तत्काल ऐसे लोगों पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ ब्यास नदी में राफ्टिंग को लेकर भी योजना बनाई गई है। हमारे गृह रक्षा विभाग के पास एक राफ्ट उपलब्ध है, जिसका जल्द ही एक-दो दिन के भीतर ट्रायल होगा और उसके बाद राफ्टिंग गतिविधियों को यहां चलाने की अनुमति दी जाएगी। बैठक में पैराग्लाइडिंग को लेकर भी चर्चा की गई जिसमें विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को से अवगत करवाया गया है कि टिहरा फोर्ट से मैदान सुजानपुर तक पैराग्लाइडिंग साइट चिन्हित हुई है, जिसमें बिजली की तारों को तत्काल प्रभाव से वहां से शिफ्ट किया जाए।

# विधायक रणजीत का एक वर्ष का कार्यकाल रहा निराशाजनक : भाजपा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत ठाकुर और टौणी देवी मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा ने कहा कि सुजानपुर विधायक का एक वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक और पूरी तरह फ्लॉप रहा है। केवल झूठ बोलने का कार्य एक वर्ष के कार्यकाल में किया गया और केवल पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के द्वारा शुरू किए कार्यो का श्रीगणेश करके वाहवाही सुजानपुर के विधायक ने लूटी है।

भाजपा नेताओं ने विधायक से सवाल पूछा है कि सुजानपुर के सौंदर्यीकरण के लिए उन्होंने अगर कुछ किया है तो इसके लिए वह दस्तावेज जारी क्यों नहीं करते। कई बार उनसे मीडिया के माध्यम से पूछा गया, लेकिन वह खुद अपने सिपहसलारों को आगे कर देते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता समझदार है। मंडल भाजपा एक बार फिर उनसे मांग करती है कि अगर उन्होंने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कुछ किया है तो इसकी जानकारी सार्वजनिक करें।

उन्होंने कहा कि विधायक सुजानपुर ने चुनावी बेला के दौरान बड़ी-बड़ी घोषणाएं की, जिसमें हर पंचायत में रजिस्टर लोगों के समस्या समाधान के लिए लगाया जाएगा, लेकिन यह रजिस्टर लगाया है या नहीं, लेकिन विधायक 1 वर्ष के दौरान पूरी पंचायतों में पहुंच भी नहीं पाए हैं।

# पीएम मोदी ने 11 साल में देश को दी नई दशा-दिशा : सत्ती

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती और अन्य नेता।

**हमीरपुर।** हिमाचल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती का कहना है कि केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल देश के तमाम सिस्टम को नई दशा-दिशा देने में सफल साबित हुए हैं। दूसरी तरफ उनका कहना है कि हिमाचल जैसे छोटे राज्य में कांग्रेस की सरकार ने यहां के सिस्टम का मकम्मल तौर पर 'मटियामेट' कर दिया है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाएं नहीं मिल रही हैं, उनकी अच्छी खासी शॉर्टेज चल रही है।

हालात इसलिए भी खराब हो गए हैं क्योंकि अस्पतालों के भीतर दलाल बैठ गए हैं। इस वजह से यह तय नहीं हो पा रहा कि सरकार सरकारी दवाएं बेचे या फिर बाहर की दवाएं? वैसे भी इस सरकार की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दे भी इस पर बेअसर हो रहे हैं। वीरवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सत्ती ने कहा कि राज्य सरकार कई मामलों में केंद्र पर बेवजह के आरोप लगाती है। इस सरकार की करनी और कथनी में दिन-रात का अंतर है। जब सिस्टम का जनाजा निकल चुका हो, तो फिर केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाकर सुक्खू सरकार प्रदेश वासियों को गुमराह नहीं कर सकती और न ही लोग उन पर अब विश्वास कर रहे हैं।

**हर क्षेत्र में हुआ देश का विकास :** उन्होंने कहा कि देश में अब नक्सलवाद अंतिम दौर में है। 2026 में इसके खात्मे की डेडलाइन मोदी सरकार ने घोषित कर रखी है। 11 साल पहले जब भाजपा ने केंद्र में सत्ता संभाली थी, उस समय देश के कितने बुरे हाल थे, यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। उस समय फैसला लेने के लिए दूसरी सरकारों का कोई भी नेता हिम्मत नहीं जुटाता था, लेकिन मोदी सरकार के आते ही देश की जो दशा-दिशा बदली है, आज उसी का नतीजा है कि हर क्षेत्र में देश का विकास हुआ है। लोगों में विश्वास जगा है।

हालांकि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि पर पूर्व सरकारों के समय दिए गए बयान पर सत्ती बेबाकी से तो नहीं बोल पाए, लेकिन उनका कहना था कि राज्य सरकारों ने बैट भी काफी ज्यादा लगाया है। इसलिए हालात के मुताबिक सब ठीक चल रहा है।

**ये रहे मौजूद :** प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर के अलावा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, आशीष शर्मा, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, अनिल धीमान, अजय रिंटू, विकास शर्मा और अन्य नेता मौजूद थे।

**तबादलों में करप्शन**

पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के तबादलों के जरिए करप्शन हो रहा है। अब यह चीज खुलकर सामने आने लग पड़ी है। कौन इसमें शामिल हैं, इसका भी पता चल रहा है। जो इसमें शामिल हो रहे हैं, उनके तबादले आसानी से हो रहे और जो इससे दूर हैं, वे पिस रहे हैं।

## सत्ती ने किया नवनिर्मित भाजपा कार्यालय भवन का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती ने वीरवार को हमीरपुर जिला मुख्यालय स्थित नवनिर्मित भाजपा कार्यालय भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की निर्माण गुणवत्ता, कार्यप्रणाली और सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय संगठन की गतिविधियों का केंद्र होता है, अतः इसकी व्यवस्था और संचालन में कोई भी कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश चोपड़ा, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, हमीरपुर सदर विधायक आशीष शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पूर्व महामंत्री अजय रिंटू, भाजपा नेता नवीन शर्मा, राजेश गौतम, जिला परिषद सदस्य मांगाराम, तेन सिंह, कपिल मोहन शर्मा और मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## हेमराज मेमोरियल बास्केटबाल प्रतियोगिता 22 जून से

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी मेले के दौरान हेमराज मेमोरियल बास्केट्रबाल एसोसिएशन द्वारा होने वाला टूर्नामेंट 22, 23 व 24 जून को होगा। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल बलबीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21 हजार व ट्रॉफी, उपविजेता को 15 हजार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके लिए एंट्री फीस 1100 रुपए होगी। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी खेल मैदान में होने वाली बास्केटबाल प्रतियोगिता के मैच स्कूल समय के बाद होंगे। बैठक में कृष्ण चंद, लवकेश ठाकुर, एसडी शर्मा, जगदीश शर्मा, सुरेंद्र कुमार, प्रीतम चंद, रविंद्र ठाकुर, हंस राज, जगदीश चंद, भूप चंद आदि उपस्थित रहे।

## स्टेडियम तक जाने वाले संपर्क मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य शीघ्र होगा शुरू : सोनी



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन-ज्वालामुखी मार्ग पर स्थानीय लेबर चौक से स्टेडियम तक जाने वाले संपर्क मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य शीघ्र ही शुरू होने वाला है। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि इस करीब 500 मीटर संपर्क मार्ग का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 20 लाख रुपए का खर्च होगा। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र नगर परिषद में शामिल हो गया है। क्षेत्र के लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी को इस संपर्क सड़क की खस्ता हाल होने की वजह से हो रही समस्या से अवगत करवाया तथा इसकी दशा सुधारने का आग्रह किया। नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने क्षेत्र वासियों को आश्वासन दिया कि इस समस्या को मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा। शम्मी सोनी ने बताया कि अमतर के लोगों की इस समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए इसके लिए राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को इस संदर्भ में निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। इस बारे लोनिवि नादौन के एसडीओ पंकज कौशल ने बताया कि इस संपर्क सड़क का सीमेंट कंक्रीट पेवमैंट वर्क डेढ़ महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

## मोदी सरकार ने 11 वर्ष के कार्यकाल में देश को नई बुलंदियों पर पहुंचाया : कमलेश

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भोरंज की पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में देश को नई बुलंदियों तक पहुंचाया है तथा हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है, जिससे देश विकास की नई ऊंचाइयों की और अग्रसर है। यह बात उन्होंने भाजपा के 11 वर्षों के सुशासन को लेकर आयोजित भाजपा बमसन टौणी देवी की बैठक को गुरुवार को मंदिर परिसर टौणी देवी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही । इससे पहले स्थानीय पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है तथा देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं कर रही है। इस दौरान पार्टी के मंडल महामंत्री सुनील कुमार, रणजीत सिंह, अनिल काकू, सुखदेव ठाकुर, बबली के साथ ही कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## पद्मश्री सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कला, साहित्य, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, सामाजिक कार्य और अन्य क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पद्मश्री पुरस्कारों के लिए इस बार भी पद्मश्री सम्मान-2025 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि जिले में कला एवं साहित्य के क्षेत्र में असाधारण कार्य करने वाले व्यक्ति पद्मश्री सम्मान-2025 के लिए जिला भाषा अधिकारी कार्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उपलब्धियों का विवरण 11 जुलाई तक सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना होगा। यह विवरण डाक द्वारा या ईमेल पर भी भेजा जा सकता है।

# स्वार्थ की राजनीति का परिणाम है तन्हाई : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, बड़सर**




युवा कांग्रेस बड़सर के अध्यक्ष विकास शर्मा और एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष रुद्राक्ष सिंह ने विधायक इंद्रदत्त लखनपाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अंगुली पकड़ने की बात वह न करें जो खुद पहले किसी की अंगुली पकड़कर यहां तक पहुंचे हों।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि लखनपाल ने राजनीति की शुरुआत दिवंगत पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की अंगुली पकड़कर की, फिर मुकेश अग्निहोत्री और उसके बाद मुख्यमंत्री सुक्खू की अंगुली पकड़ते हुए कांग्रेस में अपनी राजनीति चमकाई। जब इनसे भी मन नहीं भरा तो नेता ने सुधीर शर्मा और राजिंद्र राणा की अंगुली पकड़कर उस पार्टी को छोड़ दिया। बड़सर युवा कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि अब जब भाजपा में शामिल हो गए हैं तो कभी जयराम ठाकुर, कभी जेपी नड्डा, तो कभी अनुराग ठाकुर की अंगुली पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई उनकी अंगुली पकड़ने को तैयार नहीं।

इस कारण नेता आजकल छटपटा रहे हैं कि अब किसकी अंगुली पकड़ें। स्वार्थ की राजनीति का परिणाम ही तन्हाई है। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेताया कि फिलहाल हम सिर्फ राजनीतिक अंगुलियों की बात कर रहे हैं, लेकिन अगर हमने सार्वजनिक जीवन में पकड़ी गई अंगुलियों और उनके काले कारनामों को उजागर करना शुरू कर दिया, तो उसकी टीस सहना आपके लिए मुश्किल हो जाएगा।

बड़सर की जनता भलीभांति जानती है कि कौन किसकी अंगुली पकड़कर कहां तक पहुंचा है। भाजपा बड़सर गुटबाजी का शिकार हो चुकी है। मंच पर बैठने की होड़, पसंदीदा नेताओं के कार्यक्रम में मंच संचालन और वरिष्ठ भाजपा नेताओं के कार्यक्रमों में पीछे बैठकर मुंह छुपाने की प्रवृत्ति ने सब कुछ उजागर कर दिया है।

## आकाशवाणी हमीरपुर का निरीक्षण किया



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आकाशवाणी महानिदेशालय नई दिल्ली के उपमहानिदेशक श्रीराम बचन राम ने आकाशवाणी हमीरपुर का तकनीकी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां के एफएम ट्रांसमीटर की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। केंद्र की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने यहां मौजूद अधिकारियों के साथ बैठक कर यहां के तकनीकी पहलुओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के कलस्टर प्रमुख उपमहानिदेशक कश्मीर सिंह, आकाशवाणी हमीरपुर के सह निदेशक संजीव कुमार, आकाशवाणी हमीरपुर के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

**मुश्किल** ढटवाल क्षेत्र में पेयजल समस्या हुई विकराल, समैला पौंण बाहल में 20 दिन से नहीं आ रही पानी की सप्लाई

# पूरा ढटवाल क्षेत्र हुआ ड्राई, लोगों में मचा हाहाकार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**


नलकूप पर पानी के इंतजार में खाली घड़ों को लेकर खड़े पौंण बाहल के लोग।

**बड़सर।** एक तरफ जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया, वहीं दूसरी ओर बड़सर विधानसभा के ढटवाल क्षेत्र में पेयजल समस्या भी दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। इसके चलते आम जनमानस को परेशान होना पड़ रहा है। पूरा ढटवाल क्षेत्र ड्राई हो गया है। चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, लेकिन जलशक्ति विभाग कुंभकर्णी नींद में योया पड़ा हुआ है। काबिलेगौर है कि कांग्रेसी नेता सुभाष ढटवालिया की नजदीकी समैला पंचायत के पौंण बाहल में 20 दिनों से नलके पूरी तरह से ड्राई चले हुए हैं। इसके चलते लोगों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। पौंण बाहल के लोगों का कहना है पेयजल जल समस्या के बारे में कई बार वाटर गार्ड फीटर जेई तक को बताया गया है, परंतु उनके कान में जूं तक नहीं रेंगती है ।

जलशक्ति विभाग के फील्ड स्टाफ का यह कहना होता है कि पेयजल स्कीम ही ड्राई हो गई हैं, ऐसे में हम क्या कर सकते हैं? खेद का विषय यह है विभाग की यह जिम्मेदारी नहीं बनती है। अगर स्कीम ड्राई हो गई है तो टैंकर की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है। क्षेत्र की जनता को मरने के लिए छोड़ दिया है।

नियमों के अनुसार प्रदेश सरकार एवं जलशक्ति विभाग का दायित्व बनता है कि अगर लोगों को पीने के पानी विभाग द्वारा बनाई गई उठाऊ पेयजल योजनाएं सूख गई हैं तो ऐसे में टैंकर की व्यवस्था कर देनी चाहिए ताकि लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल मिल सके। पौंण बाहल में करीब एक दर्जन परिवार रहते हैं। लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए लगभग 1 किलोमीटर दूर बाबड़ी से सारा दिन पानी भरना पड़ता है, जिस कारण उनके अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों जगदीश चंद्र, अमित चंद, हरि सिंह, विनोद कुमार, अमीं चंद, सोमा देवी, शालू, संजू कुमारी, ज्योति, जोगिंदर सिंह, विनोद कुमार इत्यादि का कहना है कि अगर जलशक्ति विभाग ने समय रहते पेयजल समस्या का हल नहीं किया तो फिर ग्रामीण मजबूर होकर जलशक्ति विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

**किसने क्या कहा**

जलशक्ति विभाग बड़सर के एसडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि मामला ध्यान में है। अधिकतर पेयजल योजनाएं ड्राई हो चुकी हैं। पानी का जलस्तर बहुत कम हो गया है, इसलिए समस्या आ रही है। समस्या को लेकर जिलाधीश हमीरपुर को लेटर लिख दिया गया है। बहुत जल्द टैंकरों के माध्यम से पेयजल समस्या का समाधान संभव होगा।

वहीं, ढटवाल मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल का कहना है अगर जलशक्ति विभाग ने क्षेत्र की पेयजल समस्या को समय रहते हल नहीं किया ऐसे में बड़सर भाजपा जलशक्ति विभाग का घेराव करेगी।

## थाना सदर में सेंध व चोरी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर में शिकायतकर्ता राजकुमार शर्मा पुत्र स्व. देवी राम निवासी हाउस नं. 157 बार्ड नं. 9 रुपनगर हमीरपुर तह व जिला हमीरपुर की शिकायत पर यह अभियोग पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार 10 जून को वह अपनी पत्नी के साथ अपने मकान में ताला लगाकर दवाई लेने के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर गए थे और दवाई लेने के बाद जब यह अपनी पत्नी के साथ घर पर पहुंचा तो मकान के मेन दरवाजे पर ताला नहीं था और कुंडा भी खुला हुआ था।

घर के अंदर जाकर देखा तो घर में रखा हुए 11000 रुपए नकद, एक चांदी की चेन, एक ब्रैसलेट व आर्टिफिशियल चूड़ियां व कान के टॉप्स किसी ने चुरा लिए थे। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## दोबड़कलां हरिजन बस्ती में बंदरों का आतंक

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत के गांव दोबड़कलां हरिजन बस्ती के लोग बंदरों के आतंक से काफी परेशान हैं। उक्त गांव के निवासी संजीव धीमान, विजय धीमान, मनोज कुमार, जीत धीमान, प्यार चंद, विपिन कुमार, अशोक कुमार, राजकुमार आदि ने बताया कि वे वर्तमान समय में हरिजन बस्ती की ओर जाने बाले रास्ते पर बढ़ रहे बंदरों के आतंक से काफी परेशान हैं। यहां बंदरों की इतनी अधिक संख्या हैं कि यहां से आम आदमी का अकेले इस रास्ते से अपने घर को जाना मुश्किल हो गया है तथा अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने एवं लाने के लिए भी इकट्ठे हो कर जाना पड रहा हैं क्योंकि ये कई गांववासियों को जख्मी कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से एक बार फिर समस्या के हल की मांग उठाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अल्पसंख्यक सशक्तिकरण को मिली गति : धनीराम



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम (एचपीएमएफडीसी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 150 अल्पसंख्यकों को 8.71 करोड़ के ऋण वितरित कर सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने के लिए सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया। निगम पर्यटन, कृषि, पारंपरिक व्यवसायों और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में 30 लाख तक के टर्म लोन और 20 लाख तक के शिक्षा ऋण प्रदान करता है। डॉ. शांडिल ने बताया कि जागरूकता शिविरों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। 31 मार्च 2025 तक, एचपीएमएफडीसी ने कुल 3635 लाभार्थियों को 106.56 करोड़ के ऋण वितरित किए हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम (एचपीडीएफडीसी) ने 1962 दिव्यांगों को 64.05 करोड़ की सहायता दी है।

### महिला की मौत पर मामला दर्ज, जांच में जुटी पलिस

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के सिंघिया दा टियाला में एक महिला की अचानक मौत हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला जिसका नाम सरोज कुमारी पत्नी राजेश कुमार गांव बुधन की बताई जा रही है। घर में अकेली थी तथा बीमार रहती थी, हो सकता है की रात को तबीयत ज्यादा खराब होने के चलते मौत हो गई होगी। पंचायत पधान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि मौत का कारण क्या रहा इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लगेगा। पुलिस ने शब को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिवारजनों को सौंप दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी बडसर लाल मन शर्मा ने बताया पुलिस ने भारतीय नए संहिता 194 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मौत के कारण का सही पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस सहायता कक्ष बिझड़ी में सूचना प्राप्त हुई कि सोरज कुमारी पत्नी राजेश कुमार निवासी गांव बुडान डा. खा. पैरवीं तहसील डटवाल जिला हमीरपुर की अचानक मृत्यु हो गई है। मृतका की मौत कैसे हुई इसका पता करने के लिए शव का पोस्टमॉर्टम डॉ. आरकेजीऐमसी अस्पताल हमीरपुर में करवाकर शव को मृतका के परिजनों को सौंप दिया गया है तथा इस संदर्भ में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है ।

### डॉ. रिजुल मिस यूनिवर्स इंडिया में करेंगी हिमाचल का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के छोटे से गांव कलौण की डॉ. रिजुल सिंह मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता 5 जुलाई से जयपुर में होने जा रही है। डॉ. रिजुल का चयन शाहतलाई में 5 से 7 जून तक आयोजित इवेंट में हुआ है। इस इवेंट में प्रदेश भर से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें डॉ. रिजुल सिंह विनर रही। मिस यूनिवर्स इंडिया के स्टेट डायरेक्टर बबिन अत्री ने बताया कि मेरी यह जिम्मेदारी थी कि प्रदेश से किसी एक प्रतिभागी को सिलेक्ट कर मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट करवाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से जो भी प्रतिभागी हैं उन्हें एक्सपोजर नहीं मिल रहा है और नेशनल लेवल पर भी कोई अचीवमेंट हैं। इसलिए मेरा एक ही उदेश्य है कि प्रदेश की लड़कियों को ट्रेंड कर उन्हें नेशनल लेवल के इवेंट में पार्टीस्पेट करवाना जिससे वे प्रदेश के साथ भारत का भी नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रोशन करें। उन्होंने बताया कि लड़कियों की प्रतिभा को निखारने के लिए ग्रास रूट पर काम करना है जिसके लिए इस तरह के इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की लड़कियां इवेंट जीते और भारत के लिए क्राउन जीतकर लाए। डॉ. रिजुल सिंह ने बताया कि डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज से दूसरे बैच से एमबीबीएस की है। उन्होंने बताया कि उनका मिस यूनिवर्स बनने का सपना था जिसके लिए प्लेटफार्म मिला।



# भदरोया में 15 को होगा पहला 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025'

## मुख्यातिथि कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे समारोह का शुभारंभ

### इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन विशिष्ट अतिथि और नूरपुर के एसपी अशोक रत्न विशेष अतिथि होंगे

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र Presents अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड – आपकी सेवाओं का सम्मान

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित करने जा रहा है। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। पहला अनंत पुलिस प्राइड समारोह कांगड़ा जिले के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के भदरोया में अरुण कैसल में रविवार 15 जून को आयोजित होगा। समारोह सुबह ठीक 11:00 बजे से शुरू हो जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे। इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन विशिष्ट अतिथि एवं नूरपुर के एसपी अशोक रत्न बतौर विशेष अतिथि शिरकत करेंगे।

### इन्हें किया जाएगा सम्मानित

**आर** एंड टीएफ कांगड़ा, चंबा एवं ऊना के एएसपी राजेंद्र जस्वाल, पुलिस थाना डमटाल के प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह, पुलिस थाना नूरपुर के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, पुलिस थाना इंदौरा के प्रभारी निरीक्षक आशीष पठानिया, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के प्रभारी उपनिरीक्षक अजायब सिंह, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के कार्यालय प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक विनय कश्यप एवं आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के कार्यालय प्रभारी सतेंद्र सिंह, पुलिस पोस्ट सदवां के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक भजन सिंह एवं पुलिस पोस्ट कंडवाल के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक नीरज कुमार, एसपी ऑफिस नूरपुर में तैनात मुख्य आरक्षी संजीव कुमार, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी दिनेश, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी रणजीत सिंह, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी कुलजीत, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी उमाकांत, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के आरक्षी संसार, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के आरक्षी रोहित कुमार, एसपी ऑफिस नूरपुर में तैनात आरक्षी लवलीत, हेड कांस्टेबल ए एंड टीएफ कांगड़ा-चंबा एवं ऊना रॉकी कुमार तथा इंदौरा थाने में तैनात कुक बिट्टू को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित किया जाएगा।

## बीएससी अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) ने बीएससी अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बीते 10 जून को बीकॉम अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद विश्वविद्यालय ने बीएससी अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम भी रिकॉर्ड एक माह में घोषित करने में सफलता हासिल की है। ये परीक्षाएं मई माह के मध्य तक आयोजित हुई थीं। बीएससी अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 86.99 प्रतिशत रहा।

पास प्रतिशतता में कम्पार्टमैंट के मामले भी शामिल हैं। परीक्षा में कुल 2143 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए। मैरिट सूची में बिलासपुर के विद्यार्थियों ने टॉप 3 स्थान पर जगह बनाई है। बिलासपुर डिग्री कालेज की मानसी शर्मा ने 9.65 सीजीपीए प्राप्त कर पहला प्राप्त किया है।

### हिमाचल में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ी लाखों की शराब

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश आबकारी विभाग ने अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए इस वित्त वर्ष में अब तक 5438.771 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद की है। विभाग ने कुल 103 मामले दर्ज किए हैं और 18743 लीटर लाहन (कच्ची शराब) को भी नष्ट किया है।





विभाग की विशेष टीमों ने अवैध शराब के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाया है। इसी कड़ी में, सोलन जिले में एक बॉटलिंग प्लांट पर छापे के दौरान ईएनए (एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल) स्टॉक में भारी कमी, अवैध होलोग्राम और लेबल बरामद हुए। विभाग ने तुरंत स्न्ह्रु, दर्ज कर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी तरह की एक अन्य बड़ी कार्रवाई में, सिरमौर जिले में स्थित एक बॉटलिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया।

यहां लाइसेंसधारक रात के समय अवैध रूप से शराब का निर्माण कर रहा था।

इस प्लांट से भी अवैध होलोग्राम, लेबल और स्प्रिट व शराब के स्टॉक में भारी विसंगति पाई गई। विभाग ने इस मामले में भी लाइसेंसधारक के खिलाफ कार्रवाई की है।

#### एफआईआर में नियमानुसार कार्रवाई

**विभाग** ने चंबा में चंडीगढ़ से लाई गई अंग्रेजी शराब जब्त की, वहीं ऊना और बिलासपुर में अवैध बीयर पकड़ी गई। मंडी, शिमला और कुल्लू में भी विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई है।

#### राजस्व को हानि पहुंचाने पर सख्त कार्रवाई होगी : यूनुस



**आबकारी** आयुक्त यूनुस ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और अवैध शराब के कारोबार से राजस्व को हानि पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी सूचना को विभाग के दूरभाष नंबर 0177-2620426, व्हाट्सएप नंबर 94183-31426 पर साझा करें।

# हिमाचल कांग्रेस में एसी कार्ड का दांव

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। श्री रेणुकाजी विधानसभा से विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार का नाम इस रेस में सबसे आगे चल रहा है।

कांग्रेस आलाकमान 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जाति (एसी) वोट बैंक को साधने के लिए विनय कुमार को पार्टी की कमान सौंप सकता है।

सूत्रों के अनुसार विनय कुमार मंगलवार शाम को ही दिल्ली रवाना हो गए थे, जहां उनकी 14 जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से अहम मुलाकात होनी है।

पार्टी में उनके अनुभव (वह पहले वर्किंग प्रेजिडेंट रह चुके हैं) को देखते हुए उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

**विनय कुमार अध्यक्ष बनने के करीब?**

**विधानसभा उपाध्यक्ष दिल्ली में खड़गे से 14 जून को मुलाकात संगठन में बड़े बदलाव के संकेत**



#### कैबिनेट विस्तार पर भी चर्चा

**इससे** पहले, एससी वर्ग से विनोद सुल्तानपुरी और सुरेश कुमार के नाम पर कम अनुभव के कारण वरिष्ठ नेताओं ने आपत्ति जताई थी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल से विनय कुमार के नाम पर चर्चा की है। साथ ही, कैबिनेट विस्तार और बोर्ड-निगमों में नियुक्तियों पर भी बात हुई।

#### सीएम राहुल, प्रियंका से बिना मिले लौटे

**मुख्यमंत्री** भले ही राहुल-प्रियंका से बिना मिले लौटे, लेकिन डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उनसे मुलाकात की है। इन लगातार दिल्ली दौरों से संकेत मिल रहा है कि हिमाचल कांग्रेस में जल्द ही बड़े संगठनात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## कुख्यात नशा तस्कर को प्रिवेंटिव एक्शन के तहत जेल में डाला

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन पुलिस द्वारा कुख्यात आदतन नशा तस्कर को प्रिवेंटिव एक्शन के तहत जेल में डाला जा रहा है जिसके लिए जिला पुलिस द्वारा पीआइटी एनडीपीएस एक्ट1988 के प्रावधानों के अनुसार ऐसे आरोपियों को निवारक हिरासत में रखने की कार्रवाई लगातार जारी है।

इस संदर्भ में मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों को निवारक हिरासत में रखने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजे गए थे, जो इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश सरकार/सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार मादक पदार्थ तस्करी करने वाले एक और आदतन अपराधी पंकज कुमार पुत्र जोगिंद्र कुमार निवासी गांव थड़े की ठाकुरद्वारा डाकखाना मांडोधार तहसील कसौली जिला सोलन को पिछले कल पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए धारा 3(1) पीआइटी एनडीपीएस एक्ट 1988 के अंतर्गत हिरासत में लेकर 03 महीने के लिए जेल में भेजा गया है। आरोपी पंकज कुमार मादक पदार्थ की तस्करी का एक आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत चिट्टा तस्करी के दो मामले दर्ज है जो दोनों मामले पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत है।

यह आरोपी इन मामलों में न्यायालय से जमानत पर था परंतु फिर भी यह आरोपी नशा तस्करी में लगातार सक्रिय था और जिला पुलिस द्वारा बार बार पकड़े जाने के बाद जेल से जमानत पर बाहर आकर फिर नशा तस्करी करने लग जाता था। जिला पुलिस द्वारा अभी तक मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कुल 4 आदतन अपराधियों के कार्रवाई करके जेल भेजा गया है जो अभी जेल में ही है। इस संदर्भ में जिला पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों को निवारक हिरासत की प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।

### रिश्वत मामले में महिला प्रधान और उसका पति दोषी करार

**अनंत ज्ञान धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के इंदौरा उपमंडल की काठगढ़ पंचायत में महिला प्रधान व उसके पति को कारोबारी से स्टोन क्रशर की एनओसी की एवज में 10 लाख के रिश्वत मामले में दोषी करार देते हुए दोनों को अलग-अगल धाराओं के तहत डेढ़-डेढ़ साल कैद व 25 हज़ार जुर्माना लगाया गया है।

इस मामले में महिला प्रधान मंजू बाला को दो विभिन्न धाराओं के तहत एक में एक साल व दूसरे में छह माह का साधारण कारावास व 10 हज़ार जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इसमें महिला प्रधान को जुर्माना न अदा करने पर एक मामले में एक माह अतिरिक्त व दूसरे में दो माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही प्रधान के दोषी पति धर्मपाल को तीन मामलों में छह-छह माह की सजा व पांच-पांच हज़ार कुल मिलाकर 10 हज़ार जुर्माना ठोका गया है। उक्त तीनों सजाएं साथ-साथ चलेगी, साथ ही जुर्माना अदा न करने पर प्रति सजा एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास ओर भुगतना होगा।

# अगले साल से सेब पेटियों की होगी वैज्ञानिक गणना : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने घोषणा की है कि अगले साल से सेब पेटियों की अनुमानित गणना वैज्ञानिक पद्धति से की जाएगी। इस साल, बाजार पर संभावित दुष्प्रभाव और बागवानों को होने वाले नुकसान से बचने के लिए अनुमानित गणना जारी नहीं की जाएगी। यह निर्णय आगामी सेब सीजन की तैयारियों के संबंध में हितधारकों के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया।

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि वर्तमान में अनुमानित गणना से बाजार में अस्थिरता आती है, जिससे बागवानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए, भविष्य में अधिक सटीक और विश्वसनीय डेटा के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। बैठक में सेब सीजन के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई, और उनके संभावित समाधानों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक में दो महत्वपूर्ण उप-समितियों के गठन का भी निर्णय लिया गया। पहली उप-समिति एपीएमसी एक्ट-2005 को सख्ती से लागू करने पर ध्यान केंद्रित करेगी, ताकि बाजार में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। दूसरी उप-समिति एसआईटी (विशेष जांच दल) के गठन, सेब उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि, नर्सरी के विकास, उच्चस्तरीय अनुसंधान और विभिन्न हितधारकों की समस्याओं के समाधान पर काम करेगी। राज्य सरकार ने बड़े कोल्ड स्टोरेज (सीए स्टोर) के बजाय छोटे सीए स्टोर के निर्माण पर सहमति व्यक्त की है। इन छोटे स्टोरों में ऑटोमैटिक ग्रेडिंग सॉर्टिंग मशीनें स्थापित की जाएंगी, जिससे हिमाचल के सेब की अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, छोटे सीए स्टोर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगे और बागवानों को अपनी फसल को स्टोर करने की सुविधा प्रदान करेंगे, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिल सके। हर गांव में सीए स्टोर बनाने का लक्ष्य है ताकि बागवानों को अधिकतम सुविधा मिले।

बागवानी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मार्केट यार्ड के बाहर सेब कारोबारियों के लाइसेंस का डिजिटल डिस्प्ले सुनिश्चित किया जाए।



शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जगत सिंह नेगी।

#### अंतर-विभागीय समन्वय और यातायात प्रबंधन

**नेगी** ने सेब सीजन के दौरान सभी विभागों-जिला प्रशासन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग और सभी एपीएमसी के अध्यक्षों से बेहतर समन्वय के साथ काम करने का आह्वान किया। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए बेहतर पुलिस मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर जोर दिया, ताकि बागवानों को परेशानी न हो।

#### सेब आयात शुल्क पर केंद्र से हस्तक्षेप की मांग

**बैठक** में बागवानी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सेब आयात शुल्क पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया, क्योंकि उनका मानना है कि आयात शुल्क में कमी से प्रदेश के बागवानों की आर्थिकी बुरी तरह प्रभावित होगी। बागवानी मंत्री ने प्रतिनिधियों को इस मामले में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## टीमेट की मौत पर अधिकारियों पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सोलह मील के पास काम करते वक्त करंट लगने से बिजली बोर्ड के टीमेट की मौत के मामले में पुलिस ने बिजली बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। बिजली बोर्ड में बतौर टीमेट सेवाएं दे रहे हरविंद्र मंगलवार दोपहर को बिजली के खंभे में चढ़कर सर्विस वायर जोड़ रहे थे। इसी दौरान करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी।

पुलिस ने उनके पिता रविंद्र कुमार की शिकायत पर बिजली बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस विभाग अब मामले की जांच में बिजली बोर्ड से टीमेट के कार्यक्षेत्र और अन्य जानकारियों का रिकॉर्ड तलब करेगी। धामी के सोलह मील में बिजली के खंभे में काम करते समय करंट लगने से टीमेट की मौत हो गई है। मृतक की हरविंद्र तियाल देहरा जिला कांगड़ा के रहने वाले थे।

**निर्णय पर सुझाव** | शिक्षा निदेशालयों को पुनर्गठित कर एक निदेशालय बनाने का निर्णय

# पुनर्गठन कर बनाए जाएं चार शिक्षा निदेशालय

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा निदेशालयों को पुनर्गठित करते हुए स्कूली शिक्षा के लिए एक ही निदेशालय बनाने का निर्णय लिया है। दूसरा निदेशालय उच्च शिक्षा के कामकाज के लिए बनाया गया है। सरकार के इस निर्णय से जहां प्राथमिक शिक्षक संघ उखड़ गया और लगभग एक माह तक प्रदेश की राजधानी में धरना-प्रदर्शन भी किया गया, वहीं अभी तक धरातल पर इस निर्णय को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है।

अनंत ज्ञान खास खबर

राज्य स्तर पर समग्र शिक्षा के नाम से एक तीसरा निदेशालय भी कार्यरत है। यानी राज्य में तीन निदेशक पहले से ही कार्यरत हैं लेकिन फील्ड में ज्यादा जुड़ाव दो निदेशालयों का रहता है। इन तीनों निदेशकों के कामकाज में फेरबदल किया गया है, वहीं जिला स्तर पर चार उपनिदेशक एलिमेंटरी, सेकेंडरी, इंस्पेक्शन व क्वालिटी कंट्रोल अभी भी पहले की तरह कार्यरत हैं।

#### जिला स्तर पर एक उपनिदेशक का पद समाप्त होने की संभावना

**राज्य** स्तर पर पहले की तरह उच्च, प्रारंभिक व समग्र अब भी तीन ही निदेशालय हैं लेकिन पहले प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय का जिम्मा आठवीं कक्षा तक था वहीं अब यह बारहवीं कक्षा तक कर दिया गया है। दूसरी ओर पहले उच्च शिक्षा निदेशक के पास नवम कक्षा से ऊपर की शिक्षा का जिम्मा था। इनसे अब स्कूली शिक्षा को पूरी तरह से अलग कर दिया गया है। चूंकि राज्य स्तर पर स्थापित व्यवस्था के आधार पर ही जिला स्तर पर भी व्यवस्था की जानी है। ऐसे में अब संभवत: जिला स्तर पर एक उपनिदेशक (उच्च शिक्षा) का पद समाप्त होने की संभावना है।

#### पहली से 12वीं तक बनाया एक ही निदेशालय

**अब** कक्षा पहली से बारहवीं तक के लिए एक ही निदेशालय बना दिया गया है। स्कूली शिक्षा को छोड़ उच्च शिक्षा के लिए अलग निदेशालय बनाया गया है। तीसरा निदेशालय भी मौजूद है। अभी कब तक जिला स्तर पर पहले जैसी ही चार उपनिदेशकों की प्रणाली मौजूद है तो ऊपरी व्यवस्था में फेरबदल से क्या फायदा?

#### शिक्षा विभाग सबसे बड़ा विभाग, ऐसे में तीन या चार निदेशालय होना जरूरी

**यह** सर्वविदित है कि कर्मचारियों की संख्या के हिसाब से शिक्षा विभाग सबसे बड़ा महकमा है। ऐसे में जब स्वास्थ्य विभाग में दो-तीन निदेशालय हैं तो शिक्षा विभाग में तीन या चार निदेशालय होने चाहिएं। एक निदेशालय महाविद्यालयों व इससे ऊपर के संस्थानों के लिए होना चाहिए, दूसरा निदेशालय दशम से बारहवीं कक्षाओं के लिए प्रवक्ताओं व प्रधानाचार्यों के अधिपत्य वाले शिक्षण संस्थानों के लिए होना चाहिए। तीसरा निदेशालय छठी से नवमीं कक्षाओं के लिए टीजीटी व मुख्याध्यापकों के आधिपत्य के शिक्षण संस्थानों के लिए होना चाहिए। इसी तरह से पहली से पांचवी तक कक्षाओं के लिए चौथा निदेशालय जेबीटी व एचटी के आधिपत्य वाले शिक्षण संस्थानों के लिए होना चाहिए। इसी पैटर्न पर जिला स्तर पर भी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसा न होने से अलग-अलग श्रेणियों के शिक्षकों के जो पदोन्नति संबंधी अवसर हैं वह खत्म हो जाएंगे। ऐसे में सभी स्तरों के शिक्षक हितों के लिए यह अति आवश्यक है।

## नशा तस्कर को 4 साल का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, नाहन।** स्पेशल जज-2 गौरव शर्मा की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट में आरोपी मंगलदीप उर्फ मोनू को दोषी करार देते हुए 4 साल के कठोर कारावास और 10,000 रुपए का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। अदालत में मामले की पैरवी लोक अभियोजक रश्मि शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि मामला 16 जनवरी 2019 को सामने आया था।

पुलिस थाना कालाअंब की टीम जब सैनवाला में मौजूद थी, तो उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सूचना मिली कि सलानी पुल के पास मंगलदीप उर्फ मोनू नाम का व्यक्ति भारी मात्रा में नशीले कैप्सूलों को अपनी जैकेट में छिपाकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो व्यक्ति वहां खड़ा पाया गया, जिसकी व्यक्तिगत तलाशी के लिए तत्कालीन डीएसपी हेडक्वार्टर बबीता राणा मौके पर आईं। डीएसपी की मौजूदगी में जब मंगलदीप की तलाशी ली गई तो जैकेट की चैन खोलने पर 432 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों से भरा लिफाफा मिला। लिहाजा, पुलिस थाना कालाअंब में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। केस दर्ज होने के बाद मामले की तफ्तीश एएसआई सोहन लाल ने अमल में लाई गई। जांच पूरी होने पर पुलिस ने अदालत में चालान पेश किया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से कुल 16 गवाह पैरवी के समय अदालत में पेश हुए।

तमाम दलीलों और साक्ष्यों के आधार पर बुधवार को अदालत ने दोषी को यह सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

# प्रदेश की सुक्खू सरकार ने हिमाचल को 50 साल पीछे धकेला : महाजन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि 11 सालों में भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊंचाइयों को छुआ।

सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता में हर्ष महाजन ने कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी है तब से देश सुरक्षित हाथों में आया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे है। इन सालों में साल दर साल कैलेंडर बदलता रहा और भारत आगे बढ़ता रहा। महाजन ने कहा कि आज हम गर्व से कह सकते हैं कि विकास-विश्वास और विरासत के 11 साल उपलब्धियां विशाल, सेवा बेमिसाल की तरह रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। यूपीए सरकार के समय 25 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे थे जबकि अब मात्र 5 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे बचे हैं। जिसके लिए मोदी सरकार लगातार कार्य कर रही है। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में 4 करोड़ पक्के मकान दिए, 15 करोड़ घरों को दिया नल से जल की सुविधा दी।

पीएम मोदी ने 12 करोड़ शौचालय बनाकर मिसाल पेश की। करीब 11 करोड़ बहनों को रसोई गैस सिलेंडर दिया है। 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए का इलाज आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त में दिया है।



राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन का स्वागत करते भाजपा नेता।

**कहा-भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊंचाइयों को छुआ**

#### केंद्र के पैसों से चल रही सरकार

**हर्ष** महाजन ने कहा कि हिमाचल सरकार केंद्र के पैसों से चल रही है। महाजन ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि मैंने आज तक बहुत सी सरकारों को देखा है लेकिन आज जो हालत प्रदेश की वर्तमान सरकार ने प्रदेश की कर दी है उससे हमारा हिमाचल 50 साल पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आईएएस अधिकारियों को लगाया है जिन्हें कुछ पता ही नहीं है। सरकार को प्रदेश की जन समस्याओं से कोई लेना देना इस सरकार को नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर अजय वर्मा का अभिनंदन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** टंडन क्लब कांगड़ा के वरिष्ठ सदस्य अजय वर्मा के परिवहन निगम का उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर क्लब के सदस्यों ने नागरिक अभिनंदन किया। उन्हें शॉल-टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, क्लब के जीर्णोंदार के लिए मांग रखी गई। अजय वर्मा ने क्लब के प्रवेशद्वार को बनाने के साथ क्लब में एक एलसीडी स्थापित करने की घोषणा की। वहीं, क्लब के केयर टेकर को मोबाइल भेंट किया। उन्होंने कहा कि वे कई वर्षों से क्लब के साथ जुड़े हैं और यहां की समस्याओं व जरूरतों को जानते हैं तथा इन कमियों को दूर करेंगे। क्लब के महासचिव नागेश्वर मनकोटिया ने भी संबोधित किया। इस मौके पर क्लब के सदस्य विनोद शर्मा, अशोक शर्मा, वेद शर्मा, राकेश महाजन, अमित वर्मा, विपिन अरोड़ा, पवन शर्मा, चंदन महाजन, विजय शर्मा आदि उपस्थित थे ।

### भवारना में दस दिवसीय योग शिविर शरू



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भारत विकास परिषद भवारना शाखा की ओर से दस दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ समाजसेवी दीवान चंद नागपाल ने संतोषी माता मंदिर में परिषद के प्रदेश प्रभारी प्रदीप सूद एवं समीर अमिताभ की उपस्थिति में शुभारंभ किया। योग शिक्षक डॉक्टर कमलेश शर्मा ने योग प्रेमियों को योग के विभिन्न आसन करवाए। शाखा अध्यक्ष रिपन सूद ने सेवा के क्षेत्र में भारत विकास परिषद की ओर से किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंने 21 जून तक चलने वाले इस शिविर में सभी से भाग लेने का आग्रह किया।

### डरोह, मलोग में कल बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस बयान में कहा कि 11 केवी डरोह फीडर की आवश्यक मरम्मत के चलते विद्युत उपमंडल डरोह के तहत आने वाले गांवों (डरोह, पीटीसी डरोह, बस्केहड़, अटियालादाई, रडा, मंडप, मलोग, मरुंहू, देवी, नौरा, केदारा, भोडा, जैंद, खडुल तथा बमियाल) में 13 मई को होने वाला कार्य किसी कारणवश स्थगित हो गया है। अब यह कार्य 14 मई को किया जाएगा। इसके कारण बिजली आपूर्ति सुबह 9:00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य को अगले दिन किया जाएगा। जनता से सहयोग की अपील की है।

### डाडासीबा में लगाई मीठे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के व्यापारियों ने हॉस्पिटल रोड तालाब के पास बाजार में मीठे पानी की छबील लगाई गई। व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह, रितेश शर्मा, रजत सूद, गुलशन चौहान, कृष्ण दत शर्मा, विजय आदि दुकानदारों ने राहगीरों को मीठा पानी पिलाकर व तरबूज खरबूजा बाटंकर सामाजिक सेवा में अपना योगदान दिया।

### खनियारा और तपोवन में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 13 जून को खनियारा, पटोला, थात्रि, ठेड, जूल, तपोवन और रेस्ट हाउस के आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। जनता से सहयोग की अपील की है।

# पालमपुर नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को गठित होगी कमेटी : एसडीएम

## पालमपुर की यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक, फैसलाः कालू दी हट्टी से डाइवर्ट होंगी वोल्वो बसें

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** उपमंडल पालमपुर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने, नागरिकों को सुविधाजनक यातायात व्यवस्था उपलब्ध करवाने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुचारु यातायात संचालन के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक सभी वोल्वो बसों को बैजनाथ की ओर भेजने के लिए कालू दी हट्टी से डाइवर्ट किया जाएगा, जिससे सब्जी मंडी क्षेत्र के पास ट्रैफिक दबाव को कम किया जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया कि एसडीएम की अध्यक्षता में एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी, जिसमें नगर निगम, पुलिस विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति पालमपुर नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाएगी। एसडीएम ने कहा कि बेहतर यातायात व्यवस्था स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों की सहभागिता से ही सुनिश्चित की जा सकती है।



यातायात व्यवस्था को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती एसडीएम नेत्रा मेती।

### ओल्ड बस स्टैंड पालमपुर में वन-वे ट्रैफिक हो व्यवस्था

**एसडीएम** ने निर्देश दिए कि पालमपुर ओल्ड बस स्टैंड के समीप बस ठहराव में एक समय में अधिकतम दो बसें ही ठहरेंगी तथा रुकने की अवधि पांच मिनट से अधिक नहीं होगी। उन्होंने ओल्ड बस स्टैंड क्षेत्र में वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए। उन्होंने व्यापार मंडल को भी निर्देशित किया कि पालमपुर बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर माल की लोडिंग एवं अनलोडिंग केवल निर्धारित समय पर ही की जाए, ताकि यातायात बाधित न हो।

# स्प्रिंग डेल स्कूल जवाली के होनहार स्टूडेंट्स नवाजे




80 फीसदी से ऊपर अंक लेने वाले होनहारों को सम्मानित करते विधायक रणवीर निक्का।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**ज्योति** पैलेस कंडवाल में ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी देहरादून की ओर से शाइनिंग स्टार अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया। इसमें 10वीं तथा 12वीं कक्षा के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 80 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं।

नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं, स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के होनहार स्टूडेंट्स को भी सम्मानित किया गया। दसवीं में 80 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, जिसमें आरशी, रिया चौधरी, वंशिका ठाकुर, वंशिका, दिव्यांशी, आरशित को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को भी शिक्षा के क्षेत्र में सम्मानित चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली की छात्राओं ने पहाड़ी नाटी प्रस्तुत पेश कर वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्य राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमेटी मेंबर्स ने बच्चों को बधाई दी।

# अवैध खननः डमटाल व इंदौरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 वाहन जब्त



अवैध रूप से खनिज पदार्थ ले जा रहे 24 वाहन किए काबू।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पुलिस अवैध माइनिंग पर अंकुश लगाने के लिए दिन-रात एक कर रही है। अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत वीरवार रात को पुलिस ने 24 वाहनों को अवैध खनन मामले में काबू किया है।

एसपी अशोक रतन ने बताया कि गत देर रात पुलिस थाना डमटाल एवं पुलिस थाना इंदौरा की सीमा में अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध एक विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया गया। पुलिस जिला की टीमों ने ढागू माजरा, भदरोया, कंदरोड़ी टांडा मोड़, भरोटा आदि स्थानों पर नाकाबंद की गई। इस दौरान अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते 24 वाहन जो अवैध रूप से खनिज पदार्थ ले जा रहे थे, उनको जब्त किया गया है। वहीं, पुलिस ने इस साल 12 जून तक अवैध खनन माफिया के खिलाफ 8 अभियोग दर्ज किए हैं और 16 वाहनों को जब्त किया गया है। अब तक अवैध खनन अधिनियम के अधीन 364 चालान किए हैं व अवैध खनन में शामिल आरोपियों से 27,00,900 रुपए का जुर्माना वसूल किया जा चुका है। अवैध खनन में शामिल 42 वाहनों को जब्त किया जा चुका है।

# नूरपुर के विकास पर लगा ग्रहणः सुदर्शन

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने प्रेसवार्ता में नूरपुर के रुके विकास पर टिप्पणी करते हुए कहा कि नूरपुर राजनीतिक दृष्टि से काफी हद तक पिछड़ चुका है। आसपास के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य विकास प्रगति पर हैं, लेकिन नूरपुर के विकास कार्यों पर ग्रहण लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम तो नूरपुर को जिले का ओहदा मिलना बेहद जरूरी है और यहां पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज के अलावा ऐतिहासिक मंदिरों तथा स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए, ताकि यहां के व्यापारियों तथा दुकानदारों और बाजारों का भी उद्धार हो सके। बेरोजगार युवाओं के हित में आवाज उठाते हुए सुदर्शन ने कहा कि नूरपुर में लंबे समय से इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट करने की मांग उठती रही है, लेकिन इस दिशा में अभी तक नूरपुर एक भी कदम आगे नहीं बढ़ा पाया है। नूरपुर या आसपास के युवक जो बाहरी राज्यों में जाकर रोजगार की तलाश में फैक्टरियों में काम करते हैं, उन्हें घर के नजदीक के रोजगार उपलब्ध करवाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आम लोगों की सहूलियत को देखते हुए महीने में एक बार उच्चतम न्यायालय का बेंच भी नूरपुर में बतौर कैंप लगाया जाना चाहिए, ताकि यहां से जितने भी मुकदमे जो शिमला जाते हैं उनका निपटारा यहीं पर हो सके।



प्रेसवार्ता करते कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन।

# छात्राओं को दी विभिन्न रोगों की जानकारी



ज्ञान ज्योति कॉलेज राजोल की प्राचार्या विजेयता ने डॉक्टर तन्वी कटोच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**ज्ञान** ज्योति शिक्षा महाविद्यालय राजोल में बालाजी सुपरस्पेशलिटी हेल्थ केयर कांगड़ा से डॉक्टर तन्वी कटोच स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बीबीए, बीसीए बीएड डीएलएड की छात्राओं के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया।


डॉ. तन्वी कटोच ने छात्राओं को विभिन्न रोगों व उसके समाधान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही छात्राओं ने डॉक्टर से राय ली। इस विषय सत्र के लिए महाविद्यालय राजोल की प्राचार्या विजेयता चौधरी ने डॉक्टर तन्वी कटोच व उनकी टीम को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व धन्यवाद किया।




# हिमाचल में पर्यटन का नया अध्याय

## हिम शिखरों की ओढ़नी में लिपटी देवदार की खुशबू से महकती घाटियां

- भारत-चीन सीमा पर पर्यटन की नई राहें खुली
- विनियमित सीमा पर्यटन में एक ऐतिहासिक पहल




**“हिम शिखरों की ओढ़नी में लिपटी, देवदार की खुशबू से महकती देवभूमि की वादियां मात्र भूगोल नहीं, आत्मा का संगीत हैं। यहां हर झरना एक कहानी कहता है। हर पगडंडी एक अनकही दास्तान सुनाती है। यह सिर्फ भ्रमण नहीं, बल्कि स्वयं को पकृति के विराट आलिंगन में खो देने का और मन को शांति के शाश्वत सरोवर में डुबो देने का अनुभव है। इसकी गोद में धवल शिखर आकाश चूमते हैं और हरी-भरी वादियां इठलाती हैं। पर्यटन सिर्फ घूमना नहीं, बल्कि आत्मा का प्रकृति से मिलन है। यहां हर पग पर लोक-संस्कृति की सुगंध और शांति का आलिंगन मन को मोह लेता है। इन्हीं तमाम खूबियों के बीच राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की है, जिसके तहत भारत-चीन सीमा के निकट पहले से प्रतिबंधित क्षेत्रों को अब घरेलू पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। यह कदम जून, 2025 में उठाया गया है और इसका मुख्य उद्देश्य किन्नौर और लाहौल-स्पीति जैसे दूरस्थ, प्राचीन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना है, जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिपकी ला दर्रा प्रमुख है।**



### शिपकी-ला दर्रा रोमांच का नया केंद्र बना

एक रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश अब भारत-चीन सीमा के साथ लगते उन क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए खोल रहा है, जो सुरक्षा कारणों से पहले प्रतिबंधित थे। यह 'विनियमित सीमा पर्यटन' पहल पर्यटकों को इन अनछुए और मनोरम स्थलों का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगी। इस पहल की शुरुआत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और उच्च ऊंचाई वाले शिपकी-ला दर्रे से हो रही है, जो किन्नौर जिले में स्थित है। यह दर्रा अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक व्यापारिक महत्व के लिए जाना जाता है। घरेलू पर्यटक अब इस क्षेत्र की यात्रा कर सकेंगे और इसकी विशिष्ट संस्कृति और परिदृश्यों का अनुभव कर सकेंगे। इन प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश के लिए भारतीय निवासियों के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य होगा। सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सेना पर्यटकों की संख्या को विनियमित करेगी। इसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता न करना है। इस कदम से किन्नौर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी और सीमावर्ती समुदायों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को गहरा करेगी। गौरतलब है कि राज्य में पर्यटकों की बढ़ती संख्या हिमाचल प्रदेश पिछले पांच वर्षों में अपने उच्चतम पर्यटक आगमन का अनुभव कर रहा है। दिसंबर 2024 तक राज्य में 1.8 करोड़ घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ, जो एक महत्वपूर्ण आंकड़ा है। यह राज्य के पर्यटन उद्योग के लिए एक मजबूत वापसी का संकेत है।

### घरेलू पर्यटकों का वर्चस्व

**यहां** आने वाले कुल पर्यटकों में लगभग 98 फीसदी घरेलू पर्यटक होते हैं, जबकि विदेशी पर्यटकों का प्रतिशत लगभग 2 फीसदी है। यह आंकड़ा बताता है कि हिमाचल भारतीय पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य है। पर्यटन उद्योग के विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2025 में भी यह वृद्धि जारी रहेगी और पर्यटक आगमन के सभी पिछले रिकॉर्ड टूटने की संभावना है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हिमाचल प्रदेश अब भारत के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक बन गया है।



### पर्यटकों का आकर्षणः हिमाचल के प्रमुख स्थल और उनकी विशेषताएं

***हिमाचल की भौगोलिक विविधता और समृद्ध संस्कृति इसे विभिन्न प्रकार के पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाती है।***

**विदेशी पर्यटकों की भी बढ़ी रुचि**

घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल 83,000 अंतरराष्ट्रीय पर्यटक हिमाचल प्रदेश आए, जो 2020 के बाद सबसे अधिक है। यह दर्शाता है कि हिमाचल प्रदेश वैश्विक स्तर पर भी एक पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।


**ये लोकप्रिय गंतव्य स्थल**

*शिमला, मनाली, सोलन और धर्मशाला जैसे शहर राज्य के भीतर लोकप्रिय गंतव्य बने हुए हैं। इन शहरों के अलावा, अन्य पर्वतीय स्थल भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। शिपकी-ला जैसी नई जगहों के खुलने से हिमाचल प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर विविधता और आकर्षण दोनों बढ़ेंगे।*

**सीमावर्ती क्षेत्र भी आएंगे करीब**

**हिमाचल** प्रदेश की ओर से उठाया गया यह कदम न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत की समृद्ध संस्कृति और रणनीतिक महत्व वाले सीमावर्ती क्षेत्रों को भी देशवासियों के करीब लाएगा। यह हिमाचल के लिए पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत है, जो रोमांच, संस्कृति और प्रकृति के प्रेमियों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।

**विशेष रिपोर्ट**
**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



# हिमाचल में चमका पर्यटन कारोबार पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि

**हिमाचल** प्रदेश में जून माह के पहले हफ्ते से ही पर्यटन को पंख लग गए हैं। हालांकि, प्रदेश के हिल स्टेशनों में गर्मी का प्रकोप देखा गया है। गर्मी से राहत पाने के लिए देश-विदेश से पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। अप्रैल-मई में पर्यटकों की संख्या में कमी आई थी और कई पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी थी, लेकिन जून माह में पर्यटकों के आगमन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। पर्यटन हितधारकों ने कहा कि उस समय देश की मौजूदा स्थिति के कारण लोग यात्रा करने से हिचकिचा रहे थे। हवाई अड्डों के बंद होने से आवाजाही और भी सीमित हो गई, जिससे राज्य में पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। होटल और पर्यटन हितधारकों के संघ के अध्यक्ष मोहिंदर कुमार सेठ ने कहा कि मौसम ने लंबे सप्ताहांत ने पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद की है। प्रदेशभर में होटलों में लगभग 80 से 90 फीसदी की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि जून माह का पहला सप्ताह पर्यटन के दृष्टिकोण से पिछले महीने की तुलना में बेहतर रहा, जिसमें सप्ताह के दिनों में 50 प्रतिशत की तक की वृद्धि हुई। पिछले माह पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई थी और होटल व्यवसायियों को काफी नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि जून माह में होटल आमतौर पर लगभग पूरी तरह से बुक हो जाते हैं, इसलिए हम पहले सप्ताह के रुझान को देखते हुए आने वाले हफ्तों में और अधिक वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले महीने पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट के कारण धर्मशाला के होटल मालिकों ने बुकिंग पर छूट भी दी। परंपरागत रूप से हिमाचल में पर्यटन का चरम सीजन 21 मई के आसपास शुरू होता है। हालांकि, इस साल मई में धर्मशाला में होटलों में बुकिंग में काफी गिरावट आई है, जो करीब 30 प्रतिशत देखी गई।



### कारोबारियों को पर्यटन सीजन बेहतर रहने की उम्मीद

**जून** के अंत तक प्रदेश में मानसून का दौर शुरू हो जाता है, जो जुलाई व अगस्त तक रहता है। इन दिनों भी देश-विदेश भारी संख्या में पर्यटक हिमाचल का रुख करते हैं। होटल कारोबारियों को उम्मीद है कि अक्तूबर तक पर्यटन सीजन काफी अच्छा रहने वाला है। सीजन को लेकर अगर सरकारी तैयारियों की बात करें, तो पर्यटन निगम की ओर से पर्यटकों के लिए निगम के होटलों में कोई पैकज की घोषणा नहीं की है। होटल व्यवसायियों का मानना है कि सरकार को चाहिए कि वे पर्यटकों को आकृषित करने के लिए कोई अच्छी पहल करे। इसका लाभ पर्यटकों के साथ सरकार को भी मिल सके।

### होटलों में 80 प्रतिशत भीड़ : अश्विनी बांवा



**धर्मशाला** के होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विनी बांवा ने कहा कि इस सप्ताहांत धर्मशाला में होटलों में औसतन 80 प्रतिशत की सैलानियों भीड़ पहुंची है। मैदानी इलाकों में तापमान बढ़ रहा है और पंजाब के स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां घोषित हो गई हैं, इसलिए हमें उम्मीद है कि हिमाचल में आने वाले दिनों में मानसून आने तक होटलों में 90 प्रतिशत से ऊपर की भीड़ रहेगी। हाल के दिनों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि मई के दौरान होटलों में भीड़ कम हो गई थी, वह अब बढ़ गई है। वर्तमान में होटल में भीड़ लगभग 70 से 80 प्रतिशत है और हमें उम्मीद है कि आने वाले हफ्तों में इसमें और वृद्धि होगी।

*-विशेष रिपोर्टः संजय अग्रवाल, धर्मशाला*

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं को दिया जाएगा युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में 450 युवाओं को युवा आपदा मित्र का प्रशिक्षण जून-जुलाई माह में दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 7 दिवसीय आवासीय होगा, जो जनपद स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र कांगड़ा में करवाया जाएगा। उप निदेशक ध्रुव डोगरा मेरा युवा भारत कांगड़ा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने युवाओं से आह्वान किया है कि वह बढ़-चढ़कर उक्त आवासीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करें, जिसमें उन्हें विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

### गगल में लगाई शीतल पेयजल की छबील



गगल। उत्तम हार्डवेयर स्टोर के कर्मचारियों व ड्राइवरों ने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। साथ में राहगीरों को फल भी बांटे गए।

### सुधीर शर्मा ने विमान हादसे पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास हुए एयर इंडिया विमान हादसे पर दुख जताया है। सुधीर ने इस दुखद घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। यह सिर्फ एक विमान हादसा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की गहन मानवीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं।

### चेन स्नैचर 20 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पुलिस ने चेन स्नैचर को 20 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। 10 जून को 11.35 बजे सुमन बाला अपनी बेटी के साथ स्कूल से वापस आते समय सुजानपुर बाजार से खरीदारी कर जब पुल नंबर 5 के पास निरंकारी भवन सुजानपुर के पास पहुंची, तो पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार 2 युवकों ने मोनिका का पर्स छीन लिया, जिसमें 30,000 रुपए और एक मोबाइल फोन था। मोनिका के बयान पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। थाना तारागढ़ की पुलिस टीम जब बुधवार को अड्डा पुराना तारागढ़ से गांव बकनौर, छोरियां, कथलौर की तरफ जा रही थी तो दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र उपदेश कुमार निवासी गांव रहीपुरबासा को शक के आधार पर रोककर उससे 20 ग्राम चिट्टा व 700 रुपए बरामद किए।

### आईटीआई धर्मशाला में 16 को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में 16 जून को फूड कोस्ट इंटरनेशनल, जालंधर (पंजाब) के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार में आईटीआई प्रशिक्षित युवक व युवतियों (मैकेनिस्ट, फूड प्रोड्यूक्शन, फूड प्रोसेस, फिटर तथा इलेक्ट्रीकल) जिन्होंने उक्त व्यवसायों में प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, वे इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। कंपनी की ओर से चयनित अभ्यर्थी को 18729 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पुरी ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी 16 जून को सुबह 10:00 बजे तक संस्थान में आकर भाग ले सकते हैं। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवार अपने साथ दसवीं, जमा दो व आईटीआई के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व 3 फोटोग्राफ तथा अन्य प्रमाण पत्र लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 01892223182 पर संपर्क करें।

# नगरोटा सूरियां ब्लॉक कार्यालय शिफ्ट करने पर लोगों ने निकाली रोष रैली

## संघर्ष समिति व सैकड़ों लोगों ने ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन धरना किया शुरू

**प्रदेश सरकार और मंत्री चंद्र कुमार के खिलाफ की नारेबाजी**





विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां को जवाली शिफ्ट करने के विरोध में रोष रैली निकालते लोग।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां विकास खंड कार्यालय को जवाली शिफ्ट करने के विरोध में विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने रोष रैली निकालकर अनिश्चितकालीन धरना वीरवार को शुरू कर दिया।

रैली में लोगों ने प्रदेश सरकार होश में आओ, चंद्र कुमार एक काम करो कुर्सी छोड़ो आराम करो, तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाए। इससे पहले सुबह 10 बजे नरसिंह देव मंदिर में लोगों ने इकट्ठा होकर विकास खंड कार्यालय शिफ्ट करने के विरोध में आक्रोश जताया और पंचायत प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोगों ने रैली निकालकर तहसील कार्यालय में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। लोग तहसील कार्यालय से नारेबाजी करते हुए विकास खंड कार्यालय पहुंचे। जहां पर संघर्ष समिति के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। विकास खंड कार्यालय स्थानांतरण के विरोध में नगरोटा सूरियां के व्यापार मंडल की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहीं।

# पुराना कांगड़ा में खाई में गिरी कार, यूपी के 7 श्रद्धालु घायल





**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** कांगड़ा बाईपास घाट के पास वीरवार को एक कार अनियंत्रित होकर 70 फुट खाई में गिर गई। इस हादसे में सात लोग घायल हुए हैं।

यह हादसा पुराना कांगड़ा के अल्लुनिया बाबा मंदिर के पास श्राद्ध बढ़ी के मोड़ पर हुआ। गाड़ी में दो बच्चों सहित सात लोग सवार थे। दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में भर्ती करवाया गया है। स्थानीय युवकों ने घायलों को बाहर निकाला। सभी यूपी के मथुरा-बनारस के बताए जा रहे हैं। ये लोग मां ब्रजेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए आ रहे थे कि यह हादसा हो गया। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस ने सभी घायल को उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## भरमाड़ पंचायत के टैंव गांव में दंगल 15 को

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** जवाली विधानसभा क्षेत्र की भरमाड़ पंचायत के टैंव गांव में रविवार को जय पीर बाबा छिंज मेले का आयोजन किया जएगा। यह जानकारी छिंज मेले कमेटी के प्रधान गुरचरण सिंह ने दी। उन्होंने पहलवानों से अपील कि है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आएं। पहलवानों को उचित इनाम दिए जाएंगे।

# खैरियां चौक पर दुकान में आग, सामान जलकर राख



पटवारी ने आग से हुए नुकसान का जायजा लिया।

**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** विधानसभा नूरपुर की पंचायत खैरियां चौक पर वीरवार को उस समय आफरा-ताफरी का माहौल बन गया, जब एक दुकान पर अचानक आग लग गई। दुकान में प्रेम सिंह आइसक्रीम बनाने का कार्य करते हैं व साथ में सब्जी तथा अन्य सामान भी दुकान में रखा हुआ था, जो जलकर राख हो गया।

आइसक्रीम बनाने वाली मशीनों को भी आग से काफी नुकसान हुआ है। आग लगने की खबर सुनकर आसपास के सभी दुकानदार व स्थानीय लोग एकत्रित हुए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जल चुका था। सूचना मिलते ही पटवारी मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन से पीड़ित प्रेम सिंह की हरसंभव सहायता का अनुरोध किया है।

# नूरपुर डिवीजन अति गर्म क्षेत्र में शामिल, स्कूलों में नहीं दी छुट्टियां

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर डिवीजन की बड़ी गलती उजागर हुई है। सरकार के निर्देशों के अनुसार, नूरपुर डिवीजन को अति गर्म क्षेत्र में सम्मिलित करते हुए स्कूलों में की गर्मियों की छुट्टियां को 1 जून से 30 जून तक करना था, लेकिन विभागीय सुस्ती के कारण अब अविभावक और छात्र इसका दंड भुगत रहे हैं। नूरपुर डिवीजन के साथ लगते फतेहपुर, जवाली, इंदौरा को भी अति गर्म क्षेत्र में सम्मिलित किया गया है और यहां 1 जून से छात्रों को गर्मी की छुट्टियां दे दी हैं। साहित्यकार पंकज दर्शी ने इस संदर्भ में निदेशक शिक्षा विभाग शिमला, उपनिदेशक शिक्षा विभाग धर्मशाला, एसडीएम नूरपुर और डीसी कांगड़ा को सूचित किया है और मांग की है कि 16 से 30 जून तक छुट्टियां कर दी जाएं। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज से भी बात की है और बच्चों तथा अभिभावकों के संदर्भ में चिंता व्यक्त की है। सांसद ने त्वरित करवाई करवाने का आश्वासन दिया है। दर्शी ने कहा कि नूरपुर डिवीजन में छुट्टियां न होना हास्यप्रद है, क्योंकि जवाली, फतेहपुर इंदौरा से बहुत से छात्र नूरपुर डिवीजन में पढ़ते हैं, जबकि इन तीन डिवीजन में छुट्टियां चल रही हैं, लेकिन नूरपुर में शिक्षा लेने के कारण वे छुट्टियों से न केवल वंचित हैं, बल्कि गर्मी को भी सहन करने के लिए मजबूर हैं। वहीं, उपनिदेशक शिक्षा विभाग कांगड़ा अजय समयाल ने बीईओ सहोत्रा के माध्यम से रिपोर्ट मंगवाई है, जिसे शिक्षा विभाग निदेशक को जल्द ही भेजा जाएगा।

# जिले में ड्रोन के संचालन को पंजीकरण करवाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में ड्रोन अथवा मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के संचालन के लिए पंजीकरण अब अनिवार्य कर दिया है। जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने यह आदेश जारी किए हैं।

सुरक्षा कारणों और सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए जारी आदेशों में कहा गया कि जो भी व्यक्ति, संस्था, संस्थान या सरकारी एजेंसी ड्रोन का संचालन कर रही है, उन्हें आगामी सात दिन के भीतर अपने ड्रोन संबंधित पुलिस थाने में पंजीकृत करवाने होंगे। भविष्य में खरीदे जाने वाले ड्रोन भी खरीद की तिथि से सात दिन दिनों के भीतर पंजीकृत करवाने होंगे। पंजीकरण के लिए ड्रोन का मॉडल, सीरियल नंबर (यदि हो), उड़ान क्षमता, उपयोग का उद्देश्य (जैसे कृषि, निगरानी, फोटोग्राफी, आपातकालीन सेवाएं आदि), ऑपरेटर का नाम, पता व संपर्क जानकारी तथा यदि लागू हो तो रिमोट पायलट लाइसेंस की प्रति देना अनिवार्य होगा। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को पंजीकरण के लिए रजिस्टर तैयार करने और पुलिस अधीक्षक कांगड़ा को समय-समय पर रिपोर्ट भेजने को कहा है।

## संवेदनशील क्षेत्रों में लगाएं साइन बोर्ड : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कांगड़ा जिले में नदियों, खड्डों तथा नालों के नजदीक बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में पर्यटकों तथा नागरिकों के जाने या एकत्रित होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। इस बाबत जल शक्ति विभाग को संबंधित उपमंडलाधिकारियों के साथ बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को चिहिन्त करने तथा साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए हैं। पंद्रह दिन के भीतर रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून की सीजन में बारिश के चलते नदियों, खड्डों तथा नालों के आसपास अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना रहती है। यह देखने में आया है कि मानसून के सीजन नदियों तथा खड्डों के आसपास पर्यटक फोटोशूट, सेल्फी लेने के लिए एकत्रित हो जाते हैं और कई बार जलस्तर बढ़ने से हादसे हो चुके हैं। आपदा प्रबंधन को लेकर मानसून सीजन में जिला मुख्यालय तथा उपमंडल स्तर पर कंटोल रूम 24 घंटे संचालित करने के निर्देश दिए।

# जम्मू-कश्मीर व लद्दाख से आए कैडेट्स ने अनुभवों को संजोया



ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपेडिशन हिमट्रेक 2025 का आयोजन किया।

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** 5 एचपी इंडिपेंडेंट कंपनी धर्मशाला ने ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपेडिशन हिमट्रेक 2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान शिमला ग्रुप के डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल एएस बैंस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की डायरेक्टोरेट टीमों ने भाग लेकर अपनी-अपनी संस्कृति और परंपराओं को नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ डायरेक्टोरेट, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख डायरेक्टोरेट, उत्तराखंड डायरेक्टोरेट, राजस्थान डायरेक्टोरेट और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई। जूनियर विंग श्रेणी प्रथम पुरस्कार कैडेट आरुषि शर्मा (जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख डायरेक्टोरेट), द्वितीय पुरस्कार हीर लेखक (उत्तराखंड डायरेक्टोरेट), सीनियर विंग श्रेणी प्रथम पुरस्कार मेहक यादव (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टोरेट), द्वितीय पुरस्कार भवानी (जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख डायरेक्टोरेट) रहे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजस्थान डायरेक्टोरेट, द्वितीय स्थान (रनरअप) मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टोरेट रहे। सभी एएनओ और जीसीआई अधिकारियों को उनके योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। गर्ल्स बटालियन, एनसीसी सोलन के सभी स्वयंसेवकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए मेडल से सम्मानित किया गया। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से आए कैडेट्स ने विशेष बसों और ट्रेनों के माध्यम से अपने राज्यों के लिए रवाना हुए। उन्होंने धर्मशाला की यादगार यात्रा को अपने साथ ले जाते हुए नए अनुभवों और दोस्तियों को संजोया।

# तिब्बती कार्य एवं अभिलेखागार पुस्तकालय की मनाई 55वीं वर्षगांठ



तिब्बती कार्य एवं अभिलेखागार पुस्तकालय की 55वीं वर्षगांठ उपस्थित विशिष्ट अतिथि।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मैक्लोडगंज** में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सिक्योंग हॉल में तिब्बती कार्य एवं अभिलेखागार पुस्तकालय की 55वीं वर्षगांठ मनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग और विशेष अतिथि वक्ता खेंपो सोनम तेनफेल, क्याब्जे कीर्ति रिनपोछे सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में निदेशक के नेतृत्व में दलाईलामा के साथ कर्मचारियों की मुलाकात का वीडियो दिखाया गया। साथ ही क्याब्जे समधोंग रिनपोछे का एक वीडियो संदेश भी दिखाया गया।

तिब्बत की अनूठी भाषा, धर्म और संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता के 55 साल पूरे होने का जश्न मनाया गया। 55वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई दी और तिब्बत की अनूठी भाषा और संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने में इसके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की, विशेष रूप से तिब्बती जीवन के धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष दोनों क्षेत्रों में इसकी अमूल्य भूमिका की। इस दौरान मुख्य न्याय आयुक्त येशी वांगमो, उपसभापति डोलमा त्सेरिंग तेखांग, न्याय आयुक्त दावा फुनकी, चुनाव आयुक्त लोबसंग येशी, लोक सेवा आयुक्त कर्मा येशी, महालेखा परीक्षक ताशी तोपग्याल और निर्वासित तिब्बती संसद की स्थायी समिति के सदस्य शामिल थे।

# खरठ में बिछाई जा रही पाइपलाइन, दूर होगी पानी की कमी : मोंगरा

## एपीएमसी चेयरमैन ने कंदरेहड़ में दी विद्युत चलित दो मोटरें, बोले- इच्छी-मस्तपुर में लगेगा नया ट्यूबवेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**

**हिमाचल** में प्रचंड गर्मी के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कोर टीमें जनता की सेवा के लिए ग्राउंड जीरो पर उतर आई हैं। इसी कड़ी में एपीएमसी जिला कांगड़ा और प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश प्रमुख निशु मोंगरा हर गांव जाकर जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। मोंगरा ने वीरवार को कंदरेहड़ पंचायत का दौरा किया। इस पंचायत में पानी के लिए मोटर नहीं थी। अफसरों के दलबल साथ पहुंचे मोंगरा ने मौके पर दो बिजली चलित मोटरों का इंतजाम करवाया।

उन्होंने कहा कि एक मोटर मौके पर काम करेगी, जबकि दूसरी मोटर बैकअप के तौर पर काम आएगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत में एक स्थान पर जमीन ढूंढिए, आपको प्रदेश की कांग्रेस सरकार नया ट्यूबवेल लगा देगी। दूसरी ओर मोंगरा ने चंगर की खरठ पंचायत में पानी की समस्या का समाधान कर दिया है। खरठ में पानी की नई लाइनें बिछाई जा रही है।

मोंगरा ने कहा कि दशकों से इस समस्या को किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं समझा। अब नई लाइन बिछाने से पांच हजार आबादी को पानी मिल पाएगा।



कंदरेहड़ गांव में पेयजल स्रोतों का निरीक्षण करते निशु मोंगरा।

मोंगरा ने कहा कि इच्छी, नंदेहड़, अब्दुल्लापुर, जमानाबाद में साफ पेयजल के लिए पांच करोड़ से ट्यूबवेल लग रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों पर यह काम तेजी से किया जा रहा है।

अनसोली और भडवाल में भी पानी की कमी है। अनसोली-भडवाल वाटर स्कीम के लिए दो करोड़ सोलह लाख खर्च किए जाएंगे। इससे वहां पानी की कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि एपीएमसी जिला कांगड़ा में किसानों के लिए बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। नई सब्जी मंडियां बनाई जा रही हैं। पास्सू सब्जी मंडी को नए भवन में शुरू किया जाएगा। कछियारी में भी नई मंडी बनाई जा रही है।

# विद्यार्थियों ने जाना योग का महत्व

## केंद्रीय विश्वविद्यालय का योग विभाग शिक्षण संस्थानों में दे रहा प्रशिक्षण



धर्मशाला के पुलिस लाइन में शिविर के दौरान योग सीखते अधिकारी और कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** केंद्रीय विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग शिविरों का आयोजन कर रहा है।

प्रतिभागियों को प्रशिक्षित संकाय सदस्यों और शोद्यार्थियों की ओर से योग क्रियाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है और जीवन में योग का क्या महत्व है, उसके बारे में अवगत करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग विभाग के संकाय सदस्य डॉ. विकास नड्डा और उनकी टीम विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग शिविर लगा रही है। टीम ने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन में बीते दिनों तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षुओं को विभिन्न योग आसानों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें 80 प्रशिक्षुओं ने योग के सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, योग निद्रा और ध्यान की विधियों को सीखा। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। वहीं, धर्मशाला के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। इसमें डॉ. विकास नड्डा सहित शोधार्थियों चंद्र ज्योति, प्रवीन व पोषणसाहू ने योग का अभ्यास करवाया गया। पुलिस विभाग के 70 प्रशिक्षुओं ने योग के आसन सीखे।

# ड्रोन से औषधि प्रजातियों का डाटा होगा एकत्रित : संजीव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** वन मंडल अधिकारी पालमपुर डॉक्टर संजीव शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को वन विश्राम गृह बीड़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के सत्य प्रसन्न व अभिजीत परमार ने बताया कि हिमाचल वन विभाग और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हैदराबाद पिछले एक वर्ष से संयुक्त रूप से विभिन्न वन प्रजातियां की उपलब्धता और उनके वितरण का अध्ययन करने का कार्य कर रहे हैं।

इसके तहत वन विभाग के कर्मचारी जमीनी स्तर पर इन प्रजातियां को चिन्हित क्षेत्र से डाटा एकत्रित कर रहे हैं, जो पूरे प्रदेश में इन प्रजातियां के भौगोलिक वितरण और उत्पादन को जानने व समझने में मदद कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अध्ययन का प्रथम चरण पूरा किया जा चुका है। इस अध्ययन में अभी तक निचले इलाके की प्रजातियां पर कार्य पूरा किया जा चुका है तथा दूसरे चरण में ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाकों में पाई जाने वाली औषधि प्रजातियों का डाटा ड्रोन के माध्यम से एकत्रित किया जाएगा। इसके लिए आईएसबी द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुक्रवार से राजगुंधा में शुरू किया जाएगा।

# शाहपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में मिलेगी बेहतर यातायात सुविधा : पठानिया

## टांडा के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि किसान अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा पाएं। इसके साथ ही आम नागरिक भी लाभान्वित हो सकें। यह बात केवल पठानिया ने मकरोटी तथा कुठार में नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाने के बाद कही। यह बस सेवा रैत, प्रेई, चूड़था, पुहाड़ा, मकरोटी, भाटी, मेहरना और जमानाबाद गांवों से टांडा के लिए आरंभ की गई।

यह बस प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे शाहपुर से टांडा के लिए प्रस्थान करेगी व 10:10 बजे टांडा से पुनः शाहपुर के लिए रवाना होगी। टांडा मेडिकल कॉलेज के लिए बस सेवा आरंभ करने के लिए ग्रामीणों की लंबे समय से मांग उठाई जा रही थी। इस बस सेवा के आरंभ होने से रोगियों तथा उनके तामीरदारों को आवाजाही की बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही कई गांवों के लोग भी लाभान्वित होंगे।

### मुंदला में सुनीं जनसमस्याएं

**विधायक** जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत पठानिया ने मुंदला पंचायत के कडाकू बस्ती में लोगों की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश दिए। पठानिया ने कुठार तथा परसेल में मोटर संचालित हैंडपंप का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं तथा पेयजल योजनाओं के विस्तारीकरण और संवर्धन को लेकर आवश्यक बजट भी उपलब्ध करवाया गया है।

# अजय वर्मा ने खरठ और राजल में सुनीं जनसमस्याएं



लोगों की समस्याएं सुनते एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने वीरवार को खरठ और राजल पंचायत का दौरा कर लोगों की समस्या को सुना। उन्होंने खरठ में बिजली की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीन माह के अंदर थ्री फेस लाइन बिछाई जाए। वहीं, अधिकारियों को पानी और सड़क की समस्या का हल करने के निर्देश दिए।

राजल पंचायत में भी लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों ने मांग की कि एचआरटीसी की बस जो सलोल में खड़ी होती, उसे राजल तक बढ़ाया जाए, ताकि लोगों को रैत-शाहपुर-गगल जाने के लिए सुविधा हो। राजल में पानी और सड़क की समस्या का जल्द हल करने के निर्देश दिए। इस मौके पर खरठ पंचायत से अमर सिंह शिव, कमेटी प्रधान सुरेंद्र कुमार, साहब सिंह, उपप्रधान संदीप कुमार, राजल पंचायत से राजल के प्रधान शकील सिंह, उपप्रधान सुनील कुमार, पूर्व प्रधान वरियाम सिंह, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटे व बहू के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिडगांव के अंतर्गत अमर नाथ मियां (65) निवासी गांव झलवाड़ी तहसील चिड़गांव की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 10 जून को शाम 7 बजे के करीब उसके बेटे अनिल ठाकुर (42) व बहू मीनू (39) ने उसके साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की। उसे 11 जून दोपहर 12 बजे तक एक कमरे में बंद कर दिया। जब उसके पोते ने कमरा खोला तो उसके बाद वह रिपोर्ट करने पुलिस के पास गया। मारपीट के दौरान उसे चोटें भी आई हैं। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### चोरी मामले में 4 युवकों पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** विजय कुमार सूद पुत्र स्व. मोहन लाल निवासी कोर्ट रोड रोहड़ू जिला शिमला की शिकायत पर पुलिस थाना रोहड़ू में चोरी का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि 9 व 10 जून की मध्य रात्रि में राज, बिक्की, सन्नी और एक अन्य व्यक्ति ने समोली के पास उसके नए निर्माणाधीन भवन की दीवारों से तांबे की तार, वायरिंग और एसी फिटिंग की पाइप चुरा ली है। जिसकी कुल कीमत करीब एक लाख रुपए के करीब है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 2012 बैच के एक साल के एनटीटी डिप्लोमा धारकों को मिले मौका : नैंसी अटल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश ने एनटीटी (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग) भर्ती प्रक्रिया में एक वर्षीय डिप्लोमा धारकों को पात्रता सूची से बाहर करने के प्रदेश सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। अभाविप प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने आज एक बयान जारी कर इस निर्णय को अन्यायपूर्ण बताया, जिससे 2012 बैच और उससे पूर्व के सैकड़ों युवा प्रभावित हो रहे हैं। नैंसी अटल ने कहा कि सरकार द्वारा हाल ही में घोषित इस भर्ती प्रक्रिया में केवल दो वर्षीय डिप्लोमा धारकों को पात्र माना गया है, जबकि एक वर्षीय डिप्लोमा उस समय की मान्यता प्राप्त प्रणाली के अंतर्गत था। यह उन युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिन्होंने वर्षों तक नौकरी की प्रतीक्षा की। उन्होंने आगे कहा कि कई डिप्लोमा धारक अब आयु सीमा पार कर चुके हैं। अभाविप हिमाचल प्रदेश सरकार से तत्काल मांग की है कि 1 वर्षीय एनटीटी डिप्लोमा धारकों को भी इस भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाए और उनके साथ न्याय किया जाए।

### 18 जून को प्रबंधन से मिलेंगे किसान



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल किसान सभा लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावित कमेटी ने भद्राश में बैठक कर प्रोजेक्ट प्रभावित किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि 18 जून को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल सतलुज जल विद्युत निगम से मिलेगा। किसान सभा के नेताओं, जिनमें ओंकार शाद, देवकी नंद और कृष्णा राणा शामिल हैं, ने 24 अप्रैल के समझौते को लागू करने में प्रशासन और एसजेएनवी पर आनाकानी का आरोप लगाया। उन्होंने फसल और दरारों से हुए नुकसान के मुआवजे में देरी पर गहरी नाराजगी जताई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो कंपनी के काम बंद कर दिए जाएंगे।

# रीडिंग व लर्निंग में देश का प्रथम राज्य बना हिमाचल : रोहित ठाकुर

## शिक्षा मंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम में दी जानकारी, जनसमस्याओं का किया निदान

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि असर की हालिया रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश रीडिंग और लर्निंग में देश का प्रथम राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने जोर दिया कि हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत में अव्वल बनाए रखने में सरकार, शिक्षकों और छात्रों को मिलकर सकारात्मक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि वह इस स्थान पर है, और इसे बनाए रखने या और आगे बढ़ने के लिए निरंतर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

अपने प्रवास के दौरान जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ये बात उपस्थित जनसमूह और छात्रों से एक विशेष जनसंवाद कार्यक्रम में कहीं। उसके बाद उन्होंने न्यू बस स्टैंड कोटखाई के पास निर्माणाधीन डंगे का निरीक्षण किया। 2023 की प्राकृतिक आपदा के दौरान हुए भूस्खलन से खतरे में आए बस अड्डे के भवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने अधिकारियों को कार्य में तेज़ी लाने और इसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री ने इस निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 43 लाख की राशि स्वीकृत कराने के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस डंगे का निर्माण कोटखाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । इसके अलावा विकास कार्यों के जायजे के साथ-साथ, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई स्थित विकास भवन में क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से भी मुलाकात की।



न्यू बस स्टैंड कोटखाई के पास निर्माणाधीन डंगे का निरीक्षण करते हुए।

### विद्यार्थियों से किया संवाद

**इस** अवसर पर शिक्षा मंत्री ने सरस्वती विद्या मंदिर, कोटखाई के विद्यार्थियों से भी बातचीत की व सवालों के जवाब दिए।

### शोक संतप्त परिवार से मिले

**मंत्री** रोहित ठाकुर ने कोटखाई निवासी नरेश शर्मा और उनके परिवार से भी मुलाकात की। उन्होंने नरेश शर्मा की पत्नी और बेटी के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

# बुशहर बीएड संस्थान नोगली का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान



**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बुशहर बीएड संस्थान नोगली (कलना) ने एक बार फिर अपनी अकादमिक उत्कृष्टता साबित करते हुए प्रथम और तृतीय सत्र की सेमेस्टर-एंड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

प्रथम सत्र में, स्नेह लता ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ पहला, मोनिका ठाकुर ने 76.57 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा, और श्रेया मेहता ने 76.28 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सत्र के सात विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि अन्य सभी ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

तृतीय सत्र में, अनामिका जोशी ने 90.28 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पारुल डोगरा और वर्षा वर्मा ने संयुक्त रूप से 89.71 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि कृष्णा भारती ने 89.14 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सत्र के 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और बाकी सभी ने 77 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया।

### होनहारों को दी बधाई

**संस्थान** के प्राचार्य डॉ. तिलक राज भारद्वाज ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी बेहतर अकादमिक प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के अध्यक्ष पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, और सचिव ई. राजीव सहित अन्य सदस्यों ने इस सफलता का श्रेय समस्त शिक्षक वर्ग की कड़ी मेहनत को दिया।

# पुलिस हिरासत से भागे 2 चिट्टा तस्कर एक दबोचा, दूसरे की तलाश जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**जिला** शिमला के जुब्बल थाना में चिट्टा तस्करी के आरोप में पकड़े गए दो आरोपी पुलिस की हिरासत से फरार हो गए। यह घटना बुधवार शाम की है, जब पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेशी के बाद वापस थाने लेकर पहुंची थी।

जानकारी अनुसार पेशी के बाद जब आरोपी मनीष निवासी जुब्बल और विक्रांत को थाने लाया गया तो दोनों ने टॉयलेट जाने का बहाना बनाया। जैसे ही उन्हें टॉयलेट ले जाया जा रहा था तब दोनों ने मौके का फायदा उठाते हुए थाने की दीवार फांद दी और झाड़ियों में कूदकर भाग निकले। पुलिसकर्मियों ने शोर मचाकर भाग रहे दोनों आरोपियों का पीछा किया। इसमें एक आरोपी विक्रांत को मौके पर ही पकड़ लिया गया लेकिन मनीष फरार हो गया।

### टॉयलेट जाने का बहाना बनाकर हुए थे फरार

पुलिस के मुताबिक मनीष और विक्रांत को जुब्बल पुलिस ने एक दिन पहले ही नशीले पदार्थ चिट्टा के साथ पकड़ा था। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। अब मनीष के फरार होने के चलते उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 262 और 3 (5) के तहत नया मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आसपास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है ताकि फरार आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

# सभी गैस उपभोक्ता तय समय में करवाएं केवाईसी: दिग्विजय

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** गैस एजेंसी चिडगांव के प्रभारी दिग्विजय सिंह शरवाण ने बताया कि सरकार द्वारा एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए ई- केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यदि वे निर्धारित समय के भीतर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं, तो अपने एलपीजी गैस कनेक्शन पर मिलने वाले अनुदान से वंचित रह सकते हैं। इसलिए सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी एलपीजी गैस की ई-केवाईसी प्रक्रिया को शीघ्र अति शीघ्र पूरा कर लें। उपभोक्ता अपनी नजदीकी गैस एजेंसी एवं अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र पर जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अपनी सुरक्षा व निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता पुरानी गैस पाइपलाइन को बदल लें। शरवाण ने बताया कि नई गैस पाइपलाइन गैस एजेंसी चिड़गांव में उपलब्ध है।

# प्लास्टिक कचरे के खतरों, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर इसके दुष्प्रभावों के बारे में की चर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** में द इंटीग्रेटेड माउंटेन इनिशिएटिव (आईएमआई) के राज्य अध्याय सतत विकास मंच हिमाचल प्रदेश द्वारा 'ग्लोबल प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूर्व उपायुक्त शिमला डॉ. एसएन जोशी ने इसकी अध्यक्षता की।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता पर जागरूकता फैलाना और इसके समाधानों पर विचार-विमर्श करना था। वक्ताओं ने प्लास्टिक कचरे के खतरों, पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य पर इसके दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर जोर दिया। सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दिनेश मल्होत्रा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2018-19 में लगभग 3.36 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ। सरकार के प्रयासों की सराहना।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की, जिनमें सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध बाय-बैक नीति और पॉलीथीन हटाओ पर्यावरण बचाओ जैसे अभियान शामिल हैं।



कार्यशाला में भाग लेते पूर्व उपायुक्त शिमला व अन्य।

### कई पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

**एसडीएफएचपी** के प्रदेश सचिव डॉ. एमपी सूद और आईएमआई के अध्यक्ष रमेश नेगी (ऑनलाइन) ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर पूर्व सांसद पीडी राय सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# वेतन न मिलने से ग्राम रोजगार सेवक खफा

## बैठक में जताई चिंता, सहायक आयुक्त एवं विकास खंड अधिकारी सदर को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर** में जिला ग्राम रोजगार सेवकों की बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम रोजगार सेवकों ने लगातार वेतन न मिलने की समस्या को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और इस संबंध में सहायक आयुक्त एवं विकास खंड अधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में 1034 ग्राम रोजगार सेवक हैं, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2008 में मनरेगा योजना के अंतर्गत की थी और तब से वे मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण ग्रामीण विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, पंचायत सचिवों के समान वेतनमान दिए जाने के बावजूद ग्राम रोजगार सेवकों को मेडिकल रीइंबर्समेंट, ग्रेच्युटी, एनपीएस/ओपीएस, अर्जित अवकाश जैसे अन्य वित्तीय लाभों से वंचित रखा गया है। सेवकों ने बताया कि उन्हें पूर्व में मिलने वाला महंगाई भत्ता और वार्षिक इंक्रीमेंट जनवरी 2023 से बंद कर दिया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक खराब हो गई है। वर्तमान में अधिकांश ग्राम रोजगार सेवकों को 4 से 5 महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते उनके लिए परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।



बिलासपुर में वीरवार को सहायक आयुक्त एवं विकास खंड अधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपते जिला ग्राम रोजगार सेवक।

### बोले- समय पर नहीं मिलता वेतन, घर चलाना भी मुश्किल

**सेवकों** ने कहा कि उन्हें तीन से चार माह के अंतराल में वेतन मिलता है, जो अनुचित है। ग्राम रोजगार सेवक संघ ने इस विषय में कई बार सरकार और विभाग से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है जब उन्हें ग्रामीण विकास विभाग के रिक्त पदों में समायोजित किया जाए। संघ ने मुख्यमंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह किया है कि इस गंभीर मुद्दे को आगामी मंत्रिमंडल की बैठक में सम्मिलित करते हुए ग्राम रोजगार सेवकों की समस्या का हल किया जाए। बैठक की अध्यक्षता राज्य कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला बिलासपुर अध्यक्ष संदीप कुमार, सुभाष शर्मा, राजेश कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# आईटीआई भराड़ी में आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भराड़ी में सत्र 2025-26 के लिए तीन ट्रेडों में कुल 84 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। संस्थान में सेविंग टेक्नोलॉजी में 40, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 24 तथा ड्राइवर कम मैकेनिक (एलएमवी) में 20 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

प्रवेश के लिए प्रथम चरण में आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध होना आवश्यक है- दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, हिमाचल प्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वर्ग प्रमाण पत्र, उप-वर्ग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं अन्य संबंधित प्रमाण पत्र। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01978-273110 पर संपर्क कर सकते हैं।

# धार टटोह में 54 लाभार्थियों को वितरित किए सहायक उपकरण



धार टटोह पंचायत के सामुदायिक भवन में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**जिला** प्रशासन, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को धार टटोह पंचायत के सामुदायिक भवन में वयोश्री योजना, एडीप योजना और स्पर्श कार्यक्रम के तहत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें विकास खंड अधिकारी बबीता धीमान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर धार टटोह, सोलग जुरासी, द्रोबाद, धोंन कोठी, बैरी रजादियां और पंजगाई सहित छह पंचायतों के कुल 54 लाभार्थियों को लगभग 4.5 लाख रुपए के सहायक उपकरण वितरित किए गए। 11 दिव्यांगजन और 43 वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे। वितरित किए गए सहायक उपकरणों में 43 कम्बोड चेयर, 17 व्हीलचेयर, 8 एल्बो क्रचेस, 47 स्टिक्स, 62 नी ब्रेस, 42 लुम्बो-सैक्रल बेल्ट, 4 सिलिकोन फोम कुशन और 24 हियरिंग एड शामिल हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अमित कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी बनीता बंसल, एलिम्को की टीम से शिवानी शर्मा, ग्राम पंचायत धार टटोह के उपप्रधान एवं वार्ड सदस्य सुभाष चंद, पलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, पंचायत सचिव जय लाल तथा स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिलासपुर में वर्मा ज्वेलर्स ने लगाई आभूषण प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**वर्मा** ज्वेलर्स सोलन की ओर से बिलासपुर में आभूषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी हिमाचल पर्यटन विभाग बिलासपुर के होटल लेक व्यू में आयोजित की गई। वर्मा ज्वैलर्स के सीनियर सेल्स एक्सपर्ट वरुण गर्ग ने बताया कि यह प्रदर्शनी मंडी और सुंदरनगर के बाद अब बिलासपुर में लगाई गई है।

अब तक वह हिमाचल प्रदेश में 45 से अधिक सफल प्रदर्शनियां आयोजित कर चुके हैं। उनका उद्देश्य केवल आभूषण बेचना नहीं, बल्कि ग्राहकों से मधुर संबंध बनाए रखना भी है। प्रदर्शनी में हीरे, सोने और चांदी से निर्मित आभूषणों के साथ-साथ हिमाचली पारंपरिक गहनों और प्राचीन कालीन डिजाइनों को भी प्रदर्शित किया गया है। विशेष बात यह है कि राजा-महाराजाओं के समय की

### राजा-महाराजाओं की शैली की ज्वेलरी बनी आकर्षण का केंद्र

शैली में बने गहनों को बेहतरीन कारीगरों ने तैयार किया है। वर्मा जेवेल्लेर्स लाया अपने प्रिय ग्राहको के लिए शानदार ऑफर यदि आप 50,000 रुपए की सोने की खरीदारी करते हैं, तो उन्हें 100 मिलीग्राम का सोने का सिक्का उपहार स्वरूप दिया जाएगा। वहीं, हीरे की खरीदारी पर दो सिक्के दिए जाएंगे।

सोने की शुद्धता जांचने के लिए विशेष मशीन की व्यवस्था भी प्रदर्शनी स्थल पर की गई है, ताकि खरीदारों को पारदर्शिता का भरोसा मिल सके। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वर्मा ज्वेलर्स के स्टाफ ने प्रदर्शनी की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और इसे हिमाचल में आभूषण प्रेमियों के लिए सुनहरा अवसर बताया।

# भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति बिलासपुर ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) पर आरोप लगाया कि उसके कर्मचारियों ने निजी भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया है। समिति के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बीबीएमबी के चेयरमैन और अभियंता नंगल को लिखित शिकायत सौंपी है। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों की निजी भूमि पर बड़े-बड़े पत्थरों को चिन्हित बिंदुओं के रूप में रखकर दावा किया कि उक्त भूमि बीबीएमबी की है। करीब 100 मीटर क्षेत्र में निजी जमीन को बीबीएमबी भूमि बताकर कब्जा करने की कोशिश की गई। लोगों ने विरोध किया और राजस्व विभाग से संपर्क कर जमीन की पुन: पैमाइश करवाई, जिसमें पुराने बिंदु सही पाए गए। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी को बिना मालिक की अनुमति किसी भी निजी भूमि पर गतिविधि करने का कोई अधिकार नहीं है। यदि बीबीएमबी द्वारा अतिक्रमण का प्रयास जारी रहा तो ग्रामीण मजबूरन सड़कों पर उतरने को विवश होंगे। ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति ने बीबीएमबी से मांग की है कि वह तुरंत प्रभाव से अतिक्रमण का प्रयास बंद करे और ग्रामीणों की निजी भूमि का सम्मान करे।

# नोग बध्यात गांव में रेलवे प्रोजेक्ट से कई मकानों में दरारें आने से आक्रोश

## हड़ताल पर डटे ग्रामीण, प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

रेलवे निर्माण प्रोजेक्ट के चलते नोग बध्यात गांव में कई मकानों में आई दरारों के बाद ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाइयों से असंतुष्ट ग्रामीण हड़ताल पर डटे हुए हैं। वीरवार को एसी-टू-डीसी के मौके पर पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वह प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे प्रोजेक्ट के चलते उनके मकानों को नुकसान हुआ है। मकानों में दरारें आ चुकी हैं और रहना मुश्किल हो गया है। एसी-टू-डीसी की ओर से पुन: सर्वे करवाने की बात कही गई, लेकिन ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। प्रशासन की ओर से मुआवजे के रूप में 1 लाख 30 हजार रुपए का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें पूरा मकान गिराकर नया बनवाने की बात कही जा रही है। वहीं, मरम्मत के लिए 12,500 रुपए की राशि प्रस्तावित की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस राशि से तो एक छोटी रसोई भी तैयार नहीं हो सकती। ऐसे में पूरे मकान का निर्माण असंभव है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से दबाव बनाने के लिए पुलिस कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि अपने हक के लिए जेल जाने या पुलिस की लाठियां खाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। एसडीएम ने भी मौके पर निरीक्षण किया था, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब प्रशासन ही उनके पास आएगा, वे स्वयं प्रशासनिक दफ्तरों में नहीं जाएंगे। गौरतलब है कि रेलवे निर्माण कार्य के चलते लगातार इस प्रकार की शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा समाधान नहीं होने से लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।



प्रशासन की कार्रवाई से असंतुष्ट होने पर ग्रामीण हड़ताल पर डटे हुए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू



जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजन सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिला आयुष कार्यालय बिलासपुर में तैयारियों का आगाज हो गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजन सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. विक्रांत, डॉ. शिवानी, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. रोहित, डॉ. प्रियंका, डॉ. मृदुला और डॉ. एकता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। आयुर्वेद फार्मेसी अधिकारी कुमार, अनिल कुमार, शर्मिला और सोनिया भी बैठक में उपस्थित रहे और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजन सिंह ने बताया कि इस वर्ष के योग दिवस की थीम 'योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' रखी गई है। इस थीम का उद्देश्य न केवल व्यक्तिगत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और पृथ्वी के स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान केंद्रित करना है। इस बार के आयोजन में 'योग संगम एवं हरित योग' के तहत विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे योग को प्रकृति के साथ जोड़ने पर बल दिया जाएगा। इस थीम के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि मनुष्य और प्रकृति दोनों के स्वास्थ्य का आपस में गहरा संबंध है।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना धर्मपुर के अंतर्गत आने वाले गांव गद्योल धर्मपुर निवासी 62 वर्षीय रसपाल पुत्र रघुराम ने अपने घर पर किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। परिजनों ने जब उनकी हालत बिगड़ती देखी तो उन्हें तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया, जहां आज सुबह पोस्टमार्टम किया गया। प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि पुलिस द्वारा हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भांबला के गांव वही के कमलेश कुमार पुत्र चिंत राम ने गत दिवस किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में उपचार हेतु एम्स बिलासपुर ले जाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और मामले की जांच जारी है। परिवार में शोक की लहर है।

### नंबरदारों ने मांगा पहचान पत्र

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी नंबरदार कल्याण संघ की बैठक भीमा काली मंदिर परिसर में प्रधान मेघ सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रस्ताव पारित कर यह मांग की गई कि तहसीलदार की ओर से सभी नंबरदारों को पहचान पत्र जारी किए जाएं। इंतकाल फीस में बढ़ोतरी की तर्ज पर मालिया बढ़ोतरी का सुझाव दिया गया। नंबरदारों के मानदेय में बढ़ोतरी करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए मांग की गई कि मामला उगाही को सुविधाजनक व पारदर्शी करने हेतु फर्द-बाछ की तर्ज पर ढाल-बाछ बनाई जाए। आगामी बैठक सितंबर माह में करने के निर्णय के साथ ही सदस्यों को कहा गया कि चुने हुए संगठन की सहमति के बिना कोई भी बैठक ना की जाए अन्यथा ऐसे सदस्यों को संगठन से बाहर किया जाएगा।

### चुनावों का करेंगे बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन ने उपयुक्त मंडी से मांग की है कि नगर परिषद में चौक से डडौर वार्ड को नगर परिषद नियर चौक से बाहर कर उसे ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाए। इस मांग को लेकर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीताराम वर्मा की अगुवाई में देवी रूप सैनी, मुनि लाल राव, ऋखिराम, अमी चंद आदि का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला उन्होंने उपायुक्त को बताया कि इससे पहले भी एसडीएम बल्ह को बार-बार यह ज्ञापन दे चुके हैं पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो वहां के बाशिंदे आने वाले हर चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### घनश्याम को फिर मिली अध्यक्ष पद की कमान

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** रिवालसर भूतपूर्व सैनिक लीग का चुनाव तीन वर्षों की निर्धारित अवधि के पूर्ण होने के उपरांत मंगलवार को लेदा में सम्पन्न हुआ। यह चुनाव मंडी जिला भूतपूर्व सैनिक लीग के उपाध्यक्ष कर्नल तारा प्रताप सिंह राणा एवं महासचिव कैप्टन बीर सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। सभा की बैठक के आरंभ में अध्यक्ष घनश्याम ठाकुर ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों का लेखा-जोखा जनरल हाउस के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित सदस्यों ने सराहना के साथ स्वीकार किया और कुछ अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर सहमति बनी। वहीं जनरल हाउस बैठक के उपरांत सभी उपस्थित सदस्यों ने आग्रह किया कि नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव उसी दिन सम्पन्न किए जाएं। इस प्रस्ताव को मंडी से आए पदाधिकारियों ने स्वीकार करते हुए चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया के उपरांत नई कार्यकारिणी गठित की गयी जिसमें दोबारा से घनश्याम ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सूबेदार उपाध्यक्ष सूबेदार जगदीश कुमार, उपाध्यक्ष कैप्टन यादविन्द्र कुमार, सचिव कैप्टन जसवंत वर्मा, सह सचिव कैप्टन कांशी राम गुलेरिया, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर गुरदेव शर्मा, मुख्य सलाहकार सूबेदार जगदीश चंद, सलाहकार सूबेदार कर्म सिंह, मीडिया प्रभारी सूबेदार मेजर नरेश आज़ाद को लीग की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा नायक अगर नाथ व नायब सूबेदार पदमनाथ को सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया।

### शीतला माता मेला हमारी सांस्कृतिक पहचान व लोक आस्था का प्रतीकः राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के भौण कलौहड़ में आयोजित जिला स्तरीय शीतला माता मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए विधायक एवं भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने मेले की सफलता के लिए समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई दी और माता शीतला के चरणों में शीश नवाकर सभी के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, मेला कमेटी के अध्यक्ष एल आर चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राकेश जमवाल ने कहा कि शीतला माता मेला देवभूमि हिमाचल की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन हमारी लोक संस्कृति को सहेजने और भावी पीढ़ी तक पहुंचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित है, बल्कि यह सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द और स्थानीय कला व संस्कृति का उत्सव भी है। मेले के सफल आयोजन के लिए आने वाले समय में भी हर संभव सहयोग दिया जाएगा और भविष्य में भी इस पावन स्थल को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सशक्त करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, मेले की आयोजन समिति और समस्त श्रद्धालुओं का हृदय से आभार प्रकट किया जिन्होंने शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण माहौल में इस मेले को संपन्न किया। समारोह के दौरान राकेश जमवाल ने मेले में प्रतिभाग करने वाले लोक कलाकारों,दंगल के लिए आए पहलवानो द्वारा कुश्ती,सांस्कृतिक दलों और स्थानीय बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की।

# चंबा जिले के सबसे बड़े अस्पताल में दर्द निवारक इंजेक्शन ही नहीं

## इमरजेंसी में इलाज करवाने के लिए आ रहे मरीजों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पंडित** जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन कक्ष में मरीजों को दर्द निवारक इंजेक्शन भी बाहर से खरीद कर लगवाने पड़ रहे हैं। गैस की वजह से पेट में होने वाली दर्द में डॉक्टर मरीजों को पैनटॉप इंजेक्शन लिखते हैं जो आपातकालीन कक्ष में मौजूदा समय में खत्म हो चुके हैं।

यह इंजेक्शन मरीज खरीदकर लगवा रहे हैं जबकि, आपातकालीन कक्ष में इस प्रकार की जरूरी दवाई होना काफी जरूरी है। क्योंकि, रात को दर्द से पीड़ित लोग ही इलाज करवाने के लिए यहां पहुंचते हैं। कई बार मरीजों के पास पैसे भी नहीं होते। ऐसे हालात में मरीजों को अपना इलाज करवाना मुश्किल हो जाता है। डॉक्टर सीधे पर्ची पर इंजेक्शन का नाम लिख देते हैं और स्टाफ नर्स मरीजों को इंजेक्शन बाहर से लाने के लिए बोल देती हैं। यदि मरीज इंजेक्शन खरीद कर ले आता है तो उसे लगा दिया जाता है अन्यथा इंजेक्शन का जुगाड़ होने तक मरीज को इंतजार करना पड़ता है।

उधर, मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. मानिक सहगल ने बताया कि कक्ष में मरीजों को दर्द निवारक इंजेक्शन क्यों नहीं लगाया जा रहा, इसके बारे में पूछताछ करके समस्या का निदान करवाया जाएगा।



पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा की फाइल फोटो।

### इंजेक्शन न मिलना चिंता का विषय

**स्थानीय** लोगों हरीश कुमार, आशा, सुरेश कुमार, प्यार चंद, संजय शर्मा, शक्ति प्रसाद, विनोद, गुरमीत और योग राज ने बताया कि मेडिकल कॉलेज जिले का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संस्थान है। ओपीडी सेवाएं शाम को जब बंद हो जाती हैं, तो सभी मरीज आपातकालीन कक्ष में इलाज करवाने के लिए जाते हैं। ऐसे में वहां दर्द निवारक इंजेक्शन न मिलना काफी चिंता का विषय है। इस दिशा में प्रबंधन को उचित कदम उठाने की आवश्यकता है।

# मोदी सरकार ने जात-पात की राजनीति को किया खत्म: भारद्वाज



सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज बनीखेत में प्रेसवार्ता करते हुए।

**तलविंद्र सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** चंबा-कांगड़ा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी कि उपलब्धियां के बारे में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इन 11 वर्षों में राजनीति इमो को स्थापित किया है और देश 11 वर्षों में कहां से कहां पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा कि चाहे शिक्षा के बारे में यहां गरीब कल्याण के बारे में देश के स्वाभिमान का क्षेत्र हो या फिर राजनीति के मामले में और जात-पात की राजनीति को खत्म किया। उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी पहली बार संसदीय दाल में अपना भाषण दिया था तो उन्होंने कहा था कि ए मेरे देशवासियों मेरी सरकार गांव और गरीबों के प्रति समर्थन देने वाली सरकार होगी और इन 11 वर्षों में उन्होंने गांव के प्रति कितनी ही योजनाएं बनाई चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो गरीबों को पक्की छत मिले। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत लोग हमारे गांव में रहते हैं जिसमें की ज्यादातर किसान और किसानों को कभी मौसम के मार कभी प्रकृति के मार ऐसी विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि किसानों के प्रति हमें पूरी हमदर्दी है।

# राज्यभर में कारीगरों की आजीविका को नया आयाम देगी स्फूर्ति योजना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिमाचल** की मिट्टी में रची-बसी पारंपरिक शिल्पकला को अब नया सहारा मिलने जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पारंपरिक उद्योगों के पुनरुत्थान के लिए निधि योजना (स्फूर्ति) के अंतर्गत राज्यव्यापी जागरूकता कार्यशालाओं की शुरुआत कर दी हैं। जो न केवल कारीगरों की आजीविका को नया आयाम देगी, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को भी एक बार फिर जीवंत करेगी।

इस कड़ी में पहला आयोजन चंबा जिला के ऐतिहासिक चौगान में स्थित होटल सिटी हार्ट में आयोजित किया गया, जिसमें 50 से अधिक कारीगर, पंचायत प्रतिनिधि एवं उद्योग विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

कार्यशाला में विधिशा शर्मा एवं अंजना ठाकुर ने योजना की गहराई से जानकारी दी और बताया कि कैसे एक सामान्य कारीगर भी इस योजना के माध्यम से सशक्त उद्यमी बन सकता है। यह पहल राज्य सरकार द्वारा MSME मंत्रालय और नाबार्ड के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य है — हिमाचल के हर जिले में पारंपरिक कारीगरों को समूहबद्ध कर, उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण, उन्नत उपकरण, बाजार से जोड़ना और व्यवसायिक योजना के तहत आगे बढ़ाना। स्फूर्ति योजना, जो 2005 में शुरू की गई थी, अब हिमाचल में एक नया बदलाव लाने जा रही है। यह न केवल हजारों ग्रामीण कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में भी मदद करेगी।

कार्यशालाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को व्यवसाय नियोजन, उत्पाद विविधता, ब्रांडिंग, आधुनिक तकनीकों, गुणवत्ता सुधार एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने जैसे विषयों पर व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभूतपूर्व पहल के ज़रिए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि गांवों की गलियों में गूंजती कारीगरी फिर से प्रखर हो , और कारीगर कला से आर्थिक मजबूती की ओर एक सशक्त कदम बढ़ाएं।



कार्यशाला में विधिशा शर्मा व अंजना ठाकुर सहित कई शमिल हुए।

# सीएम के समक्ष रखेंगे भेड़ पालकों की समस्याएं: मनोज

## वूल फेडरेशन के चेयरमैन का चंबा दौरा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज ठाकुर के चंबा दौरे के दौरान कलसुई व दूनाली में ब्रेही वैली के युवाओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। वीरवार को ग्राम पंचायत कुंर में पशुपालन विभाग चंबा व वूल फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय भेड़ पालक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता स्वयं वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज ठाकुर ने की।

इस अवसर पर पशुपालन उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर ने उपस्थित भेड़ पालकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उनकी संवाद शैली, सरल भाषा और तकनीकी समझ ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बना दिया। डॉ. कपूर को भेड़ पालकों की जमीनी जरूरतों की गहरी समझ के लिए विशेष रूप से सराहा गया। शिविर के दौरान भेड़ पालकों ने अपनी समस्याएं और मांगें चेयरमैन ठाकुर के समक्ष रखीं। ठाकुर ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं और मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं गद्दी समुदाय से हैं और इस परंपरागत व्यवसाय की गिरती स्थिति को लेकर गंभीर चिंतित हैं।

शिविर में वूल फेडरेशन के निदेशक अजय सिंह, उपनिदेशक मुंशी राम कपूर, अविनाश शर्मा, ग्राम पंचायत कुंर की प्रधान कल्पना देवी, सहायक निदेशक पशुपालन विभाग भरमौर डॉ. राकेश भांगलिया, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. तनु डोगरा (गैहरा), डॉ. नरेंद्र ठाकुर, धरत, संतोष कुमार सहित लगभग 60 से 70 भेड़ पालक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। साथ ही 30 भेड़ पालकों को दवाई की किट प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुंर की प्रधान व अन्य ग्रामीणों ने चेयरमैन मनोज ठाकुर जी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन होता रहना चाहिए।



वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज ठाकुर को सम्मानित करते हुए।

**कुंर पंचायत में शिविर के दौरान 30 भेड़ पालकों को बांटी दवाई किट**

# एडीएम ने किसानों-बागवानों से की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** विकसित भारत संकल्प अभियान का समापन भरमौर की खनी पंचायत में संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम भरमौर कुलवीर राणा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में किसानों-बागवानों से सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक नगदी फसलों का उत्पादन किसानों की आमदन बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा।

उन्होंने कृषि एवं बागवानी विभाग के उपस्थित अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ लोगों को पहुंचाना सुनिश्चित करें। उपस्थित किसानों द्वारा बैंकों द्वारा के सी सी में से फसल बीमा की किस्त कटने के बाबजूद किसानों को फसल के नुकसान का मुआवजा न देने की शिकायतों पर विभाग को गंभीरता से कार्य करने के आदेश दिए। इस कार्यक्रम में कृषि एवं बागवानी की आधुनिक तकनीकें अपनाने,उन्नत किस्मों के बीजों तथा प्राकृतिक खेती पर विभिन्न विभिन्न वक्ताओं ने उपस्थित किसानों बागवानों की जानकारी दी। बागवानी विभाग के एस एम एस डॉ मनोहर लाल ने सेब की खेती के साथ साथ कीवी तथा ब्लू बेरी के उत्पादन करने की भी सलाह दी।

**विकसित भारत संकल्प अभियान का खनी पंचायत में समापन**

## जरूरतमंदों की मदद करेगी हिंदू महासभा

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी के आदेशानुसार हिन्दू महासभा हिमाचल प्रदेश इकाई की प्रादेशिक बैठक का आयोजन बद्दी में हुआ। इस बैठक में भटियात से प्रदेश अध्यक्ष सूरज भारद्वाज और प्रदेश अध्यक्ष बबलू पठानिया और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेश ठाकुर ने विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत की। बैठक में जिला इकाइयों और प्रदेश सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी समय संगठन किस प्रकार से कार्य करेगा इस की रूप रेखा तैयार की गई। वहीं बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि आगामी समय में हिंदू महासभा जरूरतमंदों को हिमाचल में ब्लड भी उपलब्ध करवाएगी। इसके अलावा गरीबों और जरूरतमंदों के लिए भी हिन्दू महासभा हर समय खड़ी रहेगी।

# 'धरती आभा जनजातीय अभियान' के शुरू होने वाले जागरूकता शिविरों का पात्र लाभार्थी लें लाभ: रमन

**अनंत ज्ञान, पांगी**

**उपमंडल** पांगी में वीरवार को आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें जनजातीय गौरव वर्ष के तहत भारत सरकार के आगामी अभियान के अनुरूप 15 से 30 जून, 2025 तक 'धरती आभा जनजातीय अभियान' जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविरों के आयोजन बारे चर्चा की गई। आवासीय आयुक्त ने बताया की ये शिविर पांगी के 11 गावों में लुज, धरवास, कवास, झलवास, महालियत, कुफा, साच खास, रेइ, शौर, पुर्थी और थांदल में लगाए जाएंगे ताकि सरकारी योजनाओं का अंतिम छोर तक वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने घाटी के लोगों से आगामी शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया, उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों की पहचान करके उन्हें मौके पर ही सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे आगे आएं, पूरे दिल से भाग लें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र लाभार्थी पीछे न छूट जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आधार सेवाओं, पीएम-जेएवाई/आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड, जन धन योजना/बैंक खाता खोलने, कृषि और संबद्ध कल्याण योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा अंतर में कमी, कौशल विकास और प्रशिक्षण, खाद्य सुरक्षा, आरडीडी योजनाएं, युवा सेवाएं और खेल, वन अधिकार और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लाभों को उपलब्ध करवाने के लिए एक मंच के माध्यम से काम किया जाएगा।

## शिविर में 40 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सेवा और मानवता की भावना को समर्पित एक सराहनीय पहल के तहत कैंटोनमेंट बोर्ड बकलोह द्वारा वीरवार को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विश्व रक्तदाता दिवस (14 जून) के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया और बकलोह कैंटोनमेंट बोर्ड हाई स्कूल परिसर में सुबह 10:00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक चला। इस शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

शिविर का विधिवत उद्घाटन कैंटोनमेंट बोर्ड बकलोह की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेबेल क्रिश्चियन द्वारा किया गया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोनीत सदस्य डलहौजी छावनी विनोद महाजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और बोर्ड की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस शिविर में 40 रक्तदाताओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह शिविर पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा की मेडिकल टीम के सहयोग से, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के निर्देशन में आयोजित किया गया। सभी रक्तदाताओं को उनके योगदान के लिए सम्मान पत्र प्रदान किए गए। बोर्ड इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों और चिकित्सा दल का हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## कन्या स्कूल भरमौर में भोलेनाथ की स्तुति से शुरू होती है पढ़ाई

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर में मॉर्निंग असेंबली भगवान भोलेनाथ की स्तुति से शुरू होती है। इस अनूठी पहल के तहत स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु विद्यालय प्रार्थना सभा में पारंपरिक लोकल शिव भक्ति गीतों को शामिल किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ना और स्थानीय भाषा, संगीत व परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना पैदा करना है। प्रार्थना सभा में छात्राएं पारंपरिक गद्दी भाषा में रचे शिव भक्ति गीतों का सामूहिक गायन करती हैं।


अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, देव राज** सपुत्र श्री रामा राम गांव छत्तर कलां डाकघर लुद्दर महादेव तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) यह घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा संजय ठाकुर व उसकी पत्नी सपना देवी मेरे कहने से बाहर हैं। अतः मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।


### सूडोकु नवताल- 7459

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7458 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शुक्रवार, 13 जून 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** द्वितीया (03:21) : **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा (11:21), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : शुक्ल (01:47), अभीजित (11:53-12:48)। **राहुकाल** (10:36-12:21)।

**विशेष दिन**

12 जून 2025: अंतरराष्ट्रीय ऐल्बिनिजम जागरूकता दिवस आज।

**मेषः** आज खान-पान पर नियंत्रण जरूरी है। व्यर्थ के दिखावों से दूर रहें। मानसिक शांती की तलाश में रहेंगे। संतान के विवाह में विलंब से चिंता होगी। न्यायालयीन कार्य आज पूरे होंगे।

**वृषः** काम की अधिकता रहेगी। नौकरी में मनचाहा स्थानांतरण व पदोन्नति के भी योग बन रहे हैं। आर्थिक निवेश सोच-समझकर कार्य करें। पारिवारिक कार्यो में आपकी पूछ-परख बढ़ेगी।

**मिथुनः** आज आपको पत्नी से सहयोग व समर्थन मिलेगा। व्यवसाय में उन्नति संभव है। कारोबार में कुछ नवीन योजनाएं बनेंगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत साबित होंगे।

**कर्कः** सामाजिक आयोजनों में आप की प्रशंशा होगी। व्यापार, व्यवसाय में लाभदायक सौदे आत्मबल बढ़ायेंगे। आज साहस, पराक्रम बढ़ेगा। धर्म ग्रंथों के पठन-पाठन में अभिरुचि बढ़ेगी।

**सिंहः** आप बहुत जल्दी दूसरों के विश्वास में आ जाते हैं, सतर्क रहें। विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ता से सामना कर सकेंगे। व्यापार में परेशानियों का अंत होगा। प्रेम प्रसंग के योग हैं।

**कन्याः** आप की दिनचर्या में आये बदलाव से निजी कार्य प्रभावित होंगे। परिवार में मांगलिक अवसर आएंगे। व्यवसाय में लाभ के योग बन रहे हैं। नौकरों पर नजर रखें।

**तुलाः** आज रुका धन मिलने से धन संग्रह बढ़ेगा। आत्मविश्वास के बलबूते पर आगे बढ़ेंगे। पारिवारिक सुख-संतोष बना रहेगा। मनोरंजन कार्यो में रुचि बढ़ेगी। आज अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिकः** अपने स्वास्थ के प्रति आप कितने लापरवाह हैं। किसी नए व्यापार में निवेश करने के योग हैं। आज विद्वानों के साथ रहने का अवसर मिलेगा। लाभदायक सौदे प्राप्त होंगे व प्रसिद्धि मिलेगी।

**धनुः** अपने संबंधों के प्रति आप लापरवाही कर रहे हैं। व्यवसाय में विकास की योजनाएं बन सकती हैं। आर्थिक अनुकूलता रहने से सुख साधन बढ़ेंगे। भागदौड़ के बाद सफलता की संभावना है।

**मकरः** नौकरी में बदलाव चाहते हैं पर फैसला लेने में असमंजस की स्थिति रहेगी। साहित्य पठन में रुचि बढ़ेगी। संतान के भविष्य की चिंता रहेगी। कारोबार में सोच-समझकर लिए निर्णय शुभ फल देंगे।

**कुंभः** समय का सदुपयोग करें। अपनी सांगत बदलें। दूसरों की उन्नती से दुखी न हों, आप मेहनत करें और संकुचित मानसिकता बदलें। व्यापार में हर किसी पर विश्वास न करें।

**मीनः** समय पर काम होने से मन प्रसन्न रहेगा। कलात्मक कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। व्यापारिक नवीन योजनाएं बनेंगी। जीवनसाथी की भावनाओं का अपमान करने से बचें।


**Office of Municipal Council Kullu**

**Very Short Term Tender Notice**

Sealed item rate tenders are hereby invited by the undersigned on behalf of Municipal Council Kullu for the following works from the approved and eligible contractors enlisted in HPPWD, HPIPH Department, so as to reach in the office of municipal council kullu on or before 18/06/2025 up to 11:45 PM and will be opened on the same day at 12:30 PM in the presence of intending contractors or their authorized representatives if any. The tender forms can be had from this office against cash payment DD up to 04:30 PM on 17/06/2025. The earnest money in the shape of CD/FD must accompany with each tender. Conditional tenders and the tenders without earnest money will summarily be rejected. The offer of tender shall remain open for 30 days from the date of opening of tenders. The tender form will be issued to contractors against written application accompanied by copies of enlistment in appropriate class as contractor, registration under HP GST Tax Act 1968 & registered with income tax department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost with applicable taxes (FOR) | Earnest Money | Time Allowed | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing and installation of fire safety Equipments in shops cum Pavallion at Dhalpur near regional Hospital Kullu. Detail of equipments given below :-<br>1. Fire Hydrants - 6 No.<br>2. Emergency Alarms - 6 No.<br>3. Horizontal Pipe 80 mm and 100 mm (M.S Type)<br>4. a. Pump: 1 No. 900 LPM capacity (10 HP)<br>b. Pump: 1 No. 450 LPM capacity (5 H.P) | 4,85,000.00 | 12000 | 1 month | 500.00 |

**Terms & Conditions :-**

1. The Contractor/Firm should be enlisted with the HP.PWD.
2. The Earnest money should be accompanied with application. Application without earnest money will be rejected.
3. The photo copy of PAN Number/GST Number should be attached with the application otherwise tender form will not be issued.
4. Copy of contractor registration should be attached with the application.
5. The copy of EPF No. should be attached with the application otherwise tender form will not be issued.
6. If opening day is a holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time and venue and no separate notices shall be served for this purpose.
7. The Executive officer municipal council kullu reserves the right to reject any or all tenders anytime without assigning any reason. Work will be carried out under the supervision of the Engineering Branch MC Kullu.
8. The contractor will be responsible for watch and ward of material at site of work.
9. No tender form will be issued to those contractors who are not registered under HPGST Act./EPF

Executive officer
Municipal council kullu Distt. Kullu H.P

**बिना** साहस के आप इस दुनिया में कुछ भी नहीं कर सकते। यह सम्मान के बाद मन का सबसे बड़ा गुण है। -अरस्तु

## संपादकीय

# त्रासदी के जख्म

अहमदाबाद में क्रैश हुआ एयर इंडिया का विमान कई गहरे जख्म दे गया। उड़ान भरते ही विमान का इस तरह से क्रैश होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह कि उड़ान भरने से पहले क्या विमान की मेंटिनेंस की चेकिंग नहीं हुई थी? क्या विमान वाकई उड़ने की हालत में नहीं था? क्या विमान से फ्यूल रिस रहा था या कोई अन्य पुर्जा खराब था या फिर किसी की साजिश थी या फिर कोई आतंकी वारदात थी? क्या इसे मानवीय भूल या संभावित साजिश माना जाए? ये सारे प्रश्न अब जांच एजेंसियों के अधीन हैं, जिनके निष्कर्षों का इंतजार रहेगा। यह सब जांच के विषय हैं, जिनकी पड़ताल करने में संभवत: वक्त लगेगा, लेकिन उन परिवारों का क्या जिन्होंने अपने खो दिए। इस हादसे से पीड़ित परिवार कई सालों तक उबर नहीं पाएंगे। इन मौतों ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। विमान का मलबा एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के भोजनालय पर गिरा, जिससे अतिरिक्त लोग हताहत हुए। यह घटना भारत के सबसे भीषण विमान हादसों में से एक मानी जा रही है।

विमान का मलबा और घटनास्थल की स्थिति को देखकर यह प्रतीत होता है कि विमान ने उड़ान भरने के बाद पर्याप्त ऊंचाई प्राप्त नहीं की और कुछ ही मिनटों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के लैंडिंग गियर नीचे होने की स्थिति ने विशेषज्ञों को यह सोचने पर मजबूर किया कि क्या विमान ने उड़ान भरने के बाद लैंडिंग गियर को वापस नहीं किया था, जो कि एक असामान्य संकेत है। विमान ने उड़ान भरने के बाद एक 'मेडे' कॉल किया था, लेकिन उसके बाद संपर्क टूट गया। इससे यह संकेत मिलता है कि विमान के सिस्टम में कोई गंभीर तकनीकी समस्या हो सकती है, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। सब कुछ इतना तेजी से घटित हुआ कि संभलने का समय ही नहीं मिला। अगर विमान के फॉल्ट का समय रहते पता चल जाता तो शायद उसकी मरम्मत कर दी जाती, लेकिन ऐसा आभास विमान चालकों और तकनीकी टीम को भी नहीं हुआ। विमान के इंजन निर्माता जीई एयरोस्पेस और निर्माता कंपनी बोइंग ने उड़ान डेटा का विश्लेषण करना शुरू कर दिया है। भारत में विमान दुर्घटनाओं का इतिहास काफी लंबा-चौड़ा रहा है। 1988 में अहमदाबाद में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 113 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें 133 लोग मारे गए थे।


यह दुर्घटना पायलट की गलती और खराब दृश्यता के कारण हुई थी। इसके अलावा, 1990 में बेंगलुरु में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 605 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें 92 लोग मारे गए थे। यह दुर्घटना पायलट की गलती के कारण हुई थी। 2020 में केरल के कोझिकोड में एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट 1344 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें 18 लोग मारे गए थे। यह दुर्घटना रनवे पर बारिश के कारण फिसलने के कारण हुई थी। ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारत में ही इस तरह के हादसे हुए हैं, बल्कि भारत के बाहर भी कई बड़े विमान हादसे हो चुके हैं। 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट कनिष्क-182 को बम से उड़ा दिया गया था, जिसमें 329 लोग मारे गए थे। यह घटना कनाडा के ऊपर हुई थी और इसे ऑपरेशन ब्लूस्टार का बदला माना जाता है। इस वीभत्स हादसे से हमें यह सिखने को मिलता है कि विमानन सुरक्षा में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह सीधे इंसानी जिंदगी से जुड़ा मसला है इसलिए इस हादसे के लिए जो भी दोषी होगा उसे उचित दंड मिलना चाहिए।

विमान की नियमित जांच, क्रू की ट्रेनिंग और तकनीकी सिस्टम की निगरानी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, दुर्घटना के कारणों की गहन जांच और सुधारात्मक उपायों को लागू करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। अहमदाबाद में हुआ यह विमान हादसा न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गहरा सदमा है। इससे उन परिवारों को अपूरणीय क्षति हुई है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। यह हादसा पूरे देश और दुनिया को गहरे शोक में डुबो गया। लंदन जा रही फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने से लोग असमय ही काल के ग्रास बन गए। यह त्रासदी इतनी भयावह थी कि विमान का मलबा पास के एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा, जिससे जमीनी स्तर पर भी जान-माल का भारी नुकसान हुआ। इस हादसे ने कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं-क्या विमान पूरी तरह तकनीकी रूप से सक्षम था? इस त्रासदी ने उन सैकड़ों परिवारों की जिंदगी में ऐसा खालीपन भर दिया है जिसे कभी भरा नहीं जा सकता। अपनों को यूं अचानक खो देना एक ऐसा घाव है जो उम्रभर टीस देता है। यह हादसा न केवल एक सुरक्षा चूक की ओर इशारा करता है, बल्कि यह चेतावनी भी है कि विमानन क्षेत्र में हर कदम अत्यंत सावधानी और जिम्मेदारी से उठाया जाए। ईश्वर उन सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिवारों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति दें। इस हादसे से सीख लेते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के केंद्रीय मंत्री

**पीयूष** वेदप्रकाश गोयल भारत के वर्तमान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, उपभोक्ता कार्य मंत्री, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री हैं। गोयल भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय वेदप्रकाश गोयल के पुत्र हैं। गोयल भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार के पहले कार्यकाल में कई चुनौतीपूर्ण मंत्रालय संभालते हुए अपने बेहतरीन काम के दम पर अलग पहचान बनाई। पीयूष गोयल ने मोदी मंत्रिमंडल में दूसरी बार कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली है। राज्यसभा सदस्य पीयूष गोयल ने रेल और कोयला समेत कई चुनौतीपूर्ण मंत्रालयों की कमान संभाली। दरअसल पीयूष गोयल ने अरुण जेटली की अनुपस्थिति में 14 मई, 2018 से 22 अगस्त, 2018 और 23 जनवरी, 2019 से 14 फरवरी, 2019 तक वित्त मंत्रालय की भी कमान संभाली थी और इस दौरान लोकलुभावन अंतरिम बजट भी पेश किया। बीजेपी ने साल 2014 के चुनाव के दौरान पीयूष गोयल को पार्टी के विज्ञापन और सोशल मीडिया प्रचार की जिम्मेदारी दी थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। ■



पीयूष वेदप्रकाश गोयल
जन्म : 13 जून, 1964



कविता

## तौंदी आई

रवि सांख्यान, बिलासपुर (हि.प्र.)

*तौंदी आई-तौंदी आई।*
*चमड़िया च तात्ते तात्ते डमके लाई।*
*पारा चढिगया बतालियां से ऊपर,*
*सुखणे लगे झरने-नालू,*
*प्यासे कौवे नलके रिया टूटिया ने चोंच फसाई,*
*आज बी से बरखा काहां नी आई।*
*लोग लगांदे ठंडे पाणी री छबीलां,*
*छलियां रा बीयू बाया,*
*खेतरां बणाया भूझी रियां खिल्लां।*
*भाऊओ मुहां मला काली स्याही कने करा कालियां ईंटा।*
*बादला रियां टल्लियां मारदी खींटा*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सुरक्षा, विश्वास और सम्मान का भविष्य निर्माण करता है बीमा

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सबकी सामाजिक सुरक्षा की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मई 2015 में शुरू की गई तथा किफायती और सुलभ व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के रूप में निरुपित-पीएमएसबीवाई ने आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों, विशेष रूप से ग्रामीण और असंगठित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लक्षित किया। 20 रुपए के मामूली वार्षिक प्रीमियम के साथ, यह योजना आकस्मिक मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपए का बीमा कवरेज और आंशिक विकलांगता के लिए 1 लाख रुपए की राशि प्रदान करती है। पिछले एक दशक में पीएमएसबीवाई एक सरकारी पहल से समावेशी बीमा आउटरीच के प्रतीक के रूप में विकसित हुई है।



लेखिका : राजेश्वरी मुनि
एनआईसीएल की सीएमडी

पीएमएसबीवाई की परिकल्पना भारत में सामाजिक सुरक्षा के ढांचे को मजबूती प्रदान करने की सरकार की व्यापक रणनीति के अंतर्गत की गई थी। ऐसा बैंकिंग की सुविधा से वंचित लाखों भारतीयों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के दायरे में लाने वाली प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफल शुरुआत के बाद हुआ।

जन धन खातों और पीएमएसबीवाई के बीच संबंध ने ऑटो-डेबिट के माध्यम से निर्बाध नामांकन सुगम बनाया, जिससे कम आमदनी वाले व्यक्तियों के लिए आसानी से सदस्यता लेना संभव हो गया। साथ ही, ये योजनाएं मिलकर भारत की बीमा समावेशन रणनीति का स्तंभ बन गई हैं, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि जरूरत पड़ने पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कहीं असहाय न रह जाएं। पिछले दस वर्षों में, इस योजना के तहत नामांकन 44 करोड़ से अधिक हो चुके हैं और 1.35 लाख से अधिक दावों का निपटारा किया जा चुका है, अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में 2,700 करोड़ रुपए से अधिक का वितरण किया गया है। ये आंकड़े पूरे देश में बीमा जागरूकता फैलाने की दिशा से संबंधित पहल के दायरे और प्रभाव को रेखांकित करते हैं। इस योजना को लागू करने में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी (एनआईसी) ने अहम भूमिका निभाई है। राज्यों में 17.04 करोड़ से ज्यादा लोगों, जो कुल नामांकन का लगभग 38 प्रतिशत हैं, को कवर करते हुए एनआईसी ने इस योजना की उसके वांछित लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता और करुणा के साथ काम किया है।





दशक भर में, एनआईसी ने लगभग 55,000 दावों को स्वीकार किया है, यानी कुल दावों का 40 प्रतिशत, जिसकी राशि 1,000 करोड़ रुपए है, जो सहानुभूति और दक्षता के साथ वंचितों को सेवाएं प्रदान करने के उसके समर्पण को पुष्ट करता है। पीएमएसबीवाई के माध्यम से, नेशनल इंश्योरेंस को अक्सर मुख्यधारा की बीमा सेवाओं से वंचित रह जाने वाले लोगों के जीवन से सीधे जुड़ने का अवसर मिला है।

इन संवादों ने न केवल बीमा समावेशन के मिशन का समर्थन करने के कंपनी के संकल्प को मजबूत बनाया है, बल्कि भारत के गरीबों की कठिनाइयों और दृढ़ता के बारे में सार्थक जानकारी भी प्रदान की है। पीएमएसबीवाई की सफलता की सही गहनता इसके लाभार्थियों की कहानियों, हादसों से सामना होने पर दृढ़ता की कहानियों में निहित है। बिहार के जहानाबाद की गृहिणी श्रीमती मीना सिंह ने एक दुखद सड़क दुर्घटना में अपने पति को खो दिया था। इसके कारण उनका परिवार तो उजड़ गया, लेकिन पीएमएसबीवाई के तहत उन्हें 2 लाख रुपए की राशि मिली, जिससे उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा जारी रखने में मदद मिली। उनके दिवंगत पति ने अपने बैंक के माध्यम से पीएमएसबीवाई में नामांकन कराया था, जिसमें सालाना केवल 20 रुपए ऑटो-डेबिट किए जाते थे। इसी तरह, कर्नाटक में, बाइक दुर्घटना में घायल किशोरी रानी कुमारी को उसके दिवंगत भाई की पॉलिसी के दावे का निपटान हो जाने से समय पर चिकित्सा उपचार मिला।

2 लाख रुपए के भुगतान ने उसके परिवार को महत्वपूर्ण वित्तीय राहत प्रदान की। इसके अलावा पूर्व में, गुवाहाटी में, युवावस्था में ही विधवा हो जाने वाली सुश्री रिया दास के पति की मौत दुर्घटनावश डूबने से हुई थी। दस्तावेज जमा करने के सात दिनों के भीतर उनको 2 लाख रुपए की राशि मिली। इस त्वरित सहायता ने ऐसे महत्वपूर्ण समय पर उन्हें भावनात्मक और वित्तीय स्थिरता प्रदान की। ऐसी हजारों कहानियों में शुमार ये कहानियां यह दर्शाती हैं कि कैसे पीएमएसबीवाई ने गहरे दुख और वित्तीय संकट के समय में इन परिवारों को सम्मान दिया और आशा की किरण दिखाई। यह बीमे का एकमात्र स्वरूप अनेक लोगों के लिए-20 रुपए को जीवन रक्षक सहायता में बदलता है, जिसे वे वहन कर सकते थे, हालांकि, पीएमएसबीवाई की यात्रा चुनौतियों से विहीन नहीं थी।

शुरुआत में, इस योजना को भौगोलिक दुर्गमता, ग्रामीण क्षेत्रों में कम जागरूकता, दावा को प्रोसेस करने में प्रशासनिक बाधाओं और वैध दस्तावेजों को इकट्ठा करने में कठिनाई से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ा। हालांकि, लगातार प्रयासों, डिजिटल आउटरीच और सहायक सरकारी ढांचे ने इनमें से कई चिंताओं को दूर कर दिया है। जैसे-जैसे हम अधिक सुरक्षित और न्यायसंगत भारत की ओर बढ़ रहे हैं, पीएमएसबीवाई की यात्रा जीवन को बदलने में सरल, सुव्यवस्थित नीतियों की शक्ति का प्रमाण है। 20 रुपए के प्रीमियम से लेकर 2 लाख रूप के भुगतान तक, यह योजना यह प्रदर्शित करना जारी रखे हुए है कि छोटे से छोटा योगदान भी सभी के लिए सुरक्षा, विश्वास और सम्मान का भविष्य निर्माण करता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# ग्यारह साल का मोदी सफरनामा विकास व नए नारों का साथ

2013 में ही भारत की सत्ता के शीर्ष पर कौन बैठेगा, यह लड़ाई शुरू हो गई थीं एक तरह भाजपा में अटल, आडवानी व राजनाथ सिंह थे तो दूसरी तरफ मोदी मोदी के साथ गुजरात के लोग यानी व्यापारी वर्ग था। आडवानी, राजनाथ सिंह, मुरली मनोहर बस संघ और संगठन के भरोसे सत्ता का सपना देख रहे थे। पर संघ ने यह भी कहा चुनाव में धन बहुत लगेगा, जो धन एकत्रित करने सफल होगा, वहीं भारत का भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री बनेगा।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

इसमें सबसे आगे मोदी जी निकल गए धन प्रबंधन में और फिर शुरू होता है श्रनारो का निर्माण जो जन जन को लुभाने लगा। चुनाव से पहले मोदी ने पूरे देश में ताबड़तोड़ सभाएं करके अपने को स्थापित करने में लग गए थे। उनकी वाकपटुता की जनता कायल हो गई थी। बस एक विशेष बात मोदी में यह है कि वह जो 2014 में जो नारे दिए जनता में वह 2019 में या अब कभी भी उन नारों को दोहराते नहीं हैं।

मुड कर उस शब्द की ओर नारे की ओर देखते नहीं वह बस नया नारा लेकर फिर आते हैं। जनता फिर उलझती है अटकती है भटकती है सच को नहीं समझती है बस नारे को सुनती है उसी शोर में वह सत्ता तीसरी बार दे दी है। ऐसा नहीं है कि मोदी की सत्ता में विकास नहीं हुआ देश में सड़क का विस्तार नए-नए हाईवे का बहुत सुंदर निर्माण हुआ है। स्मार्ट सीटी भी एक बनी पर उतना नहीं जैसा बनना था। रेलवे में एक बड़ा बदलाव वंदे भारत के साथ तेजस जैसी ट्रेनों का संचालन भी एक विकास का मॉडल बना। भारत कभी भी आयुधों के निर्माण में निजीकरण को नहीं आने दिया पर मोदी डिफेंस कारिडोर जो कानपुर में बन रहा है वह निजी कंपनियों को दे दिया यह भी एक नई सोच है परिणाम कैसा होगा वह बाद की बात है। नई शिक्षा नीति को लागू करना और विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली भी एक नई पहल है।



सेना में वेतन न देना हो देश के विरोध के बावजूद लागू कर दिया, अग्नि वीर योजना। पुरानी पेंशन पर कर्मचारियों का आंदोलन चल रहा पर वह पुरानी पेंशन नहीं बहाल करना या देना चाहते हैं। बस सांसदों विधायकों और जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों तक ही सीमित करने लगे हैं यह भी एक ऐसा कदम है जिससे पीछे नहीं हट रहे हैं। कोरोना में टीकाकरण तो एकाएक लाक डाऊन लगा देना भी सरकार की उपलब्धि की कहानी है। सबसे बड़ी उपलब्धि तो नोट बंदी और जीएसटी कानून लागू करना है। साथ में जम्मू कश्मीर को दो भागों में बांट कर केंद्र शासित प्रदेश बनना भी अपने आप में एक साहस पूर्ण कदम है लेह लद्दाख अलग कश्मीर अलग। पर अभी भी आतंकी घटना हो रही है यह कम हुई है पर रुकी नहीं चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल का निर्माण कांग्रेस के समय में शुरू हुआ और मोदी के ग्यारह साल के सफर में पूर्ण हो गया राष्ट्र को समर्पित भी कर दिया है कुल बाइस साल में पूरा हुआ।

यह विकास में एक मील का पत्थर कहा जाएगा। मणिपुर की घटना को भी सरकार की एक उपलब्धि माना जाएगा, जो कुछ वहां हो रहा है सब सरकार के खाते में है।

मोदी सरकार के ग्यारह साल में महाराष्ट्र में शिवसेना और शरद पवार की पार्टी को तोड़कर सरकार बना लेना बिहार में नितीश को पुन: एनडीए में वापस लाना बंगाल में एक मजबूत भाजपा संगठन खड़ा करना भी मोदी सरकार की उपलब्धि का अहम हिस्सा है। बनारस में काशी विश्वनाथ कारिडोर के साथ अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ बहुत से मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम चल ही रहा है ऐसा नहीं कह सकते कि देश में ग्यारह साल में विकास नहीं हुआ है बस एक सबसे बड़ी उपलब्धि कि मोदी सरकार में बस मोदी है। नारों में यह नारा बहुत चला रहा है मोदी है तो मुमकिन है। हर जगह हर भाजपा का नेता बोलता है शब्द मोदी के होते हैं। आवाज हर मीडिया हर नेता के मुंह से निकलता भारत बदल रहा है नया भारत है यह साथ में यह नई भाजपा मोदी की भाजपा है यह भी नारा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत कब साकार होगा, नारा इंतजार नए नारे का।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**डेढ़** माह से चल रहा प्राथमिक शिक्षक संघ का क्रमिक अनशन समाप्त हो गया। इस लंबे आंदोलन का अंत शिक्षा मंत्री के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद हुआ। बैठक के परिणामस्वरूप शिक्षक संघ ने आंदोलन को समाप्त करने का निर्णय लिया और सरकार ने उनकी मांगों पर विचार के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की। यह समिति संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी, जिससे आगे समाधान की संभावनाएं बनती नजर आ रही हैं। हालांकि, आंदोलन समाप्त होने के बावजूद कुछ मूलभूत असहमतियां बनी हुई हैं। प्रमुख असहमति का बिंदु शिक्षा निदेशालय को लेकर है। सरकार ने निर्णय लिया है कि स्कूल स्तर पर केवल एक ही शिक्षा निदेशालय रहेगा, जिसे वापस नहीं लिया जाएगा। पहली से पांचवीं कक्षा और छठी से 12वीं कक्षा के लिए दो अलग-अलग अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किए जाएंगे।

**कमल कृष्ण, धर्मशाला**

# महिला भागीदारी की गौरवगाथा-विश्व का सबसे ऊंचा चिनाब रेल ब्रिज

भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा और तकनीकी पराक्रम का जब भी कोई उदाहरण प्रस्तुत करना हो, तो जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में बना चिनाब रेल ब्रिज सर्वोच्च स्थान रखता है। यह न केवल दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है, बल्कि यह भारतीय समर्पण, साहस और संकल्प का अद्भुत प्रतीक भी है। इस अद्वितीय संरचना को साकार करने में जिन व्यक्तित्वों का योगदान अविस्मरणीय है, उनमें एक प्रमुख नाम है—गली माधवी लता का। गली माधवी लता का जन्म आंध्र प्रदेश के एक सामान्य परिवार में हुआ। बाल्यकाल से ही वे पढ़ाई में मेधावी थीं। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और आगे चलकर संरचनात्मक डिजाइन तथा जटिल परियोजनाओं में विशेषज्ञता हासिल की।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून, उत्तराखंड

शिक्षा उनके लिए केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि सामाजिक योगदान का माध्यम थी। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने भारतीय रेलवे और कोकण रेलवे जैसी संस्थाओं में काम किया। उन्होंने पुल निर्माण, सुरंग प्रणालियां, पर्वतीय परियोजनाएं और जोखिम प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में लगभग दो दशकों तक गहन अनुभव प्राप्त किया। गली माधवी लता की खास बात यह थी कि वे केवल तकनीकी जानकारी तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि मैदान में जाकर चुनौतियों का प्रत्यक्ष रूप से सामना करना उनका कार्यशैली का हिस्सा रहा। चिनाब रेल ब्रिज एक बड़े सपने के साथ साथ एक कड़े संघर्ष की भी गौरवगाथा है।

चिनाब ब्रिज चिनाब नदी पर बक्कल और कौरी गांवों के बीच बना एक आर्क ब्रिज है, जिसकी कुल ऊंचाई नदी की सतह से 359 मीटर है। यह एफिल टॉवर से भी अधिक ऊंचा है। यह पुल उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल परियोजना का अहम हिस्सा है, जो जम्मू-कश्मीर को भारत के शेष हिस्से से स्थायी रेल संपर्क देता है। इस परियोजना में किसी सामान्य पुल का निर्माण नहीं था, बल्कि चुनौतियों से भरे भौगोलिक क्षेत्र में दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज का निर्माण करना था।

यद्यपि सभी चुनौतियों को अनुभव कर पाना कठिन है फिर भी कुछ का जिक्र करना अति आवश्यक हो जाता है जैसे भूगर्भीय और स्थलाकृतिक चुनौतियां, पुल जिस क्षेत्र में बना, वह एक अत्यंत जटिल और भू-स्खलन-प्रवण पर्वतीय इलाका है। यहां की चट्टानें अस्थिर थीं, जिससे नींव डालना कठिन था। गली माधवी लता ने विस्तृत जियो टेक्निकल सर्वे और सटीक रॉक एनालिसिस के जरिए टिकाऊ डिजाइन तय किया। भूकंपीय और पवन-गति संबंधी जोखिम, यह क्षेत्र उच्च भूकंपीय जोन में आता है और यहां पवन वेग 266 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए पुल के डिजाइन में डंपर्स, विंड टनल टेस्टिंग और सीस्मिक रेस्टरेंट सिस्टम जोड़े गए। सामरिक और सुरक्षा दृष्टिकोण, पुल का निर्माण एक रणनीतिक क्षेत्र में हो रहा था, जहां सुरक्षा जोखिम अधिक थे। इस परिस्थिति में निर्माण कार्य को लगातार जारी रखना और श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी जिम्मेदारी थी, जिसे माधवी लता ने कुशलता से निभाया। मौसम की चरम स्थितियां जैसे सर्दियों में तापमान-20 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता था और बर्फबारी से काम बंद हो जाता था।



ऐसे में सीजनल रिसोर्स प्लानिंग और हाइ एल्टीट्यूड वर्क प्रोटोकॉल्स तैयार किए गए, ताकि निर्माण कार्य स्थगित न हो। प्रौद्योगिकीय नवाचार की आवश्यकता, इस प्रोजेक्ट में कई अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग हुआ जैसे कि इंक्रीमेंटल लॉन्चिंग, वैदर रेजिस्टेंट स्टील और रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम्स, जिनका समन्वय और क्रियान्वयन गली माधवी लता जैसे अनुभवी इंजीनियर ही कर सकते थे। गली माधवी लता ने केवल तकनीकी टीम का नेतृत्व नहीं किया, बल्कि सामाजिक समावेशन पर भी बल दिया। उन्होंने स्थानीय कश्मीरी युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें परियोजना से जोड़ा, जिससे न केवल स्थानीय विश्वास बढ़ा, बल्कि रोजगार भी सृजित हुआ।

वे भारतीय अभियंता बिरादरी में महिला सशक्तिकरण का एक उज्ज्वल उदाहरण हैं। कठिन परिस्थितियों में भी उनकी स्पष्ट दृष्टि, अनुशासन और संवेदनशील नेतृत्व ने यह साबित कर दिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में शीर्ष नेतृत्व कर सकती हैं। गली माधवी लता का जीवन केवल एक व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में तकनीकी नेतृत्व की भूमिका का प्रतीक है। चिनाब ब्रिज आज भारत के गौरव का प्रतीक है और इसके निर्माण में गली माधवी लता का योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। जब ज्ञान, साहस और सेवा भावना एक साथ चलते हैं, तो सबसे कठिन लक्ष्य भी साकार हो सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# युवाओं को राम-राम जैसे ईश्वरीय नामों के संबोधन करने की आवश्यकता

आज जिस आधुनिकता के दौर में हम गुजर रहे हैं वहां यकीनन अपने संस्कार, आदर भाव और एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव बिलकुल विपरीत होता जा रहा है, जो कि सभ्य समाज और हमारे संस्कारों के अनुकूल नहीं माना जाता है, जिस प्रकार आज की युवा पीढ़ी और बच्चे एक दूसरे से मिलने पर (हेलो-हाय) जैसे शब्दों से संबोधित करते हैं जो परंपरागत सनातन धर्म और देश की परंपरा के विपरीत मानी जाती है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

धार्मिक विद्वानों के अनुसार जिस हाय-हाय का अर्थ विकट स्थिति को दर्शाता है, तो वहीं जिला सिरमौर के कलाकृति के लिए प्रदेशभर में लोकप्रिय मानें जाने वाले और सौम्य स्वभाव के धनी कला अध्यापक दीपराज विश्वास जी का यह कथन भी इस गंभीर मुद्दे पर वाजिब है कि, संस्कारों में जो परिवर्तन हुए हैं वह सब वर्तमान शिक्षा पद्धति में अंग्रेजी भाषा पर जोर दिए जाने की वजह से है। इसमें युवा पीढ़ी का भी दोष नहीं, क्योंकि मां-बाप ही अपने बच्चों को बहुत एडवांस बनाने पर जोर दे रहे हैं और बच्चों को विदेश भेजने के सपने देखते हैं।

बहुत कम माता-पिता ऐसे होंगे जो अपने बच्चों को अपनी संस्कृति में ही पाल रहे हैं। अधिकांश लोग बच्चों को मॉडर्न बनाने के लिए पैसा खर्च कर रहे हैं। यहीं से यह सामंजस्य खराब हो रहा है। संस्कार और परंपराओं की अहमियत सर्वोपरि है परंतु आधुनिकीकरण और ग्लोबलाइजेशन के दौर में किसी एक देश की संस्कृति तक सीमित रहना अब मुश्किल सा होता जा रहा है। जहां किसी भी प्रकार की मनुष्य को शांति नहीं मिलती ऐसे स्थानों के लिए हाय-हाय शब्द का प्रयोग आज के आधुनिकता के इस दौर में संबोधन के लिए किया जा रहा है, जबकि हमारे बड़े बुजुर्ग जब भी आपस में मिलते थे।



एक दूसरे को राम-राम, जय श्री कृष्णा इत्यादि नाम से संबोधित करते थे, यहां तक कि अधिकांश क्षेत्रों में जब भी किसी बच्चे का जन्म होता था तो उनके अधिकांश नाम ईश्वर के नाम से रखे जाते थे जिस दूरदर्शी सोच का एक बड़ा कारण शायद यह भी माना जाता था कि हम किसी भी व्यक्ति के नाम का स्मरण करते-करते ईश्वर का नाम सुमरण हो जाता था, जो कि पूजा अर्चना से भी क्षेष्ठ भाव एक दूसरे के मिलने से एक दिन में भी सैकड़ों बार ईश्वर का सुमरण अनायास ही हो जाता था, हम यहां किसी विशेष धर्म समुदाय का जिक्र नहीं, बल्कि सभी धर्मों के परिप्रेक्ष्य में आत्मचिंतन और चर्चा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें जैसे सिख धर्म में गुरु को श्रेष्ठ स्थान के साथ-साथ वाहेगुरु-वाहेगुरु के नाम से सुमरण किया जाता है।

हिंदू धर्म में राम-राम, मुस्लिम धर्म में अल्लाह, इत्यादि अनेक धर्मों में विभिन्न नामों से सुमरन किया जाता है, आज हम आप सभी तक इस गंभीर विषय को इसलिए उठाने का प्रयास कर रहे हैं कि हमारी युवा पीढ़ी कहीं न कहीं पश्चिमी और विदेशी संस्कृति का अनुसरण करती जा रही है जो कि हम सभी देशवासियों के लिए बहुत ही गंभीर स्थिति को दर्शाता है, क्षेत्र समाज के बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक विशेषज्ञों के अनुसार हमें अपनी युवा पीढ़ी और सबसे पहले खुद से और खुद के परिवार से शुरुआत करने का प्रयास करना पड़ेगा, ताकि हम समाज को भी सकारात्मक संदेश दे पाएं।

जिस परंपरा और संस्कारों की विरासत को हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमेशा बनाएं रखी उस परंपरा और संस्कारों पर हमें भी चलने की परम आवश्यकता है, अर्थाथ हमें किसी भी व्यक्ति के मिलने पर इस बात को मन से स्वीकार करना और शुरुआत करने का भरसक प्रयास करना चाहिए कि हम किसी भी व्यक्ति को राम-राम, जय श्रीकृष्णा, जय माता दी, इत्यादि विभिन्न धर्मों के ईश्वरीय नामो के सुमरण से हम कहीं न कहीं धार्मिक आस्था और ईश्वर कृपा के भी अनुगामी हो जाते हैं तो वहीं जैसे सिद्ध महात्माओं और धार्मिक विद्वानों द्वारा कहां भी जाता है कि 'कलयुग में केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा' अर्थाथ कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण करना ही मोक्ष प्राप्त करने का एकमात्र उपाय बताया गया है, इस प्रकार आज हम सभी युवाओं और समस्त समाज का नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने जीवन के दिनचर्या में अपने आप से और अपने बच्चों में ईश्वरीय नामों से संबोधन करने का प्रयास किया जाएं ऐसी समाज से विनती और जनहित में सुझाव रहेगा, अगर आपको यह छोटा सा संदेश और सुझाव उचित लगे तो अन्य तक शेयर एवं साझा करने का प्रयास करें, ताकि हमारे लिखने और मन के भाव का उद्देश्य कहीं न कहीं सार्थक हो सकें ऐसी अपेक्षा करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ बोला हल्ला

## हुक्कल में प्रदर्शनकारियों से मिलने पहुंचे एसडीएम, आज कंपनी व विभागीय टीम करेगी स्पॉट का निरीक्षण: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** उपमंडल की लौंगनी ग्राम पंचायत के गांव हुक्कल में वीरवार को पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में हिमाचल किसान सभा के बैनर तले प्रदर्शन किया।

इसमें देश राज पालसरा, सुरेंद्र कौंडल, सूबेदार मोहन लाल, दिनेश काकू, अनिल कुमार, कुलदीप चौहान, बालम राम, कमलेश कुमार, कृष्ण देव, पार्वती, कल्पना, बबली, शांता देवी सहित दर्जनों लोग शामिल हुए। लोगों ने सड़क पर इकट्ठा होकर कंपनी के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल, तहसीलदार रमेश चंद और एसएचओ धर्मपुर वहां पहुंचे जिन्हें मांग पत्र सौंपा गया तथा उन्होंने समस्याओं को हल करने के लिए शुक्रवार को कंपनी के प्रबंधन को स्पॉट पर आने के लिए तलब किया है।


हुक्कल में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 70/03 यूनिट दो का निर्माण कार्य पाड़छु से कुमाहरड़ा तक बीआरएन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पाड़छु से कुमाहरडा तक किया जा रहा है। हुक्कल गांव के प्रवेश द्वार पर ही कल्वर्ट न होने और आगे स्कूल तक कि सड़क में गड्ढे ही गड्ढे पड़े हैं जिससे यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। यहीं पर निर्माण कंपनी ने तीन सौ से ज्यादा पेड़ अवैध डंपिंग करके नष्ट कर दिए हैं। स्कूल का रास्ता बंद कर दिया है और खेल मैदान में मलबा भर दिया है और लिंक रोड बाधित कर दिया है। रास्ते तोड़ दिए हैं। स्कूल के पास पिछले तीन चार महीने से डंगा लग रहा है जिसकी नींव सही तरीके से नहीं भरी जा रही है। डंगे की गुणवता बहुत ही घटिया किस्म की है और इस दीवार की नींव सही तरीके से नहीं डाली जा रही है। हुक्कल से रयोड, जोल, गढयाना, डुहरकु, कथैली, रियूर सड़क दीवार लगने से वाधित हो जाएगी। इसके अलावा हुक्कल से जोढन, जोल, चेड़-बरतो, टौरी नाला से जोढन, रुवालु राम के घर का रास्ता तोड़ दिया है। प्राकृतिक जल स्त्रोत और हैंडपंप क्षतिग्रस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बीआरन कंपनी ने 28 स्थानों पर अवैध डंपिंग की है और लौंगनी के पास लगे स्टोन क्रशर के लिए अवैध खनन किया जा रहा है और प्रशासन और यहां के नुमाइंदे मूक दर्शक बने हुए हैं और कंपनी की ही मदद कर रहे हैं।

### कमलेश कुमार बने प्रधान

**इस** दौरान किसान सभा की कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें कमलेश कुमार को प्रधान, बालम राम को उपप्रधान, कृष्ण देव को सचिव, प्रेम सिंह को सह सचिव व कुलदीप को कोषाध्यक्ष व राजकुमार, रत्नपाल, डॉक्टर धनदेव, केहर सिंह, प्रेम सिंह, अंकुश शर्मा, केहर सिंह, सुरेंद्र , रोशन लाल शर्मा, पार्वती देवी, कल्पना देवी, बबली देवी, शांता देवी को कमेटी सदस्य चुना गया।

# एसआईयू टीम सुंदरनगर ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर 539 ग्राम चरस सहित दो दबोचे

**उमेश, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** नशे के काले कारोबार के खिलाफ उपमंडल सुंदरनगर की एसआईयू को वीरवार को सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर कुल्लू के रहने वाले दो आरोपियों को 539 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।


पुलिस टीम के साथ किरतपुर-मनाली फोरलेन पर चरस सहित दबोचे आरोपी।

एसआईयू टीम में एएसआई दौलत राम, हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल सतीश, कुलदीप सहित अन्य मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम नाकाबंदी के दौरान किरतपुर-मनाली हाइवे पर स्थित तरोट में मौजूद थी। पुलिस टीम द्वारा मंडी की ओर से आने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक आल्टो कार नंबर एचपी-66-ए-6649 को चेकिंग के लिए रोका गया। वहीं कार की तलाशी के दौरान 539 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपियों की शिनाख्त सुरेश कुमार (33) पुत्र देवेंद्र सिंह बाल्था डाकखाना रामन तहसील सदर जिला कुल्लू और अमीर ठाकुर (30) पुत्र राम लाल निवासी जिला कुल्लू के तौर पर हुई है। एसआईयू टीम ने आरोपियों को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना धनोटू के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी देते हुए एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगामी जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### साईगलू और साई में आज पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साइगलू ई. विनीत कुमार ने बताया कि 13 जून को तल्याहड़ फीडर के तहत विद्युत लाइनों के समीप पेड़ों की काट-छांट एवं तारों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कारण से विद्युत उप-मंडल साईगलू के अंतर्गत अनुभाग साईगलू एवं गोखड़ा के अंतर्गत आने वाले गांवों साईगलू, साई, चलोह, देवनाल, सतोहल, पपराहल, सेदवाना, कोट, नालसन, गंधोल, कुसाहू, सेहली, गोखड़ा, बग्गी-बहहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पलोहटा, नेरा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौत ने बताया कि विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत आने वाले विद्युत अनुभाग महादेव में 22 केवी डोलधार फीडर की आवश्यक मरम्मत के लिए 13 जून को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक क्षेत्र पलोहटा, नेरा, स्यांजी, अवाह, गुरुद्वारा, ढाम्मन, कुठाही आदि में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम व परिस्थितियों के अनुसार कार्य में बदलाव भी किया जा सकता है। उन्होंने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 11वां वार्षिक वॉलीबाल टूर्नामेंट 14-15 जून को

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान, मंडी।** जय माता नौबाही देवी नवदुर्गा क्लब द्वारा आयोजित 11वां वार्षिक वॉलीबाल टूर्नामेंट 14 व 15 जून को आयोजित किया जाएगा। क्लब के प्रधान कश्मीर शर्मा और उप प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि टूर्नामेंट की विजेता टीम को 31,000 रुपए नकद पुरस्कार व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 20,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए रहने और खाने की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही खिलाड़ियों को आने-जाने के लिए निर्धारित यात्रा भत्ता भी प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्यों विशाल गुलेरिया, राजेंद्र, सुनील ठाकुर, अश्विनी, सुरेश, शशि, मोहन सिंह, प्रवीण, नवनीत, अशोक, मनोज, समरजीत और बीजू ने सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

### सुंदरनगर में चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्रदेश वन पारिस्थितिकी तंत्र जलवायु अनुकूलन परियोजना के अंतर्गत वन अकादमी सुंदरनगर में डीपीएमयू धर्मशाला, भरमौर, देहरा एवं नूरपुर के प्रतिभागियों के लिए निकास रणनीतियों पर आधारित चौथे बैच का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वीरवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिनमें स्थायी आजीविका के अवसर, स्वयं सहायता समूहों का सुदृढ़ीकरण, संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की भूमिका, वन अग्नि प्रबंधन तथा वन संसाधनों के संरक्षण में स्थानीय समुदायों की जिम्मेदारियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को एक्सपोजर विजिट के लिए सुकेत वन मंडल एवं वन्यजीव वन मंडल कुल्लू का भ्रमण भी करवाया गया। समापन अवसर पर अकादमी के निदेशक सुभाष चंद पराशर, संयुक्त निदेशक तिलक राज शर्मा, उपनिदेशक पीयूष शर्मा, प्रशिक्षक बेसरी शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार ने 11 साल में किए कई काम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट भाजपा मंडल की मासिक बैठक में विधायक दिलीप ठाकुर ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मोदी साल के 11 वर्ष के कार्यकाल को मनाया और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। भारत की राजनीति में असंभव से लगने वाले अनुच्छेद 370, ट्रिपल तलाक जैसी चीजें इतिहास बनी गई और सीसीए, राम मंदिर जैसा सपना साकार हुआ है। देश का कुशलता पूर्वक नेतृत्वकर भारत को एक महाशक्ति बनने के लिए हम आदरणीय प्रधानमंत्री के आभारी हैं, आज भारत तकनीकी, सामरिक और आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरा है, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त एक्स सर्विसमैन जगजीत सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में सरकाघाट मंडल के अध्यक्ष पवन ठाकुर, महामंत्री संदीप, सुदेश चंदेल, केएल राणा, देशराज शान्ता देवी, मीडिया प्रभारी विनय राणा आदि मौजूद रहे।

### महादेव वार्ड में ही रहे डीनक डुगराईं पंचायत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत डीनक डुगराईं की बैठक उपप्रधान रफीक मुहम्मद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत डीनक डुगराई को जिला परिषद महादेव वार्ड में ही रखा जाए। पंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश मंडी अपूर्व देवगन को ज्ञापन सौंपा गया। रफीक मुहम्मद ने कहा कि गांव वासियों की सारी जमीनें, स्कूल व मस्जिद, कब्रिस्तान आदि सब डीनक डुगराई में ही है। ऐसे में दूसरे क्षेत्र का प्रतिनिधि डीनक डुगराईं को तवज्जो नहीं देगा। उन्होंने मांग की कि हमें जिला परिषद वार्ड महादेव में ही रखा जाए।

### जोगिंद्रनगर में लगाई ठंडे पानी की छबील



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से आमजन के लिए ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस छबील का आयोजन सामाजिक सरोकार की भावना से प्रेरित होकर बावा कम्युनिकेशन के एमडी अजय बावा एवं उनके मोहल्ले के अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस नेक पहल के तहत सैकड़ों लोगों ने ठंडे व मीठे जल का सेवन कर गर्मी से राहत महसूस की। स्थानीय लोगों, राहगीरों व दुकानदारों ने छबील की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार जताया।

### गैस उपभोक्ता जल्द करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र में घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि आने वाले समय में गैस वितरण की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने जा रही है, ऐसे में सभी उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे जल्द से जल्द अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर लें। यदि कोई उपभोक्ता ई-केवाईसी नहीं करवाता है तो उसका गैस कनेक्शन काटा जा सकता है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से गैस बुकिंग के लिए 8454955555 पर मिस्ड कॉल करें। ध्यान रहे कि यह मिस्ड कॉल उसी दिन करें जिस दिन गैस की गाड़ी आपके क्षेत्र में आ रही हो। बुकिंग के बाद उपभोक्ता के मोबाइल पर चार अंकों का डिजिटल डाक ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे सिलेंडर की डिलीवरी के समय डिलीवरी बॉय को बताना आवश्यक है। राकेश ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे डिजिटल भुगतान प्रणाली का अधिकतम उपयोग करें और ऑनलाइन बिल का भुगतान अपनी सुविधा अनुसार करें।

# पुराने घर से मिला हत्या में इस्तेमाल चाकू, बेटे पर पिता की हत्या का आरोप

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की दुब्बल पंचायत के द्रोबड़ा गांव में पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार बेटे से पूछताछ के बाद पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। यह चाकू आरोपी ने वारदात के बाद अपने पुराने घर में छिपा दिया था, जिसे पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित मकान से बरामद किया।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल की बारीकी से जांच की गई है। पुलिस ने खून से सने कपड़े और अन्य अहम साक्ष्य भी जब्त किए हैं। मामले में अब तक परिवार के दो सदस्यों सहित पांच से अधिक लोगों के बयान दर्ज हो चुके हैं, और कुछ अन्य के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। बुधवार को देर शाम आरोपी को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 13 जून तक पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिए गए।

▶ 13 जून तक रिमांड पर रहेगा आरोपी, पुलिस जांच के अन्य पहलुओं में जुटी

डीएसपी पधर देवराज ने बताया कि जांच सभी जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं के तहत की जा रही है और हत्या से जुड़े हर कड़ी को जोड़ा जा रहा है। घटना सोमवार रात की है जब आरोपी अपनी पत्नी से झगड़ रहा था। बीच-बचाव करने पहुंचे पिता पर बेटे ने अचानक चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों में भ्रष्टाचार मुक्त शासन और आर्थिक प्रगति: गोविंद ठाकुर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने मंडी में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिला है और यह समय भारत के लिए विकास का समय रहा है। ठाकुर ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के दौरान के समय को याद करते हुए कहा कि उस समय भ्रष्टाचार के मामलों ने देश को घेर लिया था। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद हो गए हैं और सरकार ने डिजिटल पेमेंट सिस्टम, डीबीटी, और जन कल्याण योजनाओं के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की है।



गोविंद ठाकुर ने बताया कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था केवल 4-5 प्रतिशत की दर से विकास कर रही थी, लेकिन मोदी सरकार के नेतृत्व में अब भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत में निवेश बढ़ा है, और स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं से आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, सोमेश, राकेश वालिया उपस्थित रहे।

### महंगाई नियंत्रण और अन्य उपलब्धियां

**पूर्व** मंत्री ने महंगाई पर भी चर्चा की, और बताया कि 2014 से पहले प्याज की कीमत 80 प्रति किलो थी और महंगाई दर 10 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि अब नरेंद्र मोदी सरकार के तहत महंगाई को नियंत्रित किया गया है।

# ढाई साल में कांग्रेस सरकार ने जनता को चखाया झूठे वादों का ही स्वाद: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सीएम सुक्खू द्वारा अपनी सरकार के ढाई साल पूरे होने पर दिया गया वक्तव्य न केवल तथ्यों से परे है, बल्कि आमजन की पीड़ा और निराशा का उपहास है। बीते ढाई वर्षों में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को केवल भ्रम, बदइंतज़ामी और झूठे वादों का ही स्वाद चखाया है। विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस 'व्यवस्था परिवर्तन' की बात कर रहे हैं, वह वास्तव में प्रशासनिक ठहराव, विकास की रफ्तार में अवरोध और जनता से संवादहीनता का पर्याय बन चुका है। इस सरकार के कार्यकाल में जनता को न राहत मिली, न भरोसा। जम्बाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार का ढाई साल का कार्यकाल आर्थिक कुप्रबंधन की पराकाष्ठा है। राज्य पर कर्ज का बोझ दिन-ब-दिन बढ़ता गया, लेकिन कोई दीर्घकालिक वित्तीय नीति नहीं बनी। कर्मचारियों का वेतन तक समय पर देने में असमर्थ सरकार, आर्थिक आत्मनिर्भरता की बात कैसे कर सकती है? बेरोजगारी खत्म करने के नाम पर युवाओं से धोखा हुआ है। प्रदेश में तबादलों का बाजार खुला है। अधिकारियों की पोस्टिंग में खुलेआम लेन-देन की चर्चा आम हो गई है। क्या यही पारदर्शिता है?

# अब पांच दिन का होगा नबाही देवी मेला: पवन

## कल से शुरू होने वाले मेले में होंगी तीन दिन सांस्कृतिक संध्या, लोक संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत मुख्यालय नबाही में आयोजित होने वाला पारंपरिक नौबाही देवी मेला अब दो दिन की बजाय पांच दिन मनाया जाएगा।

ग्राम पंचायत नबाही द्वारा आयोजित मेले में दूर-दूर से व्यापारी पहुंचते हैं। मेले में बड़ी संख्या में लोग आकर मां के दरबार शीश नवाकर दीदार करते हैं। वहीं अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी के साथ खाद्य पदार्थों और झूलों का आनंद लेते हैं। मां का यह मेला हर साल आषढ़ मास की संक्रांति को लगता है। पहले मेला तीन दिन लगता था अब की बार मेला 5 दिन तक चलेगा। यह निर्णय कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर की अध्यक्षता में नबाही व्यापार मंडल, ग्राम पंचायत


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन ठाकुर मेले की तैयारियों का जायजा लेते हुए।

प्रधान सुनीता शर्मा, पंचायत सदस्यों और स्थानीय लोगों की बैठक में लिया गया। पवन ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष 14 जून से शुरू होने वाले मेले में तीन दिन संध्या के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिससे लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होगा, जिसमें दो कर्मचारी भी नियुक्त किए जाएंगे, जिनका वेतन मंदिर कमेटी देगी और देखरेख मेला प्रशासन करेगा।

उपमंडल की प्रसिद्ध माता नबाही देवी का वार्षिक मेला 14 से 18 जून तक मनाया जाएगा।। पंचायत प्रधान सुनीता ने बताया कि मेले का उद्घाटन समारोह 14 जून को माता के मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया जाएगा।

### प्रशासन संग लिया मेले की तैयारियों का जायजा

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पवन ठाकुर ने एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम और टेंपल अधिकारी तहसीलदार सरकाघाट मनीष शर्मा के साथ भी बैठक करके मेले को भव्य रूप देने को लेकर रूपरेखा तैयार की और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ पार्किंग को लेकर भी स्थान चिह्नित किया। मेले की ओपनिंग क्लोजिंग व सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि बुलाए जाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा मेले को अगले वर्ष से जिला स्तर का दर्जा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने डीएसपी से मेले के दौरान अतिरिक्त पुलिस तैनात करने को लेकर भी चर्चा की।

# सरकार की उदासीनता से पेंशनरों में भारी आक्रोश, सड़कों पर उतरने का दिया संकेत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

▶ जोगिंद्रनगर में हिम आंचल पेंशनर संघ की मासिक बैठक संपन्न

**हिम** आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ प्रधान नेक राम शास्त्री ने की, जबकि महासचिव रमेश ने उपस्थित पेंशनरों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

बैठक में प्रधान नेक राम शास्त्री ने कहा कि जिला स्तर पर हुए चुनाव में जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड के पेंशनरों को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास से ही संभव है, इसलिए सभी पेंशनरों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। वित्त सचिव रविंद्र ने जिला एवं खण्ड स्तर पर हुए चुनावों के दौरान आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि सदस्यता अभियान को आगामी समय में और प्रभावशाली ढंग से चलाया जाएगा।

बैठक में सुभाष ठाकुर, प्रकाश वर्मा, दान सिंह, बृज गोपाल, गोपाल चंद व राजमल सहित कई वक्ताओं ने सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि सरकार पेंशनरों की जायज मांगों को नजरअंदाज कर रही है। वक्ताओं ने एकजुट होकर सड़कों पर उतरकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने पेंशनरों की वेतन संशोधन की लंबित राशि का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण कई पेंशनर आर्थिक तंगी व बीमारियों से जूझते हुए दुनिया से रुख़सत हो चुके हैं, लेकिन उनके अधिकार अधूरे रह गए।

# सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर बनने के लिए 16 जून को आएं करसोग

**अनंत ज्ञान, करसोग**

▶ 19 से 40 वर्ष होनी चाहिए आयु सीमा, 16 हजार से 22 हजार तक मिलेगा वेतन

**रोजगार** के इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, एसआईएस हमीरपुर, जिला हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 100 पदों (नियमित आधार पर) केवल पुरुष को भरने के लिए आवेदकों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। प्रभारी उप-रोजगार कार्यालय करसोग ने बताया कि इन पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास व उससे अधिक, आयु सीमा 19-40 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक की शारीरिक लंबाई 168 सेमी व उससे अधिक और भार 55 से 95 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित आवेदकों को 8 घंटे की ड्यूटी व 12 घंटे की ड्यूटी के लिए रुपये 16 हजार 500 रुपए से 22 हजार रुपये प्रति माह वेतन दिया जाएगा, इसके अतिरिक्त ईपीएफ और ईएसआई आदि लाभ भी प्रदान किए जाएगे।

उन्होंने बताया कि चयनित आवेदकों को हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ में नियुक्ति दी जा सकती है। अत: आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वह 16 जून को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, रिज्यूम, रोजगार पंजीकरण पत्र सहित उप-रोजगार कार्यालय करसोग में साक्षात्कार के लिए उक्त नियोक्ता के समक्ष उपस्थित हों ताकि आवेदकों का साक्षात्कार हो सके।

# नई व्यवस्था लागू होने तक लाभार्थी ओटीपी प्रमाणीकरण से ले सकते हैं खाद्यान्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी ब्रिजेंद्र सिंह पठानिया ने जानकारी दी है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए लाभार्थी आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार मंडी जिले में फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के लिए मैसर्ज मंतरा सॉफ्टेक (इंडिया) को सूचीबद्ध किया गया है। हालांकि नई पीओएस मशीनों की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव के लिए सेवा प्रदाता के चयन की निविदा वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। इसके साथ ही आधार आधारित फेस प्रमाणीकरण को भी पीडीएस प्रणाली में शामिल करने की प्रक्रिया प्रगति पर है और निकट भविष्य में इसके लागू होने की संभावना है। इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी ने आम जनता से अनुरोध किया है कि जब तक नई तकनीकी व्यवस्था पूर्ण रूप से लागू नहीं हो जातीं, तब तक वे आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

# अंशिका ने प्रदेश में झटका पहला स्थान

## सिल्वर जोन ओलंपियाड का परीक्षा परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**एसपीएस** इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर तताहर में सिल्वर जोन ओलंपियाड 2024-25 का आयोजन किया गया था, जिसका परीक्षा परिणाम घोषित हो कर दिया गया है। इसमें विद्यालय के कुल 56 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से कई विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया। जमा एक की छात्रा अंशिका राणा ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं जमा दो के छात्र अन्य ठाकुर ने प्रदेश में 47वीं रैंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल जीता।


परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाली होनहार।

इसी कक्षा की नेहा ठाकुर ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर, कक्षा सात के छात्र सिद्धार्थ ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कक्षा आठ के समर वीर सिंह राणा ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अंशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल व अथर्व शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता। इन सभी विद्यार्थियों को सिल्वर जोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा प्रशस्ति पत्र गोल्ड सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के गणित प्रवक्ता एवं परीक्षा समन्वयक अरुण कुमार ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं तथा उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा देती हैं।

# जिंदगी में भले ही मजदूर बनो पर मजबूर हरगिज न बनना: डीएसपी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नशा, कारण और निवारण विषय के अंतर्गत मंडी पुलिस द्वारा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदरनगर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में उपमंडल स्तर पर विभिन्न पाठशालाओं के छात्र व छात्राओं ने पूर्व में हुई थाना स्तर पर प्रतियोगिताओं से चयनित होकर भाग लिया। डीएसपी ने कहा कि जिंदगी में भले ही मजदूद बनो पर मजबूर हरगिज न बनना। प्रतियोगिताओं में घिरी, रोहांडा, जैदेवी, ब्रोखरी, झूंगी, निहरी, महादेव, सलवाना, सलापड़, बग्गी, (बाला) सुंदरनगर, एंजल पब्लिक स्कूल, नामधारी डीपीएस, गोल्डविन स्कूल के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**आस्था** | धार-जरोल पंचायत के मझाखल गांव में बाखली नदी के पास है चट्टान, पांडव काल में हुई थी शिला की स्थापना

# हथेली से हिल जाती है महाभारत काल की यह विशाल चट्टान

**लक्की, अनंत ज्ञान**

**करसोग।** सराज निर्वाचन क्षेत्र के थुनाग उपमंडल मुख्यालय से जंजैहली मार्ग पर स्थित धार-जरोल पंचायत के अंतर्गत मझाखल गांव (अब पांडव शिला गांव के नाम से प्रसिद्ध) में बाखली नदी के बाएं तट पर एक बहुत विशाल चट्टान पर दूसरी विशाल चट्टान इस प्रकार टिकी हुई है कि यदि इस ऊपर वाली चट्टान को श्रद्धालु और पर्यटक हथेली से हिलाते है तो यह चट्टान हिलने लगती है।

इस शिला की स्थापना पांडव काल में हुई थी। हिमाचल प्रदेश के स्थान नाम व्युत्पत्ति विवेचनात्मक अध्ययन पुस्तक मे लिखा है कि है कि पांडव काल में यह चट्टान यहा रास्ते पर पड़ी थी। भीम ने इसे रास्ते से हटा दिया। जो नीचे दूसरे बड़े पत्थर पर टिक गई। इस चट्टान को हथेली से हिलाने का प्रयास करे तो यह चट्टान हिलती है। चट्टान को हिलाने के बाद श्रद्धालु इस चट्टान के ऊपर छोटा सा पत्थर-कंकड़ फेंकते हैं। मान्यता है कि यदि फेंका गया पत्थर-कंकड़ इस हिलने वाली विशाल पांडव शिला के ऊपर टिक जाता है तो आस्था और विश्वास वाले श्रद्धालु की सुखपूर्वक और समृद्ध जीवन जीने की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। दोनों शिलाओ के मध्य एक शिवलिंग भी स्थापित है।


विशाल पांडव शिला को हथेली से हिलाते भक्त।

इस श्री विग्रह पर श्रद्धालुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर लोहे के त्रिशूल अर्पित किए हैं। गांव के युवा नूतन प्रकाश 'निशु' ने बताया कि यह शिला पांडवों के हुक्के की कटोरी का 'चुगल' थी। लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व तक इस शिला की गांव के स्व. राम नामक व्यक्ति निरंतर पूजा किया करते थे, लेकिन अब यहा पर कोई भी पुजारी नहीं है। एक अन्य मान्यता के आधार पर साहित्यकार, इतिहासकार और शिक्षाविद डॉक्टर हिमेंद्र बाली 'हिम' का कहना है कि करसोग की भंथल पंचायत के रिक्की गांव की पूज्या नागणी जान के साथ भी इस पांडव शिला का संबंध है। डॉक्टर बाली का कहना है कि पांडव काल में करसोग के सनारली क्षेत्र में नरभक्षी यक्षिणी का आतंक था। इसकी एक बहन सराज क्षेत्र मे अपने आतंक के लिए कुख्यात थी।

ये दोनों बहने इतनी शक्तिशाली थी कि ये दोनों शिकारी माता को चुनौती देने की सामर्थ्य रखती थी। जब पांडव लाक्षागृह की घटना के बाद इस क्षेत्र में आए तो भीम ने इन दोनो का वध कर दिया।वध करने के बाद दोनों में देवत्व की स्थापना की। तब से ये दोनो चट्टाने श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए पूजी जाती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला 18 महीने की बच्ची समेत हुई लापता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** समीपवर्ती गांव डठवाड़ा से एक महिला अपनी 18 माह की बेटी सहित लापता हो गई है। उसके पति प्रमोद कुमार ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायत में प्रमोद के बताया कि उसकी 35 वर्षीय पत्नी पल्लवी शर्मा और 18 महीने की मेरी बेटी श्रव्य शर्मा को भी साथ लेकर यह कह कर गई है कि मैं अपने मायके धुसाड़ा जा रही हूं, जब शाम के समय उन्होंने धुसाड़ा को फोन किया तो उसके पिता द्वारका दास ने बताया की पल्लवी उनके पास नहीं पहुंची है। हमने आसपास रिश्तेदारी में भी फोन किया, परंतु उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। सुराग न लगने पर हमने गत वीरवार को थाना सदर ऊना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। प्रमोद कुमार पुत्र राम स्वरूप ने बताया कि पल्लवी की तबीयत मानसिक रूप से कुछ खराब रहती है। इसी कारण उसका व्यवहार भी उपयुक्त नहीं रहता। उसके मायके वाले हमारे ऊपर उल्टे सीधे आरोप लगाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि पल्लवी की बहन जो पंजाब में रहती है, वह भी हमारे खिलाफ पत्नी को भड़काने काम करती है। पुलिस ने जिला के सभी थानों और चौकियों में गुमशुदगी की इत्तलाह दे दी है। इस गुमशुदगी केस का कार्यभार संजीव चंदेल को सौंप दिया गया है। संजीव चंदेल का कहना है कि हम हर पहलू पर जांच कर रहे हैं। जांच करने के उपरांत ही उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अरुण ने उठाई दो गाड़ियों को लिंक करने की मांग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने सीपीग्राम पोर्टल के माध्यम से रेलवे के समक्ष जनहित में मांग उठाई। उन्होंने इसमें कहा है कि कई वर्ष पहले रेलवे दोनों रेलवे गाड़ियों का लिंक करता था, जिससे हिमाचल और पंजाब के तीर्थयात्रियों को हरिद्वार आने-जाने में काफी सहूलियत मिलती थी, लेकिन कोरोना काल के बाद इस सेवा को बंद कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि रेलवे जल्द इस दिशा में कदम उठाए ताकि तीर्थ यात्रियों को राहत मिल सकें।

### टैक्सी यूनियन बंगाणा ने लगाई ठंडे पानी की छबील



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की कुटलैहड टैक्सी यूनियन बंगाणा की ओर से भीषण गर्मी में प्यासे राहगीरों के लिए एक सराहनीय पहल करते हुए बस स्टैंड बंगाणा में ठंडे और मीठे जल की छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुटलैहड भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भी पहुंचकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और टैक्सी यूनियन के सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष दिलबाग सिंह राणा, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित कई अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर लक्कू बंगाणा, बिक्की, चुन्नू, हैप्पी, राजकुमार, बहादुर सिंह, रंजीत सिंह आदि चालकों ने कड़ी धूप में अपनी निस्वार्थ भाव से सेवाएं दी।

### मुबारिकपुर में ठंडे पानी से बुझाई राहगीरों की प्यास



**सुदीप सरोच, अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** स्थानीय चौक में स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर में वीरवार को स्थानीय दुकानदारों द्वारा ठंडे पेयजल की छबील लगाकर लोगो को गर्मी से राहत पहुंचाई गई। स्थानीय दुकानदार रवि हैप्पी, उज्जवल, राकेश आदि ने बताया कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए हम सभी दुकानदारों व कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर मुबारिकपुर भरवाई रोड पर ठंडे व मीठे पेयजल की छबील लगाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाले उक्त स्टेशन में बस से बैठने व उतरने वाली सवारियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने लगाई गई छबील का भरपूर उपयोग किया। उन्होंने बताया कि सुबह दस से लेकर शाम तक छबील में मीठा पेयजल लेकर लोगों ने गर्मी से राहत ली।

### खुरवाईं बाजार में दुकानदारों ने गर्मी से दी राहत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जोल उपतहसील के अंतर्गत खुरवाईं बाजार में स्थानीय दुकानदारों ने जन सेवा की सराहनीय पहन करते हुए ठंडे पानी की छबील लगाई। भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से लगाए गए इस सेवा कार्य में राहगीरों और लोगों को शीतल जल पिलाया गया। इसके साथ ही हल्वे और चने का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में विजय शर्मा, संजीव शर्मा, रिंकू, प्रवेश कुमार सोनी, मदनलाल, संजीव भैंस, पवन कुमार, सतीश कुमार सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और दुकानदार सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### कुटलैहड़ की बेटी ने किया गौरवान्वित : भुट्टो



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र के बरनोह गांव की रहने वाली मुस्कान ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। मुस्कान ठाकुर, जो श्री दिनेश ठाकुर की सुपुत्री हैं, ने हाल ही में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर कजाक कुराश कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीतकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने मुस्कान ठाकुर को शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि भी प्रदान की। मुस्कान ठाकुर को पूरे कुटलैहड क्षेत्र को भी राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दी है। उसने बताया कि वह आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड के अलावा गणमान्य मौजूद रहे।

### तलमेहड़ा में युवाओं ने राहगीरों को पहुंचाई ठंडक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** तलमेहड़ा बाजार में श्रद्धा और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। तलमेहड़ा बाजार के हनुमान मंदिर के समीप भव्य छबील का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय युवाओं और दुकानदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवाओं द्वारा आते-जाते राहगीरों को चने व हलवा का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने छबील में पानी पीकर चिलचिलाती गर्मी में प्यास बुझाई। जानकारी देते हुए स्थानीय पूर्व बीडीसी सदस्य अशोक शर्मा ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में लक्की, बंटी, ललित साहनी, बिट्टू, काकू, अंकी, शब्बू, मनीष शर्मा, पंकज, संगम सहित अन्य दुकानदारों की सक्रिय भूमिका रही।

### डेरा अमलेहड़ में श्रद्धा का उमड़ा जनसैलाब



**अनंत ज्ञान टीम, मुबारिकपुर/गोंदपुर बनेहड़ा।** डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड में श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अखंड धूने पर शीश निभाया और महाराज हेमानंद जी का आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही श्रद्धालुओं ने डेरा अमलेहड में चल रही श्रीमद भागवत कथा का श्रवण भी किया। बताते चलें कि डेरे में 5000 से 7000 के करीब श्रद्धालुओं ने शीश निभाया। वहीं, गर्मी से राहत के लिए मंदिर परिसर के बाहर डेरा के श्रद्धालुओं द्वारा ठंडे पानी की छबील भी लगाई गई थी। श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास स्वामी चंद देव ने कहा कि सच्ची श्रद्धा से किया गया श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य अपने जीवन के तमाम पापों से मुक्ति पा सकता है। उधर, प्रबुद्ध वर्ग ने क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया से आग्रह किया है कि श्रीमद भागवत कथा के दौरान डेरा अमलेहड के लिए मुबारकपुर, दौलतपुर और वाया गोंदपुर बनेहड़ा से विशेष बसें चलाई जाएं। वहीं, श्रीमद भागवत कथा के दौरान अमलेहड में स्थायी ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी की तैनाती भी की जाए।

## गगरेट बस स्टैंड फिर बना सफेद हाथी, ट्रैफिक व्यवस्था पुराने ढर्रे पर लौटी, प्रशासन मौन

# बस स्टैंड में बसें नहीं आने से रोष

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**



गगरेट बस स्टैंड में बसें नहीं आने से दुकानदार भारी आर्थिक संकट झेल रहे हैं।

**पंजावर।** गगरेट में एक बार फिर ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने लगी है और करोड़ों की लागत से बना अत्याधुनिक आईएसबीटी (बस स्टैंड) फिर से सफेद हाथी साबित हो रहा है। शहर के मुख्य चौक पर बसों की अनधिकृत आवाजाही ने न केवल यातायात अव्यवस्था को जन्म दिया है, बल्कि बस स्टैंड में दुकानें चला रहे व्यापारियों की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है।

हालात यह हैं कि अधिकतर निजी और कुछ सरकारी बसें सीधे बस अड्डे जाने की बजाए मुख्य चौक या अस्पताल के पास ही सवारियों को उतार-चढ़ा रही हैं। ऐसे में बस अड्डे की दुकानों तक न तो यात्री पहुंच रहे हैं और न ही आम ग्राहक। इससे वहां कारोबार ठप पड़ गया है। बस अड्डे की दुकानदार यूनियन के पदाधिकारी सतीश शर्मा, अशोक कुमार व मनीष कुमार ने बताया कि बसें जब तक बस अड्डे में नहीं जाएंगी, तब तक यहां ग्राहक नहीं आएंगे। हमने लाखों रुपऐ खर्च कर यहां दुकानें ली थीं, लेकिन अब यहां सन्नाटा है और चौक पर भीड़।

**कमेटी बनी, कुछ दिन चला चाबुक, फिर ढीली पड़ गई पकड़ :** जानकारी के अनुसार कुछ माह पहले गगरेट के एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई थी, जिसे बसों की आवाजाही को बस अड्डे तक सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। शुरुआती दिनों में इस कमेटी ने कड़ी कार्रवाई की, जिससे कुछ समय के लिए बसें बस अड्डे में जाने लगीं और वहां रौनक लौट आई, लेकिन अब कमेटी की सक्रियता खत्म हो गई है और बसें फिर से अपने पुराने ढर्रे पर लौट आई हैं।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल :** दुकानदारों का कहना है कि अगर प्रशासन सख्ती से नियम लागू करे तो बसें बस अड्डे में जाएंगी और यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा किचौक पर बसें रोकने से ट्रैफिक जाम होता है, दुर्घटना का खतरा बढ़ता है और शहर की छवि भी खराब होती है।

**शॉपकीपर्स एसोसिएशन ने दी चेतावनी :** शॉपकीपर्स एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सख्ती से आदेश लागू करवाए जाएं, नहीं तो दुकानदार आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह जिला प्रशासन तक अपनी बात लेकर जाएंगे।

**स्थानीय नागरिकों ने की मांग-व्यवस्था हो बहाल :** स्थानीय नागरिकों ने भी ट्रैफिक अव्यवस्था और बस अड्डे की अनदेखी पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि गगरेट जैसे कस्बे में करोड़ों खर्च कर बनाया गया बस अड्डा सिर्फ दिखावे का न बनकर वास्तव में उपयोग में आए, इसके लिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए।

नायब तहसीलदार जागृति राठौर ने कहा कि एक बार फिर से पूरी टीम सहित निरीक्षण किया जाएगा और दुकानदारों की समस्या का हल किया जाएगा।

## कंवर को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पिपलू पंचायत ने किया सम्मानित



पिपलू पंचायत के प्रधान और सदस्य कंवर को सम्मानित करते हुए।

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र की पिपलू पंचायत के सामुदायिक भवन में वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत प्रधान महेंद्र सिंह एवं सदस्यों ने अखिल भारतीय वालीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं बधाई दी।

वहीं, इस उपलक्ष पर उपस्थित स्थानीय जनता ने उनको बधाई और उनके नए पद की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं, कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने समर्थन, स्नेह व आशीर्वाद के लिए पिपलू की जनता का धन्यवाद व्यक्त किया। वहीं, सम्मान समारोह के दौरान प्रधान महेंद्र सिंह ने कहा कि वीरेंद्र कंवर वर्ष 2010 से लगातार हिमाचल प्रदेश वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष रहे हैं और उनके नेतृत्व में वॉलीबाल का विस्तार हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिला तहसील एवं खंड स्तर तक हुआ है।

इस मौके पर कुटलैहड क्षेत्र के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष मास्टर रमेश शर्मा, बीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा, पंचायत सदस्य संजीव कुमार, हुसैन मोहम्मद, शीला देवी, सुरेंद्र शर्मा, चरणजीत शर्मा, मदन राणा, शशि राणा, राजेंद्र रिंकू, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फरीद खान,सुरेंद्र हटली व अन्य मौजूद रहे।

## वशिष्ट स्कूल के छात्र शौर्य प्रीत ने नेशनल प्रतियोगिता में जीता रजत

**अनंत ज्ञान, ऊना**



शौर्य प्रीत को सम्मानित करते गणमान्य

हिमाचल प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊना जिले के वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य प्रीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-18 लड़कों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में सिल्वर मेडल हासिल किया।

शौर्य, जो वर्तमान में बाहरवीं कक्षा में अध्ययनरत हैं, ने प्रदेशभर के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की। उनके इस प्रदर्शन से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि ऊना जिला भी गौरवांवित हुआ है। शौर्य प्रीत के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन आगामी नॉर्थ जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भी कर लिया गया है, जो कि उनके खेल करियर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने शौर्य प्रीत के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि समर्पण और कठिन परिश्रम का परिणाम है। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल हमेशा से ही प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहा है और भविष्य में भी ऐसे बच्चों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## खेल मैदान में शरारती तत्वों ने की तोड़-फोड़

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



युवाओं ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**अंब।** अंब उपमंडल के पंजोआ लड़ोली पंचायत के पंजोआ गांव में युवाओं द्वारा अपने संसाधनों से तैयार किए गए खेल मैदान में बीती रात अज्ञात शरारती तत्वों ने तोड़-फोड़ कर दी। मैदान में लगाए गए सुरक्षा नेट को फाड़ कर फेंक दिया गया, जिससे गांव में गहरा रोष व्याप्त है। यह खेल मैदान पंजोआ के स्थानीय युवाओं ने अपने जेब खर्च और आपसी सहयोग से तैयार किया था, ताकि गांव के लड़के खेल गतिविधियों में भाग लेकर नशे व अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। मैदान की चारदीवारी न होने के कारण तीनों तरफ नेट लगाया गया था ताकि खेलते समय गेंद बाहर न जाए।

युवा विंग के अध्यक्ष अतुल धीमान ने बताया कि यह जमीन पूर्व प्रधान शशि बाला की है और उनसे अनुमति लेकर ही यह कार्य शुरू किया गया था। हमने दिन-रात मेहनत करके और अपने जेब खर्च से इस मैदान को तैयार किया था। यह केवल खेलने की जगह नहीं, बल्कि हमारे लिए एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत है। इस तरह की घटना बेहद दुखद है। अगर किसी को मैदान से कोई परेशानी थी, तो हमें पहले बताया जा सकता था। घटना के बाद युवाओं ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांव में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

वहीं, सर्वहितकारी सभा के विकास शर्मा ने भी इस घटिया हरकत की कड़ी निंदा करते हुए कहा जब समाज के बड़े-बड़े अधिकारी खुद युवाओं को खेल की तरफ प्रेरित कर रहे हैं, तब पंजोआ जैसे गांव में जब लड़के खुद धन इकट्ठा करके खेल रहे हैं, तो उनके नेट फाड़ दिए जाते हैं, यह सोच बहुत ही ओछी है। ऐसे कृत्य समाज के विकास में बाधक हैं। गांववासियों ने इस घटना को केवल खेल मैदान को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि युवाओं के मनोबल को तोड़ने की कोशिश बताया है। सभी ने प्रशासन से अपील की है कि युवाओं के उत्साह को बनाए रखने के लिए दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर दंडित किया जाए।

पंचायत प्रधान बलविंदर सिंह का कहना है बच्चों ने खेलने के लिए किसी की निजी भूमि पर उनसे बात करके ही नेट लगाया था और पता चला कि वह भूमि कुछ लोगों की मुश्तरका भूमि है, अगर किसी को परेशानी थी तो बच्चों को बोला जा सकता था। इस तरह तोड़ना गलत बात है।

## रायपुर मैदान में 13 को मिलेगा सस्ता सामान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए 13 जून को सुबह साढ़े 9 से 10 बजे तक मोबाइल कैंटीन, आकाश कैंटीन ऊना के तत्वावधान से पंचायत रायपुर मैदान के प्रांगण में पहुंचेगी। इस मोबाइल कैंटीन से पूर्व सैनिक और उनके आश्रित, आवश्यक किराना (ग्रोसरी) सामग्री, जिससे वे किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामान प्राप्त कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए मैनेजर आकाश कैंटीन ऊना, कमांडर विजय कुमार (रि.) ने बताया कि यह सुविधा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों (जिनके पास कैंटीन कार्ड हैं) की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए प्रदान की जा रही है। बिल भुगतान एटीएम के मध्यम से ही लिया जाएगा। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा एवं वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा ने रायपुर मैदान और इर्द-गिर्द के सभी पूर्व सैनिकों से अपील की है कि वह मोबाइल कैंटीन की सुविधा का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं।

## एक जुलाई तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 9 और सहायिकाओं के 20 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। सीडीपीओ ऊना शिव सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदनएक जुलाई सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय ऊना में जमा करवा सकते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र धमन्दारी -3, डठवाड़ा, अपर देहलां नेगी बुड्डू मोहल्ला, लोअर देहलां ब्राह्मण मोहल्ला, राजपूत पट्टी मोहल्ला, झंबर हरिजन मोहल्ला, जखेड़ा बाल्मीकि मोहल्ला, रायपुर हट्टी वाला मोहल्ला और केंद्र-13 बसदेहड़ा में एक-एक पद आंगनबाड़ी वर्कर का भरा जाएगा।

आंगनबाड़ी केंद्र नारी 3, चलोला, रेंसरी ब्राह्मण जाट मोहल्ला, लाला सिंगी, लोअर देहलां बहती मोहल्ला, अपर देहलां कबीर पंथी मोहल्ला, पुल वाला बाजार ऊना वार्ड 5, बसोली-1, भटोली खैर टिकड़े मोहल्ला, जखेड़ा ब्राह्मण मोहल्ला, रायपुर एक, चताडा हरिजन मोहल्ला, बहडाला बाल्मीकि मोहल्ला, खिंदरी मोहल्ला बेहड़ाला, नंगड़ा, बड़ेहर स्वर नाई मोहल्ला एक,बडसाला, भटोली एक, जखेड़ा दो, रायपुर जाट बेहड़ में सहायिकाओं का एक पद भरा जाएगा।

## पहल : बडूही में लोगों ने चलाया नालियों का साफ-सफाई अभियान

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



नालियों की साफ-सफाई करते लोग।

**बडूही।** स्थानीय लोगों द्वारा बडूही चौकी मुख्य सड़क से सरकारी स्कूल तक जाने वाले मुख्य रास्ते के किनारे बनी नालियों की सफाई का अभियान चलाया गया। यह नालियां लंबे समय से घास और मिट्टी से भरी होने के कारण पूरी तरह से बंद पड़ी थीं, जिससे बरसात के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। गौरतलब है कि नालियों से पानी की निकासी अवरुद्ध होने के कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इसे देखते हुए क्षेत्रवासियों ने खुद ही सफाई अभियान की कमान संभाली और स्वेच्छा से नालियों की सफाई की। स्थानीय निवासी गुरनाम सिंह ने कहा, सरकार पक्के रास्तों और नालियों का निर्माण कराती है, लेकिन उनकी देखभाल और सफाई करना हमारी जिम्मेदारी बनती है। यदि हम मिलकर सफाई रखें तो हमारे गांव की सुंदरता और स्वच्छता बनी रहेगी। इस जनभागीदारी की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत बडूही के प्रधान जगदीश राम ने कहा लोगों द्वारा किया गया यह प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय है।

अन्य गांववासियों को भी अपने आसपास की सफाई बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। ऐसे प्रयास गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहायक होंगे। यह पहल स्थानीय लोगों की जागरूकता और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है, जो अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणादायक है।

## मोदी सरकार के विकास भरे रहे 11 वर्ष : सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



प्रोफेसर सिकंदर कुमार का स्वागत करते भाजपा नेता।

भाजपा महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे गत 11वर्ष देश मे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित हैं और इन 11 वर्ष मे मोदी के नेतृत्व मे रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म से भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने मे सफल हुए हैं। उन्होंने पत्रकार वार्ता मे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से जनधन, आधार और मोबाइल से विश्वास से सकारात्मक बदलाव होने से भारत को विश्व मे चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाकर अग्रणी देशों मे लाकर खड़ा कर दिया है।

प्रो सिकंदर ने कहा मोदी सरकार की प्रत्येक योजना गरीब कल्याण और वंचित समाज को उचित स्थान और सम्मान से जीवन जीने के लिए समर्पित हैं। उन्होंने आंकड़ों सहित बताया कि पीएम जनधन योजना से 45 करोड़ से अधिक खाते खोलकर लाभार्थी योजनाओं का सीधा लाभ देने का काम भी मोदी सरकार ने किया है। पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अन्न देने का कार्य कर रही है। 5 करोड़ लोगों को पीएम आवास योजना से आवास देने का कार्य किया। 9 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान योजना से लाभ देकर किसानी को संबल बनाने का कार्य किया।

आयुष्मान योजना के माध्यम से देश के 24.42 करोड़ को गरीबी रेखा से बाहर लाने का कार्य किया गया है। वहीं, जीएसटी लागू कर आमजन को साफ-सुथरा व्यापार करने का अवसर प्रदान किया। वहीं, वक्फ को कानूनी दायरे मे लाकर एक देश, एक सामान कानून की परिधि मे लाकर दृढ़ नेतृत्व का कार्य किया। मोदी सरकार के 11 वर्ष विरासत से विकास से भरे रहे हैं। आज भव्य राम मंदिर का निर्माण होना, सोमनाथ मंदिर को भव्य बनाना, वाराणसी मंदिर, मथुरा मंदिर कॉरिडोर निर्माण की बात हो, भारत की विरासत को बढ़ाने का कार्य किया। वहीं, 65 करोड़ श्रद्धालुओं द्वारा प्रयागराज मे कुंभ मे शामिल होकर राष्ट्र को विकास देने का कार्य किया है।

अनुच्छेद 370 समाप्त कर जम्मू क्रो भारत का अभिन्न राज्य बनाकर राष्ट्र गौरव को अधिमान दिया है। यही नहीं 2026 तक नक्सल मुक्त भारत बनाने की ओर अग्रसर हैं। मोदी 2047 तक विकसित भारत को बनाने के लिए अग्रसर हैं। इस दौरान संसदीय क्षेत्र सह प्रभारी सुमीत शर्मा, जिला अध्यक्ष शाम मन्हास, पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, राजेश ठाकुर, चैतन्य शर्मा, देवेंद्र भुट्टो, ओंकार नाथ, बलबीर बग्गा, बलराम, सुशील कालिया, विजय शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## फायदा — राज मिस्त्री जसवंत सिंह के परिवार के लिए मजबूत संबल बना कामगार कल्याण बोर्ड

# बेटियों की पढ़ाई और शादी के लिए मिली आर्थिक मदद

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**ऊना।** छह बेटियों के पिता और पेशे से राज मिस्त्री जसवंत सिंह के लिए जिंदगी लगातार संघर्ष से भरी थी। सीमित आमदनी, दिन-भर की दिहाड़ी और सिर पर जिम्मेदारियों का बोझ ऐसा था कि बच्चों की पढ़ाई और बेटियों के विवाह जैसे सपनों को साकार करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण के बाद सरकार की योजनाओं से उन्हें जो सहायता मिली, उसने उनके जीवन में नई उम्मीद और राहत का संचार किया।

बोर्ड की योजनाओं के तहत जसवंत सिंह को दो बेटियों की पढ़ाई के लिए 24 हजार रुपए और उनकी शादी के लिए 1.02 लाख रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। जसवंत का कहना है कि यह मदद केवल आर्थिक नहीं थी, बल्कि उनके मानसिक चिंता को समाप्त करने वाली एक बड़ी राहत थी। उन्होंने कहा कि मजदूरी की आमदनी से परिवार चलाना ही मुश्किल होता है, ऐसे में बेटियों के भविष्य की चिंता हमेशा मन में रहती थी। सरकार द्वारा समय पर मिली इस सहायता ने न केवल उनका आत्मविश्वास लौटाया, बल्कि बेटियों को भी सम्मान और सुरक्षा का भाव दिया।

**सरकार ने मुश्किल वक्त में दिया मेरा साथ :** जसवंत सिंह ने मुख्यमंत्री सुक्खू और हिमाचल सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच रही हैं और गरीब वर्ग के लिए आशा का मजबूत आधार बन रही हैं।

**योजनाओं से सैकड़ों श्रमिकों को मिल रहा लाभ :** इस संबंध में जानकारी देते हुए ऊना के जिला श्रमिक कल्याण अधिकारी अमन शर्मा बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, विवाह, पेंशन और आवास जैसे क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। ऊना जिले में पंजीकृत सैकड़ों श्रमिक इन योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी लाभार्थियों को पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के तहत योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

इन योजनाओं में शादी के लिए वित्तीय सहायता-लाभार्थी के स्वयं के विवाह तथा दो बच्चों के विवाह के लिए 51-51 हजार, मातृत्व और पितृत्व प्रसुविधा के तहत महिला लाभार्थी को प्रसव अवधि के समय अथवा बच्चे के जन्म पर 25 हजार, पंजीकृत कर्मकार की पत्नी को दो प्रसवों तक 6 हजार, पुरुष लाभार्थी को पितृत्व सुविधा के तहत बच्चे के जन्म पर 1 हजार और महिला लाभार्थी को 90 दिन से 26 सप्ताह तक मातृत्व अवकाश की राशि प्रदान की जाती है।

चिकित्सा सहायता में लाभार्थी और उसके आश्रितों को चिकित्सा के चिकित्सीय उपचार के लिए 50 हजार से 5 लाख, शिक्षा के लिए प्रथम कक्षा से पीएचडी तक 8400 से 1.20 लाख रुपए, 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर लाभार्थी को 1 हजार रुपए पेंशन सुविधा, दुर्घटना एव बीमारी के चलते हुई विकलांगता की स्थिति में 500 रुपए दिव्यांग पेंशन, कामगार बोर्ड में पंजीकृत सदस्य की मृत्यु होने पर नाम निर्देशितों / उनके आश्रितों को 2 से 4 लाख, अंतिम संस्कार के लिए 20 हजार रुपए की आर्थिकी सहायता दी जाती है।

इसके अलावा बेटी जन्म उपहार योजना के तहत 51 हजार रुपए, मानसिक रूप से मंद बच्चों की देखभाल के लिए 20 हजार प्रतिवर्ष, विधवा पेंशन योजना के तहत 1500 रुपए प्रतिमाह, होस्टल सुविधा योजना के तहत 20 हजाार रुपए प्रतिवर्ष, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1.50 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की जाती है।

### हर श्रमिक तक पहुंच रही सहायता : नरदेव सिंह कंवर

**हिमाचल** प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरवेद सिंह कंवर का कहना है कि सरकार का उद्देश्य यही है कि प्रदेश का कोई भी श्रमिक अपनी सामाजिक और पारिवारिक ज़रूरतों के लिए अकेला महसूस न करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में बोर्ड पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के तहत श्रमिकों को सहायता पहुंचा रहा है और सभी जिलों में क्रियान्वयन की सतत निगरानी की जा रही है। हमारी प्राथमिकता है कि योजनाएं ज़मीन पर असर दिखाएं और श्रमिकों के जीवन में आसानी हो।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की भर्ती शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बाल विकास परियोजना धुंदला स्थित मिनी सचिवालय बंगाणा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 5 और सहायिका के 13 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक महिलाएं सादे कागज पर आवेदन लिखकर 28 जून सायं 3 बजे तक सीडीपीओ कार्यालय बंगाणा में जमा कर सकते हैं। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला बंगाणा रूपेश कुमार ने दी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद करसाई, बौट, बिहडू कलां, चौघाट, भरमाड में भरे जाएंगे। सहायिका पद बुधान-2, अप्पर राजली,राजली बनियाला, मलांगड़, नरूंह, ननावीं-1,रिवाड, चराडा,बिहडू कलां,अंदरोली, बडोआ, वगनाल, वडूही-2 में भरने है। इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास रखी गई है। अभ्यार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र व क्षेत्र का स्थाई निवासी होना चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# साडा बैरियर पर पर्यटकों का हंगामा, निकाली रिवॉल्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के कसोल में साडा बैरियर पर एक बार फिर हंगामा हुआ। यहां पर बीती रात को बाहरी राज्य से आए पर्यटकों की गुंडागर्दी देखने को मिली। उन्होंने साडा बैरियर पर रिवॉल्वर निकालकर स्टाफ और होम गार्ड को धमकाया। इतना ही नहीं एक गाड़ी में आए पर्यटक ने हंगामा भी किया।

रिवॉल्वर निकालने वाले व्यक्ति उत्तर प्रदेश से सीआईए पुलिस स्टाफ के बताए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर साडा बैरियर का वीडियो वायरल हो रहा है। सनद रहे कि दो दिन पहले भी यहां पर एक पर्यटक द्वारा पिस्टल निकालने का मामला सामने आया है। घाटी में हो रही इस तरह की वारदातों को लेकर लोग सहमे हुए हैं। उधर, देर रात कसोल के सुमारोपा स्थित साडा बैरियर की इस मामले में एसपी कुल्लू डॉ. गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है, अगर कोई भी इस मामले में गलत पाया गया, तो पुलिस के द्वारा उस पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, उन्होंने बताया कि इस बारे हरियाणा पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

# दिल्ली-लेह बस में सैलानियों का सुहाना सफर शुरू

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**केलांग।** पहाड़ी रास्तों के रोमांच और यात्रा का शौक रखने वाले सैलानियों का सुहाना सफर शुरू हो गया है। देश के सबसे ऊंचे दिल्ली-लेह रूट पर वीरवार को एचआरटीसी की बस सेवा शुरू हो गई है।

देश की सबसे अधिक ऊंचाई से गुजरने वाली लेह-दिल्ली रूट के इस सुहाने सफर पर आठ माह बाद एक बार फिर से हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस दौड़ पड़ी है। वीरवार सुबह साढ़े पांच बजे केलांग से लेह के लिए 12 यात्रियों के साथ बस रवाना हुई। इस दौरान एचआरटीसी केलांग डिपो के आरएम आयुष उपाध्याय मौजूद रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-पाठ कर 12 यात्रियों सहित चालक-परिचालक को खतक पहनाकर लेह के लिए रवाना किया। लेह दिल्ली बस सेवा शुक्रवार को शुरू होगी। दुनिया के सबसे रोमांचक सफर का एहसास करवाने वाले दिल्ली-मनाली-लेह सड़क मार्ग पर जहां अन्य वाहनों की आवाजाही पहले ही शुरू हो गई है। वहीं, अब देश के सबसे लंबे व ऊंचे दिल्ली-लेह मार्ग पर पर्यटक एचआरटीसी की बस के सफर का आनंद ले सकेंगे।



आरएम लाहौल-स्पीति दिल्ली-लेह बस को खतका पहनाते हुए।

> **इस** बस सेवा का पर्यटकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। दिल्ली से लेह जाने वाला पर्यटक बिना रुके चंडीगढ़, मनाली, केलांग व सरचू होते हुए लेह पहुंचेगा। लेह-दिल्ली बस सेवा शुरू करने के बाद अब जल्द ही कुल्लू काजा बस सेवा भी शुरू की जाएगी।
>
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

### सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है यह मार्ग

**इस** मार्ग के खुल जाने से चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बैठे प्रहरियों तक पहुंचना आसान होता है। जम्मू कश्मीर रास्ते की तुलना में यह मार्ग सुरक्षित है। इसी बजह से भारतीय सेना इस सड़क को अधिक तरजीह देती है, इसलिए यह मार्ग सामरिक दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।

### चार दर्रों को पार कर पहुंचते हैं लेह

**एचआरटीसी** की बस 4 बर्फीले रें पार कर 1026 किलोमीटर लंबा सफर 30 घंटों में तय करेगी। इनमें एचआरटीसी को एशिया के सबसे ऊंचे गांव किब्बर और मनाली, लेह रूट पर बारालाचा दर्रा, 16020 नकी दर्रा, 15552 लाचुंग दर्रा, 16620 तंगलंग दर्रा, 17480 से होते हुए सेवाएं देने के लिए वर्ष 2017 में एचआरटीसी का केलांग डिपो लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुका है।

### क्या रहेगी समय-सारिणी

**दिल्ली** आईएसबीटी से दोपहर 12:10 बजे, चंडीगढ़-43 से शाम 6:10 बजे, मनाली से रात 2:30 बजे, केलांग से सुबह 5 बजे, लेह आगमन रात्रि 8 बजे। वापसी समय, लेह से प्रातः 4 बजे, केलांग से शाम 6:30 बजे, मनाली से रात्रि 9 बजे, चंडीगढ़-17 आगमन रात 2:45 बजे व दिल्ली आईएसबीटी आगमन सुबह 8 बजे पहुंचेगी।

### 1827 रुपए किराया निर्धारित

**1026** किमी. लंबे सफर का एचआरटीसी ने 1827 रुपए किराया निर्धारित किया है। पर्यटक 16500 फुट ऊंचे बारालाचा दर्रे, 15547 फुट ऊंचे नाकुला दर्रे, 13480 फुट तंगलांग ला और 16616 फुट ऊंचे लाचुंगला दर्रे का दीदार करवाएगी। यहां पर सैलानियों के लिए थोड़ी देर बस को रोका जाएगा और सैलानी दर्रे पर फोटोग्राफी का आनंद ले सकेंगे।

# स्पीति के किसानों की विपणन समस्याओं के बारे में की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

कृषि विज्ञान केंद्र, ताबो की ओर से काजा में किसानों/एफपीओ के सदस्यों की कंपनी में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया, जिसे स्पीति एफपीओ के सहयोग से आयोजित किया गया था।

डॉ. आरएस स्पेहिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख, केवीके ताबो ने केवीके के वैज्ञानिकों के साथ-साथ एफपीओ और कृषि, बागवानी, पशुपालन और एटीएमए विभागों के अधिकारियों के साथ विपणन और उनके समाधान सहित प्रमुख कृषि चुनौतियों पर किसानों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य सोनम तर्गे मुख्यातिथि थे। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं और केवीके टीम के अनुभव का अनुसरण करने का आग्रह किया। डॉ. स्पेहिया ने किसानों से आग्रह किया कि वे फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए दुनिया भर में किसान केंद्रित नवाचारों के साथ-साथ स्थानीय ज्ञान की मूल बातों का उपयोग करें और साथ ही क्षेत्र विशेष प्रौद्योगिकियों की विशिष्टता को बनाए रखें, जो ठंडे रेगिस्तान के विशिष्ट उत्पादों के रूप में उत्पादों का विपणन करने में मदद करेंगी। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक कृषि उत्पादों के रूप में स्पीति ब्रांड को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया। डॉ. बंदना धीमान और डॉ. अंकिता धीमान ने स्थानीय वानिकी और बागवानी फसलों के महत्व के साथ-साथ विश्व बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए नई फसलों और किस्मों की शुरूआत पर चर्चा की। एटीएमए से सुजाता और एफपीओ के अधिकारियों ने डॉ. स्पेहिया के विचार का समर्थन करते हुए किसानों से अपनी फसलों के आसान विपणन के लिए राज्य सरकार के सीटारा पोर्टल पर पंजीकरण करने को कहा। इसके बाद पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने याक और स्थानीय गाय पालन के बारे में चर्चा की, जिससे याक उत्पादों के माध्यम से घरेलू आय में वृद्धि के साथ-साथ ईको टूरिज्म में उनके उपयोग के बारे में भी चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को दी उन्नत तकनीकी जानकारी



दलाश में विकसित कृषि संकल्प अभियान पर जागरूकता शिविर में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, आनी ।** कृषि विभाग आनी द्वारा दलाश विश्राम गृह में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों, बागवानों और पशुपालकों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि, बागवानी व पशुपालन की उन्नत जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा से आए मृदा वैज्ञानिक डॉ. सुभाष कुमार तथा कीट वैज्ञानिक डॉ. रमेश लाल ने मृदा प्रबंधन, फसलों की उर्वरता, पेड़ों और पौधों पर लगने वाले कीटों की पहचान व रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों से रासायनिक के स्थान पर जैविक उपायों को अपनाने की अपील की। शिविर में कृषि विभाग आनी के अधिकारी डॉ. कश्मीर सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जैसे प्राकृतिक खेती, पीएम-किसान योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आदि। शिविर में स्थानीय किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और वैज्ञानिकों से अपने सवाल पूछे। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने और पारंपरिक खेती में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया।

### 'स्वार्थी दानव' लघु नाटिका का सफल मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में आसपास के सरकारी स्कूलों में स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा निशुल्क नाट्य कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में चौथी नाट्य कार्यशाला का समापन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर में प्रतिभागी बच्चों द्वारा ऑस्कर वाईल्ड द्वारा लिखित तथा रेवत राम विक्की द्वारा निर्देशित नाटक 'स्वार्थी दानव' नामक लघु नाटक के प्रभावशाली मंचन से हुआ। नाटक स्कूल के बच्चों तथा अध्यापकों ने देखा और सराहा। यह नाटक रेवत राम द्वारा संचालित एक माह अवधि की नाट्य कार्यशाला के दौरान बच्चों के साथ तैयार किया गया था। नाटक की कहानी कुछ इस तरह है कि एक दानव के सुंदर बगीचे में रोज बच्चे खेलने आया करते थे, जब वह सात साल बाद लौटा तो बच्चों को देख कर बहुत गुस्साया। उसने दीवार बनवा दी और बच्चों को बगीचे से निकाल दिया, अब वहां कोई नहीं खेलता था और हमेशा सर्दी बनी रहती थी। वहां गर्मी और वसंत कभी लौटे नहीं, क्योंकि बच्चों की हंसी गायब थी। एक दिन एक नन्हा बच्चा चुपके से अंदर आया और फिर से बगीचा खिल उठा। दानव को समझ आ गया कि बगीचे में वसंत तभी आता है, जब बच्चे हों। उसने दीवार तोड़ दी और बच्चों को बगीचे में खेलने की अनुमति दे दी, अब दानव बच्चों के साथ खेलता और उन्हें बहुत प्यार करता था। वह सबसे खुश रहने लगा और अंत में उसी छोटे बच्चे के साथ स्वर्ग चला गया। नाटक में प्रतिज्ञा ठाकुर, तन्वी ठाकुर, प्रीति, चांदनी, शिवानी, लिताशा, लीलमाया, सिया, जिया, शरणजीत, मेहुल ठाकुर, जशया, हितेश, नीरज, देस राज, निखिल, मानसी व कर्ण आदि बच्चों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का मन मोहा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सचिव (वरिष्ठ सिविल जज-सह-एसीजेएम), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किन्नौर द्वारा जिला कुल्लू के लुहरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (एलएचईपी), स्टेज-1 बायल में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बाल श्रम और अवैध तस्करी से बचाने के लिए सम्मेलन का पालन करना और मुफ्त कानूनी सहायता, एडीआर तंत्र, मध्यस्थता, नालसा हेल्पलाइन नंबर-15100 के संबंध में आम जनता को नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करना था। इसके अलावा उन्हें 13 सितंबर को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कुल 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# आपसी समन्वय से करें कार्य : ए. शैनमोल

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** आगामी मानसून की तैयारियों के दृष्टिगत मंडलीय आयुक्त ए शैनमोल ने वीरवार को मनाली में जिला कुल्लू के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में मानसून से पूर्व की गई तैयारियों एवं संभावित आपदाओं से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की तैयारियों का मूल्यांकन किया गया। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने विशेष रूप से राहत एवं बचाव कार्यों के लिए संसाधनों की उपलब्धता, त्वरित संचार व्यवस्था, आपातकालीन कंट्रोल रूम की स्थिति और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, जैसे विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। बैठक में डीसी कुल्लू, तोरुल एस रवीश, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस, स्वास्थ्य, जल शक्ति, लोक निर्माण, सेना, बीआरओ और अन्य संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएमएफ परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और लोक निर्माण तथा जल शक्ति विभाग को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने तथा कार्यों में गुणवत्ता के समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बरसात से पहले नालों व जल निकासी चैनलों की सफाई सुनिश्चित करने के साथ बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली, बांधों से जल छोड़े जाने की निगरानी एवं आईएमडी व सीडब्ल्यूसी द्वारा जारी अलर्ट पर तत्परता से प्रचारित करने पर बल दिया।



आगामी मानसून की तैयारियों के दृष्टिगत बैठक में चर्चा करते हुए सभी अधिकारी।

### आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह रहें तैयार

# प्रदर्शनी में लगे चित्र दे रहे इमारतों के संरक्षण का संदेश

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में वीरवार को देश-विदेश से आए चित्रकारों की सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन दिल्ली की प्रख्यात कलाकार पारुल भगत के द्वारा किया गया।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रदर्शनी में देश-विदेश से आए 18 कलाकारों की कला कृतियां प्रदर्शन पर हैं। इसमें मुख्य रूप से पहाड़ों के चित्र भारत की पारंपरिक कला को दर्शाती मंडाला चित्रकला, कैलीग्राफी, प्रिंट मेंकिंग, मूर्तिकला, जो कि समकालीन शैलियों की एक समृद्ध विविधता को प्रस्तुत करती है। हिमालय की शांत पृष्ठभूमि में सजी यह प्रदर्शनी प्रकृति की भावनाओं और सांस्कृतिक विविधता के दृश्यों को कहानी के माध्यम से अभिव्यक्त करती है। संयोजक पारुल भगत का मानना है कि हम सभी कलाकार साथ मिलकर आगे बढ़ें और एक-दूसरे को ऐसा मंच दें, जहां कलाकारों की कलाकृतियां देश-विदेश के दर्शक देख पाएं।



अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर गणमान्य लोग।

# आनी में कल दुग्ध उत्पादकों की बैठक

**अनंत ज्ञान, आनी।** स्थानीय दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं के समाधान के लिए एकदिवसीय बैठक का आयोजन 14 जून शनिवार को आनी में किया जाएगा। दुग्ध उत्पादक संघ आनी के अध्यक्ष हरविंद्र कुमार शर्मा और सचिव विजय ने क्षेत्र के सभी दूध उत्पादकों से इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने की अपील की है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा दूध के रेट तो बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन इसका सीधा लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। इसके अलावा पशु फीड, दबाई और अन्य दुग्ध उत्पादन संबंधी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। बैठक में किसानों की समस्याओं पर खुलकर चर्चा की जाएगी और समाधान के लिए आगामी रणनीति तय की जाएगी। संघ ने दुग्ध उत्पादकों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने हक की आवाज बुलंद करें।

# हिम संस्कृति शोध संस्थान में डॉ. यज्ञदत्त अध्यक्ष, हितेंद्र बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, आनी**





हिम संस्कृति शोध संस्थान (पंजीकृत) ने हाल ही में अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संस्था को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है।

संस्था की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. यज्ञदत्त शर्मा को अध्यक्ष और हितेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही सुनीता कुमारी को सचिव और देव वर्मा को सह-सचिव का दायित्व सौंपा गया। यह नियुक्तियां संस्थान की भावी योजनाओं और सांस्कृतिक अभियानों के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से की गई हैं। संस्थान हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक लोकसंस्कृति, कलाओं, भाषाओं और विशेष रूप से लुप्तप्राय टांकरी लिपि के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए विगत वर्षों से निरंतर कार्यरत है। टांकरी लिपि, जो हिमाचल की प्राचीन प्रशासनिक और साहित्यिक धरोहर रही है, वर्तमान में जनस्मृति से लगभग विलुप्त हो चुकी है। संस्थान ने इसे पुनर्जीवित करने के लिए प्रशिक्षण शिविरों, संवाद सत्रों और शैक्षिक कार्यक्रमों की शृंखला प्रारंभ की है।

इनमें युवाओं, विद्यार्थियों और शोधार्थियों की भागीदारी बढ़ती जा रही है। संस्थान के नव-नियुक्त अध्यक्ष डॉ. यज्ञदत्त शर्मा संस्कृत साहित्य, भारतीय ज्ञान परंपरा और लोकसंस्कृति के अध्येता हैं। वे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं और संस्कृति शोध के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उपाध्यक्ष हितेंद्र शर्मा एक सशक्त साहित्यकार, कवि और स्तंभकार हैं, जो तकनीकी दक्षता के साथ रचनात्मकता को जोड़ने की क्षमता रखते हैं। उनके नेतृत्व में संस्था को तकनीकी नवाचार और युवा सहभागिता की नई दिशा मिलने की संभावना है।

# राशनकार्ड धारक मोबाइल नंबर को आधार से करें लिंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि डिपो संचालकों के अनुसार ओटीपी प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को राशन देने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू में कार्यरत उचित मूल्य दुकानधारकों का कहना है कि ओटीपी प्रणाली के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कई मामलों में ओटीपी जेनरेट नहीं हो पा रहे हैं, जिस कारण उपभोक्ता के मोबाइल का आधार व राशन कार्ड से लिंक/अपडेट न होना है। इस कारण उपभोक्ताओं को मोबाइल पर ओटीपी रिसीव नहीं हो पा रहे है, यही कारण है कि उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिला कुल्लू के राशनकार्ड धारकों से अपील की है कि अपने मोबाइल नंबर को आधार के साथ लिंक/अपडेट करना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें राशन लेने में कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# सूत्रधार संस्था मनाएगी 48वां सूत्रधार वर्षगांठ समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी की बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 48वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू की स्थापना जून-1977 में कुछ उत्साही युवाओं द्वारा कला, संस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए की गई थी। संस्था का पहला कार्यक्रम 21 जून, 1977 को कलाकेंद्र कुल्लू में रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू के सहयोग के लिए किया गया था। इसी कड़ी में संस्था द्वारा कुल्लू जनपद की युवा एवं बाल प्रतिभाओं को समर्पित सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की शुरुआत संस्था के रजत जयंती वर्षगांठ 2002 से हुई थी। संस्था द्वारा कुल्लू जनपद की युवा पीढ़ी, जो अपनी संस्कृति से विमुख होती जा रही थी तथा दुर्व्यसनों में संलिप्त होती जा रही है, उनको अपनी संस्कृति से जोड़ने व उनकी युवा शक्ति का प्रयोग सृजनात्मक कार्यों में लगाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा इस तरह के सांस्कृतिक उत्सव आयोजन करने का निर्णय लिया गया तथा अपने उद्देश्य के अनुरूप इस घाटी के बाल और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन हर साल करती आ रही है। संस्था द्वारा निरंतर 5 दशकों से बाल व युवा शक्ति को कला संस्कृति के माध्यम से जोड़कर उन्हें सृजनात्मक कार्यों में संलिप्त किया गया है, ताकि वे कला-निपुण होने के साथ-साथ समाज में व्याप्त दुर्व्यसनों से भी बचे रहें। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 19 जून से 21 जून तक ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र कुल्लू व अटल सदन कुल्लू में करने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर जहां सूत्रधार कला संगम कुल्लू के सभी सदस्यगण हर वर्ष की भांति प्रयासरत हैं। वहीं, दूसरी ओर प्रतिभागी विद्यालयों के विद्यार्थियों में भी उत्साह भरा हुआ है। इस मौके पर उपसमितियों का गठन भी किया गया। बैठक में संरक्षक मंडल सदस्य राजेंद्र सूद, अध्यक्ष दिनेश सेन, उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिंदर सिंह, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव मंजू लता शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य भारत भूषण आचार्य व सुबोध सूद, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम महंत व पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन, सनी व संजय, प्रबन्धक उत्तम चन्द व सहयोगी पवन कुमार उपस्थित रहे ।

### 11 सांस्कृतिक विधाओं का होगा आयोजन

इस त्रिदिवसीय उत्सव में विभिन्न 11 सांस्कृतिक विधाओं लोकनृत्य, समहू नृत्य, लघुनाटक, समूह गान, प्रिंसेस सूत्रधार, फैशन शो, वाद्यवृंद, लोक गीत, फिल्म गीत, शास्त्रीय गायन तथा फैंसी ड्रैस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

**जायजा** स्थानीय हितधारकों के साथ की बैठक, पार्क क्षेत्र के प्रबंधन, संरक्षण एवं संवर्धन पर की चर्चा

# विश्व बैंक की टीम ने जांचा नेशनल धरोहर पार्क

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू के बंजार की तीर्थन और सैंज घाटी में स्थित विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क को वर्ष-2015 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा दिया गया।

इस पार्क क्षेत्र के ईकोजॉन में रहने वाले स्थानीय हितधारकों के जीवन स्तर और यहां के पर्यावरण में तब से लेकर अब तक क्या बदलाव हुए। इसका जायजा लेने के लिए विश्व बैंक की टीम तीर्थन घाटी के शाईरोपा पहुंची। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा की अध्यक्षता में शाईरोपा कांप्लेक्स में स्थानीय हितधारकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विश्व बैंक के पदाधिकारी डॉक्टर मधु वर्मा, डॉ. कनिका चंदेल, डॉ. नवीन वाली, डॉ. इरिना दास गुप्ता और डॉ. बसुधा मल्होत्रा, एसीएफ हंस राज सहित अन्य गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पार्क क्षेत्र की तीनों रेंज के कुछ हितधारकों, पर्यटन कारोबारिओं, स्वयं सहयता समूह की सदस्यों, महिला मंडल, नेचर गाइड और कुछ गांव विकास समिति के पदाधिकारिओं ने हिस्सा लिया। इस टीम की सदस्य भारतीय वन एवं अनुसंधान केंद्र देहरादून की शोधार्थी इरिना दास गुप्ता ने स्पाइडर्स ऑफ द वर्ल्ड पर इसी पार्क क्षेत्र में शोध करके पीएचडी की डिग्री हासिल की है। इस टीम द्वारा बैठक में उपस्थित लोगों को परिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए भुगतान पीईएस के तहत ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के बारे में फीडबैक ली गई। पार्क क्षेत्र में हुए पर्यावरण परिवर्तन, मानव दखल, प्रदूषण, आगजनी, समुदाय की सहभागिता, आजीविका, पर्यटन, पार्क के प्रबंधन, वन अधिकारों, संरक्षण एवं संवर्धन और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई सनद रहे कि ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क का क्षेत्रफल करीब 765 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।

यहां पर अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य और जैविक विविधिता का अनुपम खजाना भरा पड़ा है। इस नेशनल पार्क का महत्व यहां पाई जाने वाली दुर्लभतम जैविक विविधता से ही है। वन्य जीव हो या परिंदा, चिता, भालू, घोरल, ककड़, मोनाल सरीखे कई परिंदे व जीवजंतु और वन वनस्पति औषधीय जड़ी बूटियां यहां मौजूद हैं। इस पार्क की विशेषता यह भी है कि यहां पर वन्य जीवों व परिंदों की वे प्रजातियां आज भी पाई जाती हैं, जो समूचे विश्व में दुर्लभ होने की कगार पर हैं।



### पार्क की जैविक विविधता पर मंडरा रहे खतरों बारे लोगों ने किया आगाह

बैठक में लोगों ने विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की जैविक विविधता पर मंडरा रहे कुछ खतरों से भी आगाह करवाया है। पार्क क्षेत्र में बढ़ता भूमि कटाव, प्रदूषण, जंगल की आग, अवैध शिकार, अवैध डंपिंग और जड़ी बूटियों का दोहन तथा गैर जिमेदारना पर्यटन से इस धरोहर के लिए खतरा पैदा हो गया है। सदस्यों ने चेताया है कि समय रहते हुए इन खतरों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि तीर्थन वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी के लिए मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। पार्क क्षेत्र की सभी नेचर ट्रेल में पर्यटन से जो कूड़ा-कचरा फैल रहा है, उसके निष्पादन की व्यवस्था की जाएगी।

### इस पार्क का किया जा रहा मूल्यांकन

**विश्व** बैंक की पदाधिकारी डॉ. मधु वर्मा ने बताया कि बहुत लंबी प्रक्रिया के बाद इस नेशनल पार्क को विश्व धरोहर का दर्जा मिला है। इस पार्क का मूल्यांकन किया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से पार्क क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन, ठोस कचरा प्रबंधन, पौधरोपण, शिक्षण प्रशिक्षण और पार्क के संरक्षण एवं संवर्धन में स्थानीय समुदाय की सहभागिता आदि विषयों पर भी चर्चा-परिचर्चा की।

# पर्यावरण के अनुकूल समाधानों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** विप्रो अर्थियन टीम की ओर से मौहल स्थित कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में स्थिरता पर केंद्रित प्रभावशाली सत्र आयोजित किए। इससे छात्रों को पर्यावरण संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों को समझने में मदद मिली और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल समाधानों के बारे में गंभीरता से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पूरक के रूप में, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने रचनात्मक लेखन पर एक आकर्षक कार्यशाला का नेतृत्व किया। इसमें अभिव्यक्ति की शक्ति को पर्यावरण चेतना के साथ मिलाया गया। उनके संवादात्मक दृष्टिकोण ने छात्रों को प्रकृति और स्थिरता पर अपने विचारों को विचारशील और कल्पनाशील तरीकों से व्यक्त करने में मदद की। इसके अलावा, कक्षा 12 के छात्रों के लिए एक करियर काउंसलिंग पर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें आगे की शैक्षणिक और कैरियर की राह के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की गई।

# सुनील मियां अध्यक्ष, तेजा सिंह खाची संरक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, आनी**



ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की आनी इकाई का पहला इकाई सम्मेलन स्थानीय बार भवन में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता एडवोकेट सुनील मियां ने की।

इस अवसर पर यूनियन के राज्य प्रधान निरंजन वर्मा एवं राज्य सचिव सुरेंद्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में राज्य प्रधान निरंजन वर्मा ने देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर मंडरा रहे खतरों और अधिवक्ताओं को पेश आ रही चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने वकीलों को संगठित होकर अधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान अधिवक्ता चांद कुमार ने वकीलों को स्टाइपेंड देने का प्रस्ताव रखा, जबकि अधिवक्ता कुमारी मुस्कान ने महिला अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर समाधान सुझाए। दोनों प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर यूनियन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने खुलकर चर्चा की। भविष्य में संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सम्मेलन में 20 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सुनील मियां को इकाई अध्यक्ष, सुंदर सिंह को उपाध्यक्ष, चांद कुमार ठाकुर को महासचिव तथा कुमारी मुस्कान को सह-सचिव चुना गया। बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता तेजा सिंह खाची को संरक्षक नियुक्त किया गया। सम्मेलन के समापन पर राज्य सचिव सुरेंद्र वर्मा ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती से सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

## न्यूज ब्रीफ

### मौजा, बंबयार, बड़्यार में तेंदुए की दहशत

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उपमंडल पच्छाद के अंतर्गत आने वाले घीन्नीघाड़ की ग्राम पंचायत काटली के मौजा, बंबयार, बड़्यार में इन दिनों तेंदुए ने दहशत फैला रखी है। इसके चलते लोगों में न केवल दहशत का माहौल है, बल्कि उनके व उनके मवेशियों की जान पर खतरा भी मंडरा रहा है। ग्राम बंबयार के कमल नागवान ने बताया कि उनका एक बड़ा बकरा लगभग 40 किलो उसको तेंदुए ने मार दिया। वहीं, गांव बड़्यार में हेमाराम की गोशाला से एक बकरे को ले गया, ग्राम छोई में दीवान सिंह के एक बकरे को मार दिया व एक गंभीर रूप से घायल है। गांव सनोली में पृथ्वी सिंह की गाय और बछड़े को मारा दिया। इसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से निवेदन किया कि इससे पहले की ये जानवर किसी इंसान या बच्चों को या और पशुओं को नुकसान पहुंचाए, इसको पकड़ने का प्रयास किया जाए।

### ललित राठी की पुण्यतिथि पर देंगे निशुल्क शिक्षा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ललित राठी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर करियर अकादमी एजुकेशनल सोसायटी नाहन के प्रबंधन द्वारा एक सराहनीय व प्रेरणादायक निर्णय लिया गया है। संस्थान ने यह घोषणा की है कि ललित राठी की स्मृति में कुल पांच मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र, जो किसी कारण इस स्कूल में प्रवेश नहीं पा सके, उनको करियर अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन में निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। ललित राठी करियर अकादमी एजुकेशनल सोसायटी के संस्थापक सदस्य थे। वे एक प्रतिष्ठित गणितज्ञ, समर्पित शिक्षक, प्रेरक व्यक्तित्व तथा समाजसेवी थे।

### खेत स्तर पर निर्णय लेने की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा किसानों के बीच मौसम-आधारित कृषि सलाह सेवाओं के प्रसार प्रणाली को सुदृढ़ करने पर एक हितधारक बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शिमला के सहयोग से किया गया। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन नई दिल्ली, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ. शेष कुमार गरोशी, शिमला के अधिकारी और सोलन जिले से आए पशु सखी और कृषि सखी जैसे जमीनी स्तर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस पहल में पर्यावरण विज्ञान विभाग के संकाय सदस्यों सहित कुल 45 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं बैठक समन्वयक डॉ. एसके भारद्वाज ने मौसम-आधारित कृषि सलाहों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समय पर सलाहों से फसल उत्पादन में 20-25 फीसदी तक वृद्धि संभव है। उन्होंने बताया कि विभाग का लक्ष्य आधुनिक आईसीटी टूल्स के माध्यम से छह जिलों के प्रत्येक किसान तक पहुंच बनाना है। डॉ. पूर्णिमा मेहता ने मेघदूत ऐप और व्हाट्सऐप जैसे मोबाइल प्लेटफार्मों के माध्यम से किसानों को खेत स्तर पर निर्णय लेने में सहयोग देने के तरीकों की जानकारी दी। डॉ. शेष कुमार गरोशी ने किसानों की क्षमता निर्माण के लिए भविष्य में और सहयोग की आवश्यकता जताई और बताया कि किसानों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए धनराशि शीघ्र ही विभाग को प्रदान की जाएगी।

### हाथ में हथौड़ा नहीं कलम होनी चाहिए : नवकमल



**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर ने विश्व बाल निषेध दिवस को पांवटा साहिब के स्टोन क्रशरों में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों व उनके बच्चों के बीच मनाया, जिसकी अध्यक्षता नव कमल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर ने की। उन्होंने बताया कि बच्चों के हाथ में हथौड़ा नहीं कलम होनी चाहिए। 14 वर्ष आयु तक प्रत्येक बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार है व माता-पिता का कर्तव्य है। 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों से फैक्टरी होटल, ढाबा, खेतों व दूसरे के घरों में काम करवाना कानूनी अपराध है। भारत का बच्चा भारत में कहीं पर भी शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

### हर्षवर्धन चौहान आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 13 से 16 जून तक सिरमौर प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि हर्षवर्धन चौहान 13 जून को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठोंठा में भवन का उद्घाटन करने के उपरांत जन समस्याएं सुनेंगे। उद्योग मंत्री 14 जून को दोपहर 12 बजे पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चांदपुर धार में पर्यटन स्थल के विकास के संबंध में निरीक्षण करेंगे तथा 15 जून को शिलाई के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जन समस्याएं सुनेंगे। हर्षवर्धन चौहान 16 जून को प्रातः 10 बजे शिशु विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### मंजीत बने बार एसोसिएशन पांवटा के प्रधान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** बार एसोसिएशन पांवटा साहिब की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है। इसमें मंजीत चौधरी को निर्विरोध बार एसोसिएशन पांवटा के प्रधान के रूप में चुना गया है। वहीं, अरुण कुमार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने। रोहित शर्मा, सुखवीर सिंह, हरीश राणा, माता राम शर्मा, मोहम्मद तनवीर शेख को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अजय धीमान बार एसोसिएशन के महासचिव होंगे। कोषाध्यक्ष के रूप में सुशांत शर्मा को चुना गया। वीरेंद्र नेगी और शुभम चौधरी सचिव बने। खजान शर्मा और तबस्सुम संयुक्त सचिव बने। स्वाति मेहता को लाइब्रेरियन का कार्यभार सौंपा गया। साथ ही रूबी मल्होत्रा को ई-लाइब्रेरियन का जिम्मा सौंपा गया है। राजेश कटारिया एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी होंगे और मोहम्मद आसिफ खान असिस्टेंट मीडिया प्रभारी होंगे।

### आईटीआई दाड़लाघाट में टूल किट वितरित की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** आईटीआई दाड़लाघाट में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) की छठी बैच के छात्राओं को टूल किट वितरित की गई। चिकित्सा अधिकारी घनागुघाट डॉ. राहुल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि टूल किट्स छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण में सहायता प्रदान करेंगी। जीडीए ट्रेनर स्वाति गौतम ने बताया कि ये टूल किट्स छात्राओं की प्रैक्टिकल स्किल्स को मजबूत करेंगी और उन्हें स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करेंगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश शर्मा और जीडीए ट्रेनर स्वाति गौतम मौजूद रहे।

### शिशु विद्या निकेतन स्कूल का वार्षिक समारोह 16 को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के नाहन स्थित प्रतिष्ठित शिशु विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल (एसवीएन) शिक्षा के क्षेत्र में अपनी 50 से अधिक वर्षों की गौरवशाली यात्रा का जश्न मनाने जा रहा है। स्कूल अपना वार्षिक समारोह 16 जून को सुबह 9:30 बजे से एसएफडीए हॉल नाहन में आयोजित कर रहा है। यह आयोजन 'अंधकार से प्रकाश की ओर' स्कूल के आदर्श वाक्य को दर्शाता है और शिक्षा में उत्कृष्टता के 50 से अधिक शानदार वर्षों का उत्सव है। स्कूल प्रबंधन, स्टाफ और छात्रों ने इस विशेष अवसर पर सभी को हार्दिक निमंत्रण दिया।

### शिरोमणि कबीर के जीवन पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, अर्की ।** शिरोमणि कबीर साहेब की 627वीं जयंती के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा अर्की मंडल का कार्यक्रम अर्की लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में मंडल अध्यक्ष गंगाराम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हीरामणि भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मंच संचालन पीएन बंसल (सेवानिवृत्त आचार्य) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा संत कबीर की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। विभिन्न वक्ताओं में सीडी बंसल, राकेश चौहान, पीएन बंसल आदि सहित महान पदाधिकारियों ने संत शिरोमणि कबीर दास की वाणी और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि द्वारा भी विस्तार से संत कबीर की जीवनी पर प्रकाश डाला और मोर्चे द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव तारा चंद रानौत, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सैन राम नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष मस्त राम पंवर, राज्य समन्वयक राजेश कश्यप, चैत राम चौहान, समन्वयक, मधु सिंह उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष, प्रदेश संगठन सचिव ओम प्रकाश भाटिया, प्रदेश, राज्य संयुक्त लेखाकार सीडी बंसल आदि ने भाग लिया।

---

#### शूलिनी मेले में 1800 स्क्वायर फुट के एरिया के बजाए, 1400 स्क्वायर फुट में लगेंगे झूले

# 29.62 लाख में हुआ झूले का टेंडर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** राज्य स्तरीय शूलिनी मेले के दौरान ठोडो मैदान में लोगों की सुविधा के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन ने झूले लगाने का एरिया पहले से कम किया है। इसके तहत अब 1400 स्क्वायर फुट एरिया में झूले लगाए जाएंगे। पहले 1800 स्क्वायर फुट के एरिया में झूले लगाए जाते थे, लेकिन अब इसे घटाकर 1400 स्क्वायर फुट किया गया है।

इसकी वजह यही है कि यहां अधिक भीड़ हो जाती है और मैदान छोटा पड़ जाता है। वहीं, ओपन बोली में झूले के टेंडर के लिए इस मर्तबा 29 लाख 62 हजार रुपए तय किए गए हैं। यह राशि जीएसटी के साथ है, पिछले बार 23 लाख रुपए में टेंडर हुआ था, जबकि इस बार 6 लाख रुपए अधिक में बोली लगाई गई है। ऐसे में जहां एक तरफ निगम की आय बड़ी है, तो वहीं दूसरी तरफ लोगों को कई प्रकार के झूले का भी लुत्फ मेले में मिलने वाला है। राज्य स्तरीय शूलिनी मेले का आयोजन इस वर्ष 20 से 22 जून तक किया जाएगा। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन सहित कई अन्य संस्थाएं काम में जुटी हुई हैं। ठोडो मैदान की जिम्मेदारी निगम के पास रहती है। लिहाजा, उन्होंने भी झूले लगाने की प्रक्रिया को टेंडर के माध्यम से शुरू कर दिया है।



ठोडो मैदान में लगे झूले की फाइल फोटो।

#### ठोडो मैदान का ही हुआ टेंडर

**ठोडो** मैदान में अधिक भीड़भाड़ को देखते हुए इस बार स्थानीय प्रशासन कुछ झूलों को पुलिस ग्राउंड में लगाने की तरफ आगे बढ़ रहा है। बाकायदा इसको लेकर हुई पहली बैठक में जब प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल आए थे, तो उस समय भी यह मुद्दा उठाया गया था। हालांकि, शहर के ही कई लोगों ने उस मीटिंग में इसका विरोध कर दिया था, जो टेंडर हुआ है वह सिर्फ ठोडो मैदान के लिए ही हुआ है। ऐसे में फिलहाल यह लगता है कि इस बार भी पुलिस ग्राउंड में कोई भी झूला नहीं लग पाएगा।

#### 50 और 80 रुपए हो सकता है टिकट

**जानकारी** के मुताबिक इस बार भी पिछली साल वाले ही झूले के टिकट के रेट रह सकते हैं। पिछली बार 50 रुपए छोटे बच्चों के लिए और 80 रुपए बड़ों के लिए टिकट निर्धारित किया गया था। लिहाजा, इस बार भी यही रेट रह सकते हैं। हालांकि, यह अभी फाइनल नहीं हुआ है। उधर, निगम की माने तो जो टिकट का रेट तय किया जाएगा। यदि उससे ज्यादा मौके पर कोई वसूलता है, तो तुरंत प्रभाव से उस पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि हर वर्ष शूलिनी मेले में झूले के टिकट को लेकर विवाद खड़ा हो जाता है। अक्सर दूसरे और तीसरे दिन झूला संचालक अपनी मनमर्जी से ही टिकट का रेट लेना शुरू करते हैं, जिसका कई लोग विरोध भी करते हैं। यह समस्या कई वर्ष से देखने को मिल रही है, लेकिन इस बार निगम ने सख्त कार्रवाई की बात कही है।

> राज्य स्तरीय शूलिनी मेले में झूले खुली बोली में 29 लाख 62 हजार सर्वाधिक बोली लगाई गई है। लोगों की सुविधा के चलते इस बार 1400 स्क्वायर फुट एरिया में झूले लगाने के निर्देश दिए हैं। पहले यह एरिया 1800 स्क्वायर फुट था।
>
> **एकता कापटा, कमिश्नर, नगर निगम सोलन।**

---

## फर्जी रसीद घोटाले के मास्टरमाइंड पर कार्रवाई नहीं कर पाई पुलिस

**भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** राज्य स्तरीय शूलिनी मेले की फर्जी रसीद घोटाले के मास्टरमाइंड विभागीय अधिकारी पर बद्दी पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है, अभी तक विभागीय अधिकारी पर न तो एफआईआर दर्ज हुई है और न ही कोई गिरफ्तारी हो पाई है, जबकि उक्त अधिकारी के खिलाफ डिपो संचालक साफ कह चुका है कि उसी ने रसीद बुक दी थी और उसी के कहने पर रसीदें छपाई गईं।

इसके अलावा जिला प्रशासन भी साफ कर चुका है कि 7201 नंबर रसीद जिस प्रिंटिंग प्रेस से बरामद हुई थी, वह खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी को जारी हुई है और उसी की जिम्मेदारी थी। इसके बावजूद भी पुलिस अभी तक उक्त अधिकारी पर कोई खास कार्रवाई नहीं कर पाई है। हालांकि, पुलिस ने डिपो संचालक के भाई संदीप सिंगला की गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया है, लेकिन जिसने गलत मंशा से रसीद आगे दी, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। डीसी सोलन को जब इसकी भनक लगी, तो छानबीन शुरू हुई और नालागढ़ शहर की एक प्रिंटिंग प्रेस में छापे के दौरान 1294 पर्चियां बरामद हुईं। पर्चियों में 'शूलिनी मेला कमेटी सोलन' के नाम के साथ डीसी सोलन का मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी और स्कैनर कोड तक छपा था।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

जांच के दौरान जब एक पर्ची (क्रमांक 7201) को स्कैन किया गया, तो उसमें डीसी के चेयरमैन के खाते की डिटेल सामने आ गई, जिससे इस फर्जीवाड़े की गंभीरता और बढ़ गई। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन को पत्राचार किया गया है कि जो रसीद मिली थी, वह किस अधिकारी को जारी हुई थी, जैसे ही रिपोर्ट आएगी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल उठता है कि अगर आरोपियों की गलत मंशा नहीं थी, तो इतने बड़े पैमाने पर रसीदें क्यों छापी गई और उस पर स्कैनर कोड भी गलत क्यों लगाया गया। सूत्रों की माने तो प्रिंटिंग प्रेस में सिर्फ 7201 नंबर रसीद पर स्कैनर ठीक था, लेकिन दूसरी नकली पर्चियों पर स्कैनर काम नहीं किया। ऐसे में यह भी शक जताया जा रहा है कि आरोपियों का इरादा कैश में रसीदों को काटने का था।

---

## सिरमौर में बाइक हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में कांटी मश्वा संपर्क सड़क पर हुए एक भीषण बाइक हादसे में दुगाना गांव के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया।

मृतक की पहचान 33 वर्षीय सुमन सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी दुगाना के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा बुधवार को उस समय हुआ, जब सुमन सिंह और अमित कुमार (30) पुत्र रंगीलाल निवासी दुगाना, 'एप्लाइड फॉर' बाइक पर सवार होकर मानल से कांटी मश्वा की ओर जा रहे थे। रास्ते में कच्ची और ढलानदार सड़क पर उनकी बाइक अचानक स्किड हो गई। हादसे के में अमित कुमार सड़क किनारे जा गिरे, जबकि चालक सुमन सिंह बाइक समेत गहरी खाई में जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों घायलों को संभाला और एंबुलेंस की मदद से पांवटा साहिब सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने सुमन सिंह को मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टरों के अनुसार, सुमन सिंह की मृत्यु अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। घायल अमित कुमार को इस हादसे में हल्की चोटें आई हैं। उधर, डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ने इस दर्दनाक हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगामी जांच की जा रही है।

## कुमारहट्टी में दो युवक चिट्टे सहित काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन**





जिला सोलन पुलिस की विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम थाना धर्मपुर के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक स्कॉरपियो गाड़ी पट्टा मोड़ के पास फोरलेन के नीचली तरफ को खड़ी है।

इसमें भारत भूषण व मुकेश शर्मा नाम के दो युवक सवार हैं, जो चिट्टा/हरोईन सप्लाई करने के लिए जाए हैं, जो यह उपरोक्त चिट्टे को कुमारहटटी क्षेत्र में बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त कार में बैठे दोनों युवकों, जिनके नाम भारत भूषण पुत्र छगाराम निवासी गांव रोलावाला डाकखाना लोधी माजरा तह. बद्दी जिला सोलन उम्र 32 वर्ष व मुकेश शर्मा पुत्र रोशन लाल निवासी गाव शमलाटी मझजाव डापा नैनाटिक्कर तह. पच्छाद जिला सिरमौर उम्र 28 वर्ष मालूए हुए, उनको काबू कर उनके कब्जे से करीब 5 ग्राम चिट्टा/हेरोईन बरामद किया गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त मामले के अन्वेषण के दौरान वारदात में संलिप्त गाड़ी को जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

#### 4.39 ग्राम चिट्टा बरामद किया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शिमला-मंडी मार्ग छामला के समीप दाड़लाघाट पुलिस ने 4.39 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक दाड़लाघाट थाने के कर्मी शिमला मंडी मार्ग छामला के समीप गश्त पर थे, इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सूरज ठाकुर नामक युवक के पास भारी मात्रा में चिट्टा हो सकता है। इसके बाद पुलिस टीम ने वेटनरी मोड़ के पास कार्रवाई करते हुए सूरज को गिरफ्तार किया, जब पुलिस ने सूरज को पकड़ा, तो उसने एक पारदर्शी प्लास्टिक लिफाफा नीचे फेंक दिया। पुलिस ने लिफाफे की जांच की। इसमें 4.39 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी सूरज ठाकुर बिलासपुर जिले के टटोह गांव का रहने वाला है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि दाड़लाघाट पुलिस नशीले पदार्थों के सौदागरों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार प्रयासरत है। पुलिस आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी।

## 40 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा ब्लॉक में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 40 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने आरोपी को दबोच कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने कहा कि पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने एएसआई दिनेश कुमार के नेतृत्व में मिली गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी दलीप सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी गांव खारा डा. जमनीवाला तहसील पांवटा साहिब के कब्जे से वार्ड नं. 1 नजदीक शिव नंद कालोनी के पास 40 अवैध लीटर शराब बरामद की। डीएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

---

## दहेज उत्पीड़न में पीड़िता ने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन ब्लॉक की पंचायत कौलावालांभूड़ के पीपलवाला की एक महिला ने अपने ससुराल पर दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के साथ पति द्वारा तलाक देने के आरोपों की शिकायत एसपी सिरमौर को की है। उधर, मामले में एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि दहेज उत्पीड़न व ससुरालियों द्वारा तंग करने की लिखित शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए शिकायत एसएचओ थाना सदर नाहन को दी गई है। जांच के बाद आरोपी व ससुरालियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी को सौंपी शिकायत में पीड़िता मुस्कान ने बताया कि उसका निकाह नायब खां के साथ 6 नवंबर, 2021 को हुआ था। शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति व ससुराल वाले मारपीट व मानसिक रूप से परेशान करते रहे। उसका पति जान से मारने व तीन तलाक की धमकी दे रहा है, अब उसको मारपीट करके ससुराल से निकाल दिया है। पीड़िता ने बताया कि एक बार पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन समझौता हो गया था, लेकिन उत्पीड़न नहीं रुका। उसको ससुराल पक्ष की ओर से धमकियां मिल रही हैं।

## अर्की में ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट का पद रिक्त

#### चश्मे का नंबर लेने में आ रही दिक्कत, लोग सोलन व शिमला के खा रहे धक्के

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की ।** नागरिक चिकित्सालय अर्की में लंबे समय से ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट का पद रिक्त होने के चलते क्षेत्र में विभाग व स्थानीय नेताओं के खिलाफ भारी रोष पनप रहा है। सूत्रों की माने, तो अर्की अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ तो है, वह समय-समय पर आंखों के ऑपरेशन करते रहते हैं, लेकिन जिन मरीजों की दृष्टि मात्र चश्मे लगाने से ही ठीक हो सकती है।

उन्हें चश्मे का नंबर लेने के लिए ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट न होने के चलते अन्य अस्पताल या प्राइवेट दुकानों में जाना पड़ता है। अस्पताल आने वाले लोगों का कहना है कि आज के खान-पान व डिजिटल पढ़ाई व अन्य कार्यों के चलते हर व्यक्ति आखों की समस्या से ग्रसित है एवं छोटी-मोटी आंख की समस्या केवल चश्मा लगाकर भी ठीक हो जाती है, लेकिन चश्मे का नंबर देने वाला ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट के न होने से लोगों में परेशानी उतपन्न हो रही है और ज्यादातर बच्चों एवं बुजुर्गों को कठिनाई उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि इस बारे में जिला व प्रदेश स्वास्थ्य विभाग व स्थानीय नेताओं को पता है कि अर्की अस्पताल में ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट का पद दो वर्षों से रिक्त है, लेकिन विभाग व स्थानीय नेता इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते मरीजों व तीमारदारों को शिमला या सोलन के धक्के खाने के साथ ही आर्थिक नुकसान भी सहना पड़ा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थानीय विधायक मुख्यमंत्री से जल्द ही ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट व ऑर्थो स्पेस्लिस्ट की नियुक्ति करवाएं, ताकि लोगों उन पर विश्वाश बना रहे। प्रदीप शर्मा एमओ इंचार्ज अर्की ने बताया कि इन रिक्तियों के बारे में विभाग को समय-समय पर लिखित तौर पर अवगत करवाया जाता रहा है।





## किप्स ने प्री-स्टेट शूटिंग में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिमला में संपन्न हुई प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा के आठ विद्यार्थियों ने भाग लेकर अत्यंत सराहनीय प्रदर्शन किया और विभिन्न श्रेणियों में पांच स्वर्ण तथा एक कांस्य पदक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल (जूनियर ब्वॉयज) श्रेणी में गरिमन औजला ने 277/300 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि गिरीश ने 246/300 अंक अर्जित कर कांस्य पदक प्राप्त किया। गरिमन औजला ने 10 मीटर एयर पिस्टल में 555/600 अंकों के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 10 मीटर एयर पिस्टल में वीरेन गुलिया ने 372/400 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। 10 मीटर एयर राइफल (सब यूथ वर्ग) में अंश कौशल ने 384/400 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में, प्रियांशी अरोड़ा ने 10 मीटर एयर राइफल (सब यूथ) में 384/400 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतकर सभी को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्या और शिक्षकों ने इन सभी छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी। यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विद्यालय की उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रणाली और खेलों के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है।



---

**आयोजन** मोदी सरकार के 11 साल का कार्यकाल गरीब कल्याण की दिशा में मददगार साबित हुआ

# सरकार ने हर वर्ग के हितों का रखा ख्याल: कश्यप

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल का कार्यकाल गरीब कल्याण की दिशा में मददगार साबित हुआ है।

सांसद सुरेश कश्यप सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुरेश कश्यप ने कहा कि इस कार्यकाल के दौरान अभूतपूर्व विकास कार्य देश के भीतर हुए हैं और कई बड़े ऐतिहासिक निर्णय केंद्र की मोदी सरकार ने लिए हैं, जो देश में मददगार साबित हो रहे हैं। वहीं, आने वाले समय में भी इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 370 हटाना, नागरिक संशोधन कानून लागू करना, तीन तलाक समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं और यह तभी संभव हो पाया है, जब नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त प्रधानमंत्री इस देश को मिला है।



पत्रकार वार्ता करते सांसद सुरेश कश्यप।

सुरेश कश्यप ने कहा कि देश लगातार आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है और जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा है, फिर चाहे बात युवाओं की हो या महिलाओं की हो या फिर गरीब किसान की। देश के प्रधानमंत्री ने किसानों की चिंता की है और देश के 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।

साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना भी करोड़ों किसानों के लिए मददगार साबित हो रही है। सुरेश कश्यप ने कहा कि इस कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश और सिरमौर जिले को भी कई सौगात केंद्र की सरकार द्वारा दी गई है। इसमें जिला बिलासपुर में एम्स, ऊना में पीजीआई सेटेलाइट सेंटर और बल्क ड्रग पार्क, के साथ-साथ देश की चौथी वंदे भारत ट्रेन हिमाचल में चल रही है। केंद्र कार्यकाल के दौरान सिरमौर जिले को आईआईएम, मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ रेणुका डैम बनाने के लिए धन की स्वीकृति मिली है। साथ ही करीब 1400 करोड़ रुपए की लागत से पांवटा साहिब शिलाई हाटकोटी ग्रीन कॉरिडोर नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य जारी है। सिरमौर को रेलवे से जो धनड़ने का काम हो रहा है, जिसके बारे रेल मंत्री से बात भी हो चुकी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी, पूर्व विधायक शिलाई बलदेव तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, श्यामा पुंडीर, राकेश गर्ग समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संकल्प से सिद्धि की ओर कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भाजपा दाड़लाघाट मंडल में वीरवार को मोदी सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संकल्प से सिद्धि की ओर विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष व अर्की विधानसभा संयोजक रविंद्र परिहार, पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा तथा कार्यक्रम के निमित्त संयोजक व भाजपा जिला सोलन के सचिव राकेश गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत बनाना, बूथ स्तर पर कार्यों की समीक्षा करना, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करना तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं में संवाद, भागीदारी और समर्पण की भावना को सशक्त करना। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को जहां संगठनात्मक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए, वहीं उन्हें अपने विचार साझा करने एवं योजनाओं में सहभागी बनने का अवसर भी मिला।

## रीडिंग स्किल में छह बच्चों ने दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मुख्याध्यापक रामचंद्र ने की। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक व रुचिकर बनाने के लिए रीडिंग स्किल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तीनों सदनों के छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रातः कालीन सभा में विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के अखबार में आर्टिकल पढ़ने को दिए। मुख्याध्यापक पीसी बद्दू ने बताया कि इस वर्ष के लिए थीम प्रगति स्पष्ट है, लेकिन अभी और काम करना बाकी है, आइए प्रयासों में तेजी लाएं । हम सभी को बाल श्रम को निषेध करना चाहिए। बालकों का अधिकार बचपन में शिक्षा व ज्ञान अर्जित करना है। जिम्मेदार नागरिक बनने पर बालक अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र हित में करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### 30 जून तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** खाद्य एवं आपूर्ति और उपभोक्ता मामले तथा विधिक माप विज्ञान, चंडीगढ़ आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के दिशा-निर्देशों के अनुसार बायो-मेट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा ईपीओएस डिवाइस के माध्यम से सभी पंजीकृत लाभार्थियों/परिवार के सदस्यों का ईकेवाईसी कर रहा है। यह अभ्यास चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में सामुदायिक केंद्रों पर चल रहा है। सभी पंजीकृत लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों के बायो-मेट्रिक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य है और पंजीकृत एनएफएसए, 2013 लाभार्थियों के ईकेवाईसी की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 30 जून तक अंतिम विस्तार प्रदान किया गया है, जो कोई भी अपना ईकेवाईसी या बायो-मेट्रिक प्रमाणीकरण नहीं करवाएगा, उसका खाद्य सब्सिडी लाभ ईकेवाईसी पूरा होने तक निलंबित किया जा सकता है। किसी भी जानकारी के लिए व्यक्ति 1800-180-2068 या 0172-2703956 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रक्तदान अभियानों के बारे में जानकारी साझा की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी ब्रांच चंडीगढ़ ने ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, जीएमसीएच-32 के सहयोग से ब्रिज मार्केट सेक्टर-17 चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन निशांत कुमार यादव, आईएएस डिप्टी कमिश्नर-कम-चेयरमैन, यूटी रेडक्रॉस चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा किया गया। सुश्री पूनम मलिक, नोडल अधिकारी, रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी चंडीगढ़ ने यूटी रेडक्रॉस द्वारा आयोजित विभिन्न रक्तदान अभियानों के बारे में जानकारी साझा की। आज के शिविर को उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 200 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा, शिव शक्ति मंडल, बडाला के अध्यक्ष बीएन शर्मा, ओडी मित्तल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय मित्तल, महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा समिति के अध्यक्ष अमित जैन ने इस कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। श्री शिव कांवड़ महासंघ ने दानदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था कर इस आयोजन में उदारतापूर्वक सहयोग किया, जिससे शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान मिला। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, यूटी ब्रांच चंडीगढ़ सभी दानदाताओं और उन गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक आभार किया, जिनके सहयोग से यह नेक पहल सफल हुई। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी ब्रांच चंडीगढ़ सभी दानदाताओं और उन गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह नेक पहल सफल हुई।

### बाल श्रम को खत्म करने के लिए किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, यूटी चंडीगढ़ जून के महीने में बाल श्रम से निपटने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से कई प्रभावशाली गतिविधियों को अंजाम देकर 'विश्व बाल श्रम निषेध दिवस' मना रहा है। इस अवसर के महत्व को ध्यान में रखते हुए, पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने एक ऑडियो-विजुअल संदेश के माध्यम से चंडीगढ़ के निवासियों को बाल श्रम को खत्म करने और हर बच्चे के लिए एक सुरक्षित और पोषण वातावरण सुनिश्चित करने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के समर्थन में, चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजीव वर्मा की अध्यक्षता में यूटी सचिवालय में चंडीगढ़ प्रशासन के सचिवों, निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसने बाल श्रम की रोकथाम और निषेध पर जोर देकर क्षेत्र से बाल श्रम को खत्म करने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। चंडीगढ़ प्रशासन के सभी विभागों के साथ-साथ व्यापार मंडल और चंडीगढ़ होटल एसोसिएशन ने भी बाल शोषण के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाने की शपथ ली। बाल श्रम अभियान में रेडियो अभियान, डिजिटल आउटरीच, नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) और बाल श्रम विरोधी बचाव अभियान जैसी जागरूकता पहलों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इन उपायों की योजना समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव अनुराधा एस चगती के कुशल मार्गदर्शन में बनाई गई है, जो बाल श्रम के मामलों की पहचान करने और रिपोर्ट करने के महत्व के बारे में जनता को संवेदनशील बनाने, नागरिकों को ज्ञान से सशक्त बनाने और सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करने की दिशा में केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# ड्रोन तकनीक से कृषि को मिलेगी नई दिशा

## सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा-ड्रोन आधारित पायलट प्रोजेक्ट करें तैयार

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्या) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश में ड्रोन तकनीक के विविध उपयोगों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फसल स्वास्थ्य की निगरानी और बीमारियों की पहचान के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ड्रोन का उपयोग किया जाए। इससे किसानों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराकर फसल हानि को रोकने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पायलट चरण में आलू, चना, कपास, धान और सब्जियों जैसी फसलों को शामिल किया जाए, जिनमें सामान्यत: बीमारियों की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की पैदावार में सुधार होगा और फसलों के नुकसान में कमी आएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि 'ड्रोन दीदी योजना' के तहत प्रदेश में 5,000 महिलाओं को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने दृश्या के अधिकारियों को अगली एक तिमाही में लगभग 500 महिलाओं को प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। यह पहल महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगी।



### प्राकृतिक खेती को मिलेगा प्रोत्साहन

**मुख्यमंत्री** ने निर्देश दिए कि ड्रोन तकनीक का उपयोग प्राकृतिक खेती, विशेष रूप से जीवामृत के छिड़काव के लिए किया जाए। इसके लिए किसानों को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि वे आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल खेती की ओर अग्रसर हो सकें।

### 135 किसानों को किया जा चुका है प्रशिक्षित : फूल कुमार

**दृश्या** के सीईओ फूल कुमार ने बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि दृश्या द्वारा एचटी पावर लाइन निरीक्षण, लार्ज स्केल मैपिंग, आपदा प्रबंधन, यातायात प्रबंधन निगरानी, अवैध खनन निगरानी और फसल स्वास्थ्य निगरानी आदि जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। लार्ज स्केल मैपिंग प्रोजेक्ट के तहत 6100 स्क्वायर किलोमीटर से अधिक एरिया को कवर किया जा चुका है। अब तक 21 एचटी पावर लाइनों के 680 किलोमीटर क्षेत्र का सफल निरीक्षण किया गया है और समय रहते कई तकनीकी खामियों की पहचान कर उन्हें दूर किया गया है। किसानों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक 135 किसानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### खनन, वन, यातायात में भी होगा ड्रोन का उपयोग

**बैठक** में बताया गया कि यूएवी उड़ान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए करनाल में रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) में लगभग 243 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। राजस्व विभाग के अलावा शहरी स्थानीय निकाय, बिजली, आपदा प्रबंधन, खनन, वन, यातायात, नगर एवं ग्राम नियोजन तथा कृषि जैसे अन्य विभागों में भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे शहरी क्षेत्रों में मैपिंग, भूमि रिकॉर्ड, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं तथा विकास योजनाओं में सहायता मिल रही है। उन्होंने भविष्य की कार्य योजना साझा करते हुए बताया कि विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार ड्रोन का उपयोग कर अवैध खनन, आपदा प्रबंधन, यातायात निगरानी, और अनधिकृत निर्माण की पहचान जैसे क्षेत्रों में काम को विस्तार देने की दृश्या की योजना है।

# धामी ने बैंक की नई शाखाओं का किया वर्चुअल शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए गुप्तकाशी एवं ज्योर्तिमठ में एक्सिस बैंक की नई शाखाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने गुप्तकाशी एवं ज्योर्तिमठ में एक्सिस बैंक की नई शाखाओं के शुभारंभ पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे सीमांत क्षेत्रों में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार होगा। यह कदम वित्तीय समावेशन के साथ क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करेगा। गुप्तकाशी और ज्योर्तिमठ दोनों ही चार धाम यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। इन स्थानों पर बैंक की शाखाएं खुलने से स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालुओं को भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार, प्रदेश में सभी बैंकों के आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हर संभव मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योर्तिमठ में भारत सरकार के सहयोग से 1700 करोड़ से भी अधिक की लागत से पुर्नावास की योजना का काम गतिमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। यह संकल्प तभी पूरा होगा, जब अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जन धन योजना, मुद्रा योजना, जैसी अनेक योजनाएं से देश के प्रत्येक नागरिक को बैंकिंग सेवा से जोड़ने का काम किया है। देश में 55 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए हैं। अब इन खातों के माध्यम से किसी भी योजना के लाभार्थियों का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार वित्तीय समावेशन को सशक्त करने के लिए कार्य कर रही है। वित्तीय अनुशासन बनाने में देवभूमि उत्तराखंड दूसरे स्थान पर आया है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में हमारे प्रदेश का प्रथम स्थान आया है। राज्य सरकार का प्रयास है बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा जैसी सेवाओं हर नागरिक तक पहुंचे। राज्य सरकार ई गवर्नेंस, मोबाइल एप, डिजिटल सेवाओं को गांव गांव तक पहुंचा रही है।

## एनएचपीसी को ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स अवार्ड्स से किया सम्मानित

**राकेश, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़ ।** कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), एनएचपीसी 'एल एंड डी में गेम्स एवं सिमुलेशन के उपयोग' के लिए ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स अवार्ड्स 2025 के अंतर्गत विशेष जूरी पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

एनएचपीसी, भारत सरकार की एक नवरत्न कंपनी को 'एल एंड डी में गेम्स और सिमुलेशन के उपयोग' के लिए ईटी एचआर वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स अवार्ड्स 2025 के तहत विशेष जूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एनएचपीसी द्वारा अपने



लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) ढांचे में कार्यान्वित की गई विभिन्न पहलों और योजनाबद्ध हस्तक्षेपों का प्रमाण है। ऐसी ही एक पहल है गेम्स और सिमुलेशन का उपयोग, जो कर्मचारियों के बीच सहयोगात्मक संस्कृति, बेहतर टीम निर्माण, नवाचार के लिए जोर, चपलता और करुणा विकसित करने में एक गेम-चेंजर साबित हुआ है।

## जरूरतमंदों के लिए निशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

ट्राईसिटी की विख्यात समाजसेवी संस्था नोफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंद लोगों के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू की है। इस पहल से उन लोगों को मदद मिलेगी, जिनके पास एम्बुलेंस सेवा के लिए पैसे नहीं हैं और जिन्हें आपातकालीन चिकित्सा परिवहन की आवश्यकता होती है।



पीजीआई स्थित गुरुद्वारा प्रतख दर्शन पातशाही 6वीं में गुरुवार को नोफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट समाजसेवी संस्था ने नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की है। इससे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों को मदद मिलेगी। पंजाब के गवर्नर व चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने हरी झंडी दिखा कर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन, गुरु का लंगर आई हॉस्पिटल के संचालक एच एस सभरवाल, गुरुद्वारा गुरुद्वारा प्रतख दर्शन पातशाही 6वीं सभा के प्रधान सहित नोफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक गुरमीत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

निशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू कर संस्थान ने जनता की सेवा करने का जो संकल्प लिया है, उसे माननीय गवर्नर और चंडीगढ़ प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सराहा।

गुरमीत सिंह ने बताया कि समाजसेवा को ध्येय मानते हुए फ्री एंबुलेंस सेवा को जरूरतमंद जनता को समर्पित किया है।

गुरमीत सिंह ने बताया कि नोफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पिछले काफी लंबे समय से समाजसेवा के अनेकानेक कार्य किए जाते आ रहे हैं।

## सीएम सैनी ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरवार को पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाती राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी नहीं, बल्कि 11 वर्षों में बदलते आधुनिक भारत के विकास की कहानी है। प्रदर्शनी में देश के विकास की गाथा है, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिखा गया है। प्रदर्शनी में पिछले 11 वर्षों में हुए कार्यों को आंकड़ों के माध्यम से दर्शाया है। संकल्प से सिद्धि की थीम के तहत इस प्रदर्शनी को तैयार किया गया है।

### फडणवीस और राज ठाकरे की डेढ़ घंटे मुलाकात

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वीरवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की। ये मीटिंग मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह कार्यक्रम फडणवीस के शेड्यूल में शामिल नहीं था। अचानक हुई इस मीटिंग के बाद राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि पिछले दिनों शिवसेना और मनसे (यूबीटी) के बीच गठबंधन की जो संभावनाएं थीं, उन पर फिलहाल विराम लग सकता है। हालांकि महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और बीजेपी नेता नितेश राणे ने कहा, यह मुलाकात राजनीतिक नहीं हैं। देवेंद्र के हर व्यक्ति के साथ अच्छे संबंध हैं। (अनंत ज्ञान)



### अफगानों को पाकिस्तान छोड़ने का आदेश

**एजेंसी, तोरखम।** पाकिस्तान में रह रहे अफगानों को अचानक एक आदेश मिला। आदेश बहुत साफ और स्पष्ट था-आपको अपना सामान पैक करने और पाकिस्तान हमेशा के लिए छोड़ने के लिए सिर्फ 45 मिनट मिलेंगे। इस आदेश के बाद पाकिस्तान में रह रहे अफगानों जैसे दुनिया ही पलट गई। पाकिस्तान में रहने वाले 42 वर्षीय शेर खान ने बताया कि वह वहां एक ईंट भट्टे पर काम करता था। जब वह काम से घर लौटा, तो दरवाजे पर सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी खड़े थे। उन्हें देखकर वह सोच में पड़ गया। उसे बताया गया कि 45 मिनट में पाकिस्तान छोड़ने का आदेश है। यह सुनते ही उसकी दुनिया पलट गई। उसने और उसकी पत्नी ने अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान और कपड़े समेट लिए, बाकी सबकुछ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में अपने घर पर छोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप और एलन मस्क के बीच तकरार खत्म

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति एलन मस्क की माफी की सराहना की है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने बुधवार को एक ब्रीफिंग में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। यह भी कहा कि मस्क की कंपनियों के साथ सरकारी अनुबंधों की समीक्षा नहीं की जा रही। इससे पहले, मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मैं पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपनी कुछ पोस्ट पर खेद जताता हूं। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स ने बुधवार को बताया कि सोशल मीडिया पर माफीनामा पोस्ट करने से पहले मस्क ने ट्रंप को सोमवार को देर रात फोन किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी कुछ पोस्ट पर खेद व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

## राजा की हत्या के आरोपियों से हर एंगल से पूछताछ कर रही पुलिस

**एजेंसी, शिलॉन्ग**

राजा और सोनम केस में नए-नए मोड़ और खुलासे हो रहे है, अब आरोपी राज की दादी का बयान भी सामने आया है राज की दादी रामलली का कहना है कि उसका पौता निर्दोष है। वह ऐसा नहीं कर सकता है। उसे फंसाया गया है।

स्थानीय पुलिस भी गांव में राज के बारे में पूछताछ करने पहुंची थी। इसके अलावा इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड के मुख्य आरोपियों में शामिल राज कुशवाहा के चाचा के बयान से नया मोड़ आ गया है। चाचा भूपेंद्र ने बताया कि परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। राज की नौकरी से ही परिवार का भरण पोषण होता है। सोनम के पिता की फैक्टरी में राज नौकरी करता है। इन हालातों में सोनम और राज के बीच प्रेम प्रसंग कैसे हो सकता है? राज को सोनम किसी हालत में पसंद नहीं कर सकती। उसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी वजह से उसे फंसाया गया है। सोनम ने पहले ही तय कर लिया था कि शादी के बाद राजा को मारकर राज के साथ रहने लगेगी।

सोनम ने राज से कहा था कि जब मैं विधवा हो जाऊंगी, फिर तुम मुझसे शादी कर लेना। तब मेरे परिवार वाले भी हमारी शादी के लिए मान जाएंगे। राजा और सोनम की 11 मई को शादी हुई। दोनों के परिवार बहुत खुश थे। (अनंत ज्ञान)

### यूनुस को आतंकियों का समर्थन : हसीना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आरोप लगया है है कि अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को आतंकियों का समर्थन प्राप्त है और वह देश की संप्रभुता को खतरे में डाल रहे हैं। हसीना की तरफ से फेसबुक पर जारी किए गए बयान में कहा गया कि यूनुस के शासन में देश में अपराध और हिंसा बढ़ गई है। अब महिलाएं शहरों में सुरक्षित महसूस नहीं करतीं और त्योहारों पर लोग गांव जाने से डरते हैं। (अनंत ज्ञान)



## भारत को अमेरिका ने दिए तीन बड़े झटके, विदेश नीति पर उठे सवाल

### आसिम मुनीर को न्योता दिया, पाकिस्तान की तारीफ भी की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने वीरवार को कहा कि बुधवार को एक ही दिन में भारत की कूटनीति (डिप्लोमेसी) को अमेरिका से तीन बड़े झटके लगे हैं। इनसे भारत की विदेश नीति और भारत-अमेरिका संबंधों पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। जयराम ने कहा कि अमेरिका की सेंट्रल कमांड चीफ जनरल माइकल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ साझेदार बताया। पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर को अमेरिकी आर्मी डे के लिए न्योता दिया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने फिर से कहा कि भारत-पाक तनाव ट्रंप ने खत्म करवाया।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि ये हमारी कूटनीति के लिए बड़े झटके हैं। साथ ही चेतावनी और चुनौती भी हैं। प्रधानमंत्री जो सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी हैं, उन्हें अब सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। उन्होंने विदेश यात्राओं पर गए सांसदों से मुलाकात की है, अब विपक्षी दलों के नेताओं से भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से पाकिस्तान को इतनी अहमियत देना हमारी कूटनीति कमजोरी है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने मिडिल-ईस्ट से गैरजरूरी स्टाफ हटाया

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** ईरान पर हमले के लिए इसराइल पूरी तरह तैयार है। उसने अमेरिका को इसके बारे में बता दिया है। यह जानकारी CBS न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। अमेरिका को आशंका है कि अगर इजराइल ने हमला किया, तो ईरान बदले में इराक में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना सकता है। यही वजह है कि अमेरिका ने बुधवार को मिडिल-ईस्ट से कुछ अमेरिकी नागरिकों और अधिकारियों को निकालने का फैसला किया। अमेरिकी विदेश विभाग ने इराक में तैनात गैरजरूरी सरकारी अधिकारियों को लौटने का आदेश दे दिया है, क्योंकि वहां तनाव बहुत बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

## बंगाल हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप

### विधानसभा में हुआ हंगामा, भाजपा के सभी विधायकों ने सदन से किया वॉकआउट

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हिंसा के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। बुधवार को यहां पुलिस और असामाजिक तत्वों के बीच झड़प हुई थी। दक्षिण 24 परगना में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में हंगामा हुआ और भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया।

भाजपा विधायकों ने हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया था। स्पीकर के इनकार के बाद विधायकों ने हंगामा कर दिया और सदन से बाहर चले गए। भाजपा नेता और नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि हिंसा के दौरान शिव मंदिर में तोड़फोड़ की गई।

नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'मैंने डायमंड हार्बर के एसपी और डीजीपी से बात की है ताकि मैं और एक अन्य विधायक महेशताला जाकर उन हिंदू पीड़ित परिवारों से मिल सकें, जिन पर जिहादियों ने हमला किया और उनसे मिलकर उनके प्रति एकजुटता दिखा सकें।' (अनंत ज्ञान)

#### हिंदुओं पर अत्याचार

**शुभेंदु** अधिकारी ने कहा कि हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। महेशतला, मेटियाब्रुज, रवींद्र नगर पुलिस क्षेत्र में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हिंदुओं की दुकानों और घरों को लूटा गया। कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए। कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्हें पुलिस बलों और हिंदुओं को बचाने के लिए अर्धसैनिक बलों को तैनात करना चाहिए। ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल में आम पुलिस बल और हिंदू सुरक्षित नहीं हैं।

### मई में घटकर 2.82% रह गई रिटेल महंगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की रिटेल महंगाई मई में 2.82 प्रतिशत पर आ गई है। ये 6 साल का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2019 में ये 2.86 प्रतिशत रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है। इससे पहले अप्रैल में रिटेल महंगाई घटकर 3.16 प्रतिशत पर आई गई थी। वहीं, मार्च महीने में रिटेल महंगाई 3.34 प्रतिशत रही थी। यह महंगाई का 67 महीने का निचला स्तर था। 2 जून को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए हैं। आपको बता दें कि रिटेल महंगाई फरवरी महीने से ही भारतीय रिजर्ब बैंक के लक्ष्य 4 प्रतिशत से नीचे चल रही है। (अनंत ज्ञान)

## कनाडा पुलिस ने पकड़ी 400 करोड़ की कोकीन

**एजेंसी, टोरंटो**

कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है। TOI की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था। भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह (27) और जॉर्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

**भारतीय मूल के 7 लोगों सहित कुल 9 आरोपी अरेस्ट**

## गिरावट: सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट, सिर्फ तीन में तेजी

# सेंसेक्स 823 अंक गिरकर 81,691 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में 12 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 823 अंक की गिरावट के साथ 81,691 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 253 अंक की गिरावट रही, यह 24,888 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। एफएमसीजी, आईटी, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टाटा मोटर्स का शेयर 2.98 व एमएंडएम का शेयर 2.30 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

**निफ्टी भी 253 अंक फिसला**

### ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 0.65 प्रतिशत नीचे 38,173 पर और हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.36 प्रतिशत गिरकर 24,035 पर बंद हुआ। कोरिया का कोस्पी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 2,920 पर बंद हुआ। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट 3,402 पर फ्लैट बंद हुआ। 11 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 42,865 पर फ्लैट बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.50 प्रतिशत और एसएंडपी 0.27 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ।



### सोना 97,455 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**सोने-चांदी** के दाम में 12 जून को बढ़त रही। सोना 1,220 बढ़कर 97,455 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 96,235 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। चांदी में आज मामूली बढ़त रही। ये सिर्फ 4 रुपए बढ़कर 1,05,498 रुपए किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,05,494 रुपएप्रति किलो पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 रुपए का और सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## देश में कोरोना के 7154 मामले, 77 की गई जान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट तेजी से फैल रहा है। 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7154 पहुंच गई है। एक हफ्ते से औसतन हर दिन 400 नए केस सामने आए। हालांकि, बुधवार को केवल 33 केस दर्ज हुए हैं।

केरल में सबसे ज्यादा 2165 मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोरोना से 30 लोगों की जान गई है। नए वैरिएंट से अब तक 77 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई। महाराष्ट्र में 2, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 1-1 मरीज की मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 21 मौतें हुई हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बुधवार को कहा कि सर्दी-खांसी और गले में दर्द होने पर खुद को क्वारंटीन कर लेना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। राज्य में बढ़ते मामलों के बीच राज्य सरकार केंद्र से संपर्क में है। (अनंत ज्ञान)



**एक हफ्ते में 30 लोगों की मौत**

## स्पोर्ट्स विंडो

### सिफत कौर को महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक

**एजेंसी, म्यूनिख।** शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। क्वालीफिकेशन में सिफत ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में ब्यूनस आयर्स में हुए विश्व कप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था जिससे 2024 पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सत्र की शानदार शुरुआत हुई। फ्रांस की अगाथे सेसिल कैमिली गिरार्ड ने भी क्वालीफिकेशन में 592 अंक हासिल किए लेकिन 10 अंक के अंदरूनी हिस्से (एक्स) में अधिक निशाने के कारण शीर्ष पर रहीं। स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य भारतीयों में आशी चौकसे क्वालीफिकेशन में 589 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहीं जबकि अंजुम मौदगिल ने 586 अंक के साथ 27वां स्थान हासिल किया। श्रीयंका सदांगी 582 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहीं और निश्चल 60वें स्थान पर रहीं।(अनंत ज्ञान)



### क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल वाशिंगटन फ्रीडम के कप्तान नियुक्त

**एजेंसी, दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने कुछ दिन पहले ही वनडे प्रारूप से संन्यास का ऐलान किया था, लेकिन वो टी20 प्रारूप में खेल रहे हैं। अब उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के तीसरे सीजन में वाशिंगटन फ्रीडम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इससे पहले उनके साथी खिलाड़ी स्टीव स्मिथ इस टीम के कप्तान थे, लेकिन अब मैक्सवेल को कप्तान बनाया गया है। वहीं स्टीव स्मिथ ने पिछले सीजन में इस टीम की कप्तानी की थी और उन्हें पूरी तरह के कप्तान से नहीं हटाया गया है। फ्रेंचाइजी की तरफ से कहा गया है कि स्मिथ इस सीजन में सिर्फ 2 मैचों के लिए ही उपलब्ध हो पाएंगे और उन मेचों में वही टीम की कप्तानी करेंगे। जिन मैचों में वो नहीं होंगे मैक्सवेल ये जिम्मेदारी निभाएंगे। वाशिंगटन फ्रीडम मेजर क्रिकेट लीग के इस सीजन में अपना पहला मैच 12 जून को कैलिफोर्निया के ओकलैंड कोलिजीयम में कोरी एंडरसन की अगुवाई वाली सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ खेलेगा। स्टीव स्मिथ लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल के कारण टूर्नामेंट की शुरुआत मैचों से चूक जाएंगे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा। स्मिथ इन दो असाइनमेंट के बीच थोड़े समय के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### फैशन मॉडल से कम नहीं निकोलस की पत्नी

**निकोलस** पूरन और कैथरीना मिगुएल की प्रेम कहानी काफी फिल्मी होने के साथ-साथ काफी प्रेरणादायक भी है। पूरन और कैथरीना एक-दूसरे को बचपन से जानते हैं, लेकिन उन्होंने 2014 में ही एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था।



### शनिवार को होगी बीसीसीआई की बैठक आईपीएल जश्न के नियमों पर होगी चर्चा

**एजेंसी, दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की 28वीं शीर्ष परिषद की बैठक शनिवार को होने जा रही है, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हे बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई दुखद भगदड़ के बाद आईपीएल जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करना। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई थी और 56 लोग घायल हो गए थे। पिछले बुधवार को जब करीब ढाई लाख प्रशंसक अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम और इसके आसपास के इलाकों में जमा हुए, तो भगदड़ मच गई। इस त्रासदी ने हर किसी का दिल दहला दिया। बीसीसीआई ने माना कि जश्न को बेहतर तरीके से नियोजित किया जा सकता था। अब इस मुद्दे पर औपचारिक रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं बैठक में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी क्रिकेट सीरीज के लिए मैदानों के चयन पर भी बात होगी। इसके अलावा, बीसीसीआई का आयु सत्यापन कार्यक्रम भी चर्चा का विषय रहेगा। यह कार्यक्रम खास तौर पर अंडर-16 (लड़के) और अंडर-15 (लड़कियां) आयु वर्ग के क्रिकेट में उम्र से संबंधित धोखाधड़ी को रोकने के लिए बनाया गया है। इस कार्यक्रम की समीक्षा कर इसे और मजबूत करने पर विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**टेस्ट मैच** | मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी भारतीय टीम प्रबंधन की नजर

# कुलदीप और जडेजा के प्रदर्शन पर रहेगी निगाह

**एजेंसी, बेकेनहैम ( केंट )**



इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

> इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले होगा एक अभ्यास मैच

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है।

इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।

इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा।

इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों। हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी।

जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है, लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी।

कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा। (अनंत ज्ञान)

### बुमराह को अपनी फिटनेस को परखने का मिलेगा मौका

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।



## केलेची एजीही ने 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकार्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।



एजीही ने इसके बाद पूरी प्रतिबद्धता दिखाई तथा बारिश, थकान और पैरों में दर्द के बावजूद हार नहीं मानी और आखिर में ब्रिटेन के आइजैक रोलैंड्स को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने कहा, ''मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मैं विश्व चैंपियन हूं। यह एक ऐसा अवसर है जो बहुत से लोगों को नहीं मिलता। अपने दोस्तों, टॉर्च और अंधेरे में चमकने वाली गोल्फ गेंदों के साथ 27 वर्षीय एजीही ने रविवार को शाम लगभग 6:30 बजे हंटिंगटन क्रीसेंट क्लब में खेलना शुरू किया और मंगलवार सुबह 5:30 बजे के बाद अपना अंतिम पुट लगाया। उन्होंने कुल 126 होल खेले।

उन्होंने बताया कि उनके दोस्तों ने पूरे खेल का वीडियो बनाया और अन्य लोगों ने गवाह के तौर पर काम किया ताकि इसे गिनीज रिकॉर्ड की मंजूरी मिल सके। गिनीज के नियमों के तहत उन्हें हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक दिया गया। यही नहीं उन्होंने नियमों का पालन करते हुए हर राउंड के आखिर में 20 मिनट का ब्रेक भी लिया।

लंदन स्थित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रवक्ता काइली गैलोवे ने कहा कि संस्था के विशेषज्ञों को सबूतों की समीक्षा करने और यह घोषित करने में 12 से 15 सप्ताह लगते हैं कि कोई रिकॉर्ड बनाया गया है या नहीं। (अनंत ज्ञान)

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप के लिए इंटर मियामी की टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंटर मियामी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी इस टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ उनके पुराने साथियों लुइस सुआरेज और सर्जियो बस्केट्स को भी स्क्वाड में शामिल किया गया है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 इस बार बदले हुए फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट अमेरिका में 14 जून से 13 जुलाई के बीच खेला जाएगा।

अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप से पहले यह टूर्नामेंट एक तरह से अभ्यास और माहौल परखने का अवसर भी होगा।( अनंत ज्ञान)



मेसी संभालेंगे कमान

### इंटर मियामी की टीम

**गोलकीपर :** ड्रेक कैलेंडर, रोको रियोस नोवो, ऑस्कर उस्तारी, विलियम यारब्रू।
**डिफेंडर :** जोरदी आल्बा, नोआ एलन, टॉमस अविलेस, इस्राएल बोटराइट, मैक्सीमिलियानो फाल्कोन, इयान फ्रे, गोंजालो लुहान, टायलर हॉल, डेविड मार्टिनेज, रयान सेलर, मार्सेलो वेगांट।
**मिडफील्डर :** यैनिक ब्राइट, सर्जियो बस्केट्स, बेनजामिन क्रेमास्की, सैंटियागो मोरालेस, फेडरिको रेडोंडो, बाल्तासार रोड्रिगेज, डेविड रूइज़, टेलास्को सेगोविया।
**फॉरवर्ड :** लियो अफोंसो, तादेओ एलेंदे, लियोनेल मेसी, एलेन ओबांडो, फाफा पिकॉल्ट, लुइस सुआरेज़।

## पहली रग्बी प्रीमियर लीग 15 जून से मुंबई में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा।

भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी।



> भारत में पहली बार आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता
> मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा लीग का आयोजन

इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं। पारंपरिक प्रारूप में एक टीम में 15 खिलाड़ी होते हैं तथा 20-20 मिनट के दो हाफ खेले जाते हैं।

हालांकि आरपीएल में टीवी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए इसे चार मिनट के चार क्वार्टर का कर दिया गया है तथा प्रत्येक क्वार्टर के बीच दो मिनट का ब्रेक होगा।

त्रिवेदी ने कहा, ''यह एक छोटा प्रारूप है और हमें लगता है कि यह बहुत अच्छी तरह से काम करता है क्योंकि दर्शक छोटे प्रारूप को देखना पसंद करते हैं।( अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करे : गंभीर

**एजेंसी, बेकेनहैम ( इंग्लैंड )**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कंफर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी। गंभीर ने 'बीसीसीआई टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, ''इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं।



एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है।'' भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं।''

गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। भारतीय कोच ने कहा, ''पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया जाना हमेशा खास होता है इसलिए मैं साई का स्वागत करना चाहता हूं जिनके लिए बल्ले से तीन महीने शानदार रहे हैं और सुनिश्चित कीजिए कि आपका लाल गेंद का करियर बेहद सफल हो।'' गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं अर्शदीप सिंह का स्वागत करना चाहता हूं। आपने सफेद गेंद से शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि आप लाल गेंद से भी अपना जलवा बिखेरेंगे।'' इस 43 वर्षीय कोच ने इसके बाद गिल और उपकप्तान ऋषभ पंत की पीठ भी थपथपाई। (अनंत ज्ञान)

## लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच का इस्तीफा

**एजेंसी, वारसॉ।** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मिशाल प्रोबिएर्ज़ ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला तब आया जब टीम के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने यह साफ कर दिया कि वह अब उनके नेतृत्व में टीम के लिए नहीं खेलेंगे।



36 वर्षीय लेवांडोव्स्की, जो वर्तमान में बार्सिलोना क्लब से जुड़े हैं, ने हाल ही में आरोप लगाया था कि उनके साथ विश्वासघात हुआ है। उन्होंने कहा कि कप्तानी छीने जाने की सूचना उन्हें एक संक्षिप्त फोन कॉल के जरिए दी गई थी, जब वह अपने बच्चों को सुला रहे थे। इसके बाद जल्द ही यह खबर पोलैंड फुटबॉल संघ की वेबसाइट पर जारी कर दी गई। प्रोबिएर्ज ने लेवांडोव्स्की को हटाकर मिडफील्डर पियोटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। प्रोबिएर्ज ने कहा, 'मुझे लगता है कि मौजूदा हालात को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में मेरा इस्तीफा देना ही सबसे बेहतर फैसला होगा। इस पद पर काम करना मेरे करियर का सबसे बड़ा सपना और सम्मान था।' मिशाल प्रोबिएर्ज़ की कोच के रूप में आखिरी मैच फिनलैंड के खिलाफ था, जिसमें पोलैंड को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

## भारत की अच्छी तैयारी, लेकिन हम जानते हैं हमें कहां पहुंचना है : मैकुलम

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, ''वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।'' इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि



खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है।'' इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है।

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, ''हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है।'' उन्होंने कहा, ''स्पिन विभाग में हमारे पास शोएब बशीर हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार अपने खेल में सुधार कर रहे हैं। हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ हमारी परीक्षा होगी और वे पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे।'' भारत अनुभवी विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के बिना एक नए युग की शुरुआत करेगा। यह तीनों खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। भारतीय टीम की अगुआई शुभमन गिल करेंगे और इसमें साई सुदर्शन और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं।

इंग्लैंड ने ऑलराउंडर जैकब बेथेल को फिर से टीम में शामिल किया है और मैकुलम ने इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''बेथेल के सामने अभी लंबा करियर है। वह अभी केवल 21 साल का है और उसके पास अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका है। वह ड्रेसिंग रूम में पहले ही अपनी पैठ बना चुका है।'' मैकुलम ने जेमी स्मिथ और बेन डकेट का भी विशेष उल्लेख किया। (अनंत ज्ञान)

**मौका** | बीसीसीआई ने कहा-20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर शुचि को लगी चोट


# इंग्लैंड दौरे की भारतीय महिला टीम में राधा को मिली जगह

**एजेंसी, मुंबई**

बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में बताया कि 20 वर्षीय वामहस्त स्पिनर शुचि को बायीं पिंडली में चोट लगी है। शुचि ने पिछले महीने श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान वनडे में पदार्पण किया था। बीसीसीआई ने कहा, ''महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव को शामिल किया है।''

> महिला टीम का दौरा 28 से नॉटिंघम में टी-20 मैच से होगा शुरू



उन्होंने बताया, '' शुचि को बायीं पिंडली में चोट लगने के कारण दौरे से बाहर होना पड़ा। इस चोट का पता बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरा पूर्व शिविर के दौरान चला।''

महिला टीम का दौरा 28 जून को नॉटिंघम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 मैच चार जुलाई को ओवल में, चौथा मैच नौ जुलाई को मैनचेस्टर में और पांचवां मैच 12 जुलाई को बर्मिंघम में होगा।

तीन वनडे मैच क्रमश: 16, 19 और 22 जुलाई को साउथम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### भारत की टी20 टीम

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

### भारत की वनडे टीम

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव।

## भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर करुण नायर ने कहा-बहुत खास है यह मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय बल्लेबाज करुण नायर की टीम इंडिया में टेस्ट क्रिकेट में वापसी हुई है। नायर ने आखिरी बार भारत के लिए मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। 2016 में चेन्नई टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक लगाने वाले नायर का फॉर्म बाद में गिर गया और उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई थी।

अब नायर को एक बार फिर मौका मिला है और उन्होंने बीसीसीआई के एक्स हैंडल पर जारी एक वीडियो में अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, 'बहुत खास महसूस हो रहा है। इस मौके को फिर से पाने के लिए मैं आभारी और सौभाग्यशाली हूं। अब इसे दोनों हाथों से लपकने की कोशिश करूंगा। इस समय जो भावनाएं हैं, उन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। यह बहुत खास एहसास है। टीम के सीनियर खिलाड़ी केएल राहुल ने भी करुण की वापसी पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, 'मैं नायर को बहुत समय से जानता हूं।

मैंने उसे यूके में काउंटी क्रिकेट खेलते हुए देखा है, जहां उसने कड़ी मेहनत की और अकेले संघर्ष किया। उसका टीम में लौटना न केवल उसके लिए, बल्कि उसके परिवार और हम दोस्तों के लिए भी बेहद खास है। उसका अनुभव और सीखना निश्चित रूप से टेस्ट मैचों में टीम के काम आएगा।

नायर ने 2023 और 2024 में इंग्लैंड की काउंटी टीम नॉर्थैम्पटनशायर का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने 10 मैचों की 14 पारियों में 56.61 की औसत से 736 रन बनाए। इसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 202 रन नाबाद रहा। (अनंत ज्ञान)